वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2014-15

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण

PENSION FUND REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2014-15

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण
PENSION FUND REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY
प्रथम तल, आईसीएडीआर बिल्डिंग, प्लाट नं. 6, वसंत कुंज इंस्टीट्यूशनल एरिया,
FIRST FLOOR, ICADR BUILDING, PLOT NO. 6, VASANT KUNJ INSTITUTIONAL AREA,
फेस–II, नई दिल्ली–110070
PHASE - II, NEW DELHI - 110070
फोन / Tel. : +91–11–26897948 / 49, फैक्स / Fax : +91–11–26897938 www.pfrda.org.in

सत्यमेव जयते

हेमंत जी. कांट्रेक्टर
अध्यक्ष
Hemant G. Contractor
CHAIRMAN

पेंशन निधि विनियामक और
विकास प्राधिकरण
प्रथम तल आईसीएडीआर भवन, प्लॉट न. 6,
वसंत कुंज इन्स्टिट्यूशनल एरिया,
फेज -II, नई दिल्ली - 110070
दूरभाष : 91-11-26897937
फैक्स : 91-11-26897938
ई-मेल : chairman@pfrda.org.in
www.pfrda.org.in

PENSION FUND REGULATORY
AND DEVELOPMENT AUTHORITY
1st Floor, ICADR Building, Plot No. 6,
Vasant Kunj Institutional Area,
Phase - II, New Delhi - 110070
Tel : 91-11-26897937
Fax : 91-11-26897938
E-mail : chairman@pfrda.org.in
www.pfrda.org.in

प्रेषण--पत्र

संदर्भः फाइल संख्या. पीएफआरडीए/11/87/3 3 दिसम्बर, 2015

सचिव (वित्तीय सेवाएं)
वित्तीय सेवाएं विभाग
वित्त मंत्रालय
भारत सरकार,
नई दिल्ली – 110001

महोदया,

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण के अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 46 (2) के प्रावधान के अनुसार, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण के 31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट आपको प्रेषित करते हुए मुझे अति प्रसंनता हो रही है।

भवदीय
हेमंत जी कांट्रेक्टर
(हेमंत जी कांट्रेक्टर)

विषय–सूची

		पृष्ठ संख्या
प्रेषण पत्र		
परिकल्पना एवं उद्देश्य		(i)
अध्यक्ष का संदेश		(iii)
संक्षिप्तियां		(v)
1	नीतियां और कार्यक्रम	1
1.1	सामान्य आर्थिक परिवेश की समीक्षा	1
1.2	वित्तीय बाजारों का प्रदर्शन	3
1.3	ओईसीडी देशों में पेंशन प्रणालियां	7
1.4	भारत में पेंशन सेक्टर	13
1.5	एनपीएस से संबंधित मध्यवर्तियां और संस्थाएं	19
1.6	वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का प्रदर्शन	20
1.7	अटल पेंशन योजना	25
1.8	अधिनियम के अंतर्गत शामिल राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अन्य पेंशन योजनाओं के कामकाज से संबंधित नीतियां एवं कार्यक्रम	25
2	एनपीएस के अंतर्गत निधियों का निवेश	27
2.1	योजनाएं	27
2.2	निवेश संबंधी दिशानिर्देश	27
2.3	निवेश की विभिन्न श्रेणियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अन्य योजनाओं का प्रकटीकरण	28
3	प्राधिकरण के संवैधानिक कार्य	31
3.1	मध्यवर्त्तियों का विनियमन	31
3.2	पेंशन योजनाओं का पंजीकरण और विनियमन	32
3.3	अभिदाताओं के निकास संबंधी रिपोर्ट	32
3.4	अभिदाताओं की सुरक्षा संबंधी गतिविधियां	34
3.5	अभिदाताओं की शिकायतों के निवारण के लिए तंत्र	34
3.6	पेंशन प्रणाली से जुड़े व्यवसायिक सगंठनों को बढ़ावा	35
3.7	आंकड़ों का संकलन, अध्ययन, शोध और परियोजनाओं की शुरूआत	35
3.8	अभिदाताओं और आम जनता को शिक्षित करना	35
3.9	सूचना के प्रसार का मानकीकरण	36
3.10	विनियमित आस्तियों का विनियमन	37

पृष्ठ संख्या

3.11	अधिनियम के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए लगाये जाने वाले शुल्क एवं अन्य प्रभार	37
3.12	निरीक्षण, पुछताछ एवं जांच	39
3.13	अन्य कार्य	39
3.13.1	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत विस्तार	39
3.13.2	उपस्थिति अस्तित्व (पीओपी)	45
3.13.3	प्रबंधन के अधीन आस्तियां–योजनावार	45
3.13.4	केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण	45
3.13.5	पेंशन निधियां	48
3.13.6	न्यासी बैंक	49
3.13.7	एनपीएस अभिरक्षक	51
3.13.8	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास (एनपीए न्यास)	51
3.13.9	एग्रीगेटर सहित अन्य मध्यवर्ती संस्थाए	52
4.	पीएफआरडीए द्वारा की जाने वाली अन्य गतिविधियां	53
4.1	पेंशन सलाहकार समिति	53
4.2	विनियम निर्माण और संशोधन	53
4.3	एनपीएस और अन्य पेंशन योजनाओं से संबंधित अन्य गतिविधियां	53
5.	संगठनात्मक विषय	55
5.1	पीएफआरडीए बोर्ड का गठन	55
5.2	प्राधिकरण की बैठकें	55
5.3	सूचना तकनीक	55
5.4	कार्यालयी भाषा का प्रचार–प्रसार	56
5.5	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005	56
5.6	आपदा प्रबंधन योजना	57
5.7	पीएफआरडीए में कर्मचारियों की संख्या	57
5.8	विभागों का पुनर्गठन	57
5.9	पीएफआरडीए में ओबीसी/एससी/एसटी प्रकोष्ठ का गठन	58
5.10	कार्यस्थल पर यौन–शोषण के रोकथाम के लिए समिति	58
5.11	पीएफआरडीए का लेखा	58

पृष्ठ संख्या

6	पेंशनधारकों के हितों को प्रभावित करने वाले कोई अन्य संवेदनशील क्षेत्र	59
6.1	एनपीएस की ईईटी स्थिति	59
6.2	निधि प्रबंधको तथा निवेश वर्गों का विकल्प	59
6.3	एनपीएस के अंतर्गत वार्षिकी खरीदने पर सेवा कर	59
7	पीएफआरडीए द्वारा किए गए प्रयास	60
7.1	विज्ञापन एवं प्रचार–प्रसार	61

सारणी की सूची

सारणी 1.1 वास्तविक जीडीपी वृद्धि (वर्ष–दर–वर्ष, प्रतिशत) 1

सारणी 1.2 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली – वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान प्रदर्शन 20

सारणी 1.3 विभिन्न सेक्टरों में एनपीएस अभिदाताओं की लिंग वार संख्या 24

सारणी 1.4 विभिन्न सेक्टरों में आयु समूह वार एनपीएस अभिदाता 24

सारणी 1.5 एनपीएस योजनाओं के लिए संशोधित निवेश संबंधी दिशा निर्देश 26

सारणी 2.1 विभिन्न वित्तीय साधनों में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और एनपीएस लाईट योजनाओं के लिए निवेश संबंधी प्रकटीकरण सीमाए 27

सारणी 2.2 जीवनचक्र निधि का निवेश संबंधी प्रारूप (डिफॉल्ट विकल्प) 28

सारणी 2.3 विभिन्न साधनों मे एनपीए का प्रकटीकरण 28

सारणी 2.4 31 मार्च, 2015 को विभिन्न पेंशन निधियों की योजनाओं का राष्ट्रीय प्रतिलाभ 30

सारणी 3.1 31 मार्च, 2015 को एनपीएस से सेक्टरवार प्रत्याहरण 33

सारणी 3.2 2014–15 के दौरान शिकायतों की स्थिति 35

सारणी 3.3 वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएं 36

सारणी 3.4 एनपीएस मध्यवर्तियों के प्रभार एवं शुल्क 38

सारणी 3.5 एनपीएस के तहत् सीएबी का विवरण 40

सारणी 3.6 एनपीएस के तहत एसएबी का विवरण 40

सारणी 3.7 स्वावलम्बन के अंतर्गत योग्य अभिदाताओं की वर्षवार संख्या 44

सारणी 3.8 31 मार्च, 2015 को पेंशन निधियों की योजनावार एयूएम 45

सारणी 3.9 न्यासी बैंक के मुख्य गतिविधियां 50

सारणी 3.10 31 मार्च, 2015 को एनपीएस न्यास के बोर्ड का गठन 51

पृष्ठ संख्या

तालिकाओं की सूची

तालिका 1.1: 10 वर्ष सरकारी सेक्टर प्रतिलाभ (प्रतिशत) 4

तालिका 1.2: मासिक औसत बीएसई सूचकांक और एफआईआई निवल मासिक अंतर्वाह 5

तालिका 1.3: 2013 में चुनिंदा गैर–ओईसीडी देशों में अर्थव्यवस्था की आकार से संबंधित पेंशन निधियों का महत्व 10

तालिका 1.4: 2013 में चुनिंदा गैर–ओईसीडी देशों में चुनिंदा निवेश श्रेणियों के लिए पेंशन निधि आस्ति आबंटन 12

तालिका 1.5: एनपीएस संरचना और मध्यर्त्ती 19

तालिका 1.6: एनपीएस के अंतर्गत अभिदाताओं की वर्षवार संख्या 21

तालिका 1.7: एनपीएस के अंतर्गत वर्षवार एयूएम 22

तालिका 1.8: वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान एनपीएस में अभिदाताओं की मासिकवार संख्या 22

तालिका 1.9: वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान एनपीएस में मासिकवार एयूएम और अंशदान 23

तालिका 1.10: वर्ष 2014–15 के दौरान मासिक वार अंशदान में वृद्धि 24

तालिका 2.1: 31 मार्च 2015 को एनपीएस आस्तियों का वर्गीकरण 29

तालिका 3.1: एनपीएस के अंतर्गत कॉरपोरेट की संख्या 41

तालिका 3.2: कॉरपोरेट सेक्टर के अंतर्गत एयूएम 42

तालिका 3.3: कॉरपोरेट सेक्टर के अंतर्गत अभिदाताओं की संख्या 42

तालिका 3.4: सर्व नागरिक मॉडल के अंतर्गत अभिदाताओं की संख्या 43

तालिका 3.5: सर्व नागरिक मॉडल के अंतर्गत एयूएम 43

तालिका 3.6: वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए स्वावलम्बन योग्य अभिदाताओं का लिंगवार विश्लेषण 44

तालिका 3.7: वर्ष 2014–15 के लिए स्वावलम्बन अभिदाताओं का आयुवार विश्लेषण 44

तालिका 4.1: संगठन तालिका 57

अनुलग्नक

अनुलग्नक I: पेंशन सलाहकार समिति (पीएसी) का गठन और पीएसी बैठकों के दौरान विचारित मुद्दे 63

अनुलग्नक II: एनपीएस के अंतर्गत मध्यवर्तियां 65

अनुलग्नक III: पीओपी की सूची 66

अनुलग्नक IV: संकलनकर्ताओं की सूची 68

अनुलग्नक V: पेंशन निधियों की सूची 71

अनुलग्नक VI: 31 मार्च, 2015 को पीएफआरडीए का तुलन पत्र 72

परिकल्पना

नागरिकों की वृद्धावस्था आय की दीर्घकालिक आधार पर पूर्ति हेतु व्यवस्थित पेंशन प्रणाली के संवर्धन एवं विकास के लिए एक आदर्श विनियामक की भूमिका अदा करना।

उद्देश्य

पेंशन प्रणाली और अभिदाताओं के सर्वश्रेष्ठ हितों के अनुरूप सभी नागरिकों के लिए पेंशन उद्योग के विवेकपूर्ण विनियमन एवं विकसित निर्देशों द्वारा ऐसी पेंशन प्रणाली को स्थापित एवं विकसित करना जो संस्थागत निर्माण एवं क्षमता विकास पर केन्द्रित हो और सभी हितधारकों और बाजार प्रतिभागियों के लिए उत्पादों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों में नये अन्वेषण के लिए समर्थकारी रूपरेखा उपलब्ध कराना।

अध्यक्ष का संदेश

पीएफआरडीए की दूसरी वार्षिक रिपोर्ट – वित्तीय वर्ष 2014–15 को पेश करते हुए मुझे बेहद प्रसन्नता हो रही है।

पेंशन निधि विनियमाक और विकास प्राधिकरण अधिनियम (पीएफआरडीए), 2013, पीएफआरडीए को सभी नागरिकों की वृद्धावस्था आय आवश्यक्ताओं की दीर्घकालिक आधार पूर्ति करने हेतु भारत में संगठित और क्रमबद्ध पेंशन प्रणाली को विकसित और प्रसारित करने का अधिकार प्रदान करता है। 1 फरवरी 2014 को अधिसूचित किये जाने के बाद पीएफआरडीए ने एक वर्ष पूरा कर लिया है।

2004 में एनपीएस की शुरूआत ने परिभाषित लाभ से परिभाषित अंशदान पेंशन प्रणाली में स्थानांतरित होकर, दीर्घकालिक पेंशन प्रणाली के विकास और वित्तीय समझदारी की दिशा में एक प्रतिमान स्थापित किया जिसके माध्यम से न केवल परिभाषित लाभ पेंशन के वित्तीय भार को कम किया जा सकता है बल्कि भारत के बड़े सेक्टर को परिभाषित अंशदान पेंशन प्रणाली के अंतर्गत लाया जा सकता है। एनपीएस के अंतर्गत, निजी सेक्टर और असंगठित सेक्टर से स्वैच्छिक प्रतिभागिता प्राप्त करने और सरकारी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से शामिल करने के उद्देश्य के साथ आधुनिक तकनीक पर आधारित एक स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (प्रान) की परिकल्पना की गई है। वृद्ध जनसंख्या को पेंशन वायदों की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त प्रतिलाभों की प्राप्ति की आशा से अंशदानों का संचयन और उन्हें निवेशित किया जाता है। यह पेंशन निधियां सरकारी वित्त पर बोझ कम करते हैं और दीर्घ कालिक निधियों की उपलब्धता बढ़ाने और प्रतिस्पर्धा में वृद्धि करने, वित्तीय नवाचार प्रेरित करने, कॉरपोरेट प्रशासन को सुधारने के साथ वित्तीय बाजारों के विकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

पीएफआरडीए, एनपीएस की खुली संरचना के माध्यम से आवृति और अंशदान राशि में लचीलेपन और पीएफएम, निवेश मिश्रण और विभिन्न वार्षिकियों के साथ–साथ वार्षिकी सेवा प्रदाताओं के चुनाव विकल्प के साथ रोजगार एवं स्थान में परिवर्तन पर संवहनीय, तकनीकी रूप से समर्थ, कम लागत पेंशन उत्पाद के लिए एक मंच उपलब्ध कराता है।

मार्च अंत 2015 तक एनपीएस के कुल अभिदाताओं की कुल संख्या 34.47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करती हुई 8.7 मिलियन पहुंच गई। अभिदाताओं की संख्या में अधिकांश वृद्धि असंगठित क्षेत्र में देखी गई। सभी सेक्टरों के मध्य अंशदान रूपये 637 बिलियन और प्रबंधन के अधीन आस्ति 68 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती हुई रूपये 808 बिलियन पहुचं गई। भारित संघटित वार्षिक वृद्धि दर पर आधारित प्राप्त योजना प्रतिलाभ की एनएवी योजना से गणना की गई जो केन्द्रीय सरकारी योजना के लिए 10. 46 प्रतिशत, राज्य सरकारी योजना के लिए 10.37 प्रतिशत एनपीएस लाइट योजना के लिए 11.78 प्रतिशत, कॉरपोरेट सीजी योजना के लिए 11.58 प्रतिशत, योजना–ई के लिए 13.04 प्रतिशत, योजना–सी के लिए 11.53 प्रतिशत और योजना–जी के लिए 10.18 प्रतिशत रही।

अभिदाताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए एनपीएस के अंतर्गत अभिदाताओं के अंशदानों का संकलन और प्रेषण, अभिलेखपालन, निधि प्रबंधन और अन्य संबंधित कार्यों में आलिप्त सभी मध्यवर्तियों के लिए पंजीकरण, जांच, संपरीक्षा, फीस और शिकायत प्रबंधन का प्रशासन करने के लिए एक संवैधानिक संस्था होने के कारण पीफआरडीए ने विनियमों को अधिसूचित किया है। तीव्र पंजीकरण हेतु ई–प्रान लाइब्रेरी, शामिल होने, निकास/प्रत्याहरण, अभिदाता विवरण में परिवर्तन की ऑन लाइन सुविधा जैसे नये कदम उठाये गये हैं।

जागरूकता फैलाने की दृष्टि से, पीएफआरडीए द्वारा पणधारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालओं तथा अधिभावी अभिदाताओं के मध्य एनपीएस और एपीवाई की परिधि का विस्तार करने के लिए जागरूकता अभियानों का आयोजन किया गया। नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में अंशदान करने पर अनुच्छेद 80 सीसीडी (1 ख) के अंन्तर्गत रूपये 50,000 की अतिरिक्त आयकर छूट की घोषणा, नागरिकों के लिए एक अच्छा कदम है।

वर्ष 2015–16 के बजटीय भाषण में असंगठित क्षेत्र के सभी नागरिकों को ध्यान में रखते हुए वित्त मंत्री द्वारा अटल पेंशन योजना (एपीवाई) की घोषणा और 1 जून 2015 को इसकी औपचारिक शुरूआत का लोगों ने स्वागत किया है। यह योजना

नामिति को निधि वापसी के साथ लाभार्थियों और उसके पति/पत्नी को न्यूनतम गारंटीयुक्त पेंशन लाभ उपलब्ध कराती है। 5 वर्षों के लिए सरकारी सह–अंशदान का लाभ उन लाभार्थियों के लिए उपलब्ध है, जो आयकर प्रदाता नहीं है और किसी अन्य संवैधानिक पेंशन योजना में शामिल नहीं हैं।

वृद्धावस्था, आज सभी समाजों को प्रभावित करती है और वृद्ध लोगों द्वारा झेले जाने वाली चुनौतियों से संबंधितं चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। अंशदान पेंशन के समरूपी प्रावधानों के बिना वृद्ध लोगों की बढ़ती संख्या के चलते कई बार स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत सरंचना विकास इत्यादि अन्य सार्वजनिक कार्यो और सेवाओं पर किये जाने वाले खर्च के बजाये गैर–अंशदायी वृद्धावस्था सामाजिक पेंशन पर सरकार द्वारा किये जाने वाले खर्च में बढ़ोतरी का कारण बनती है। इसके परिणामस्वरूप हुए वित्तीय दवाब को हल करने में असफल रहने पर गंभीर समष्टि अर्थव्यवस्था और सरंचनात्मक विध्वंस हो सकता है।

एनपीएस में देश के पेंशन परिदृश्य को बदलने का सामर्थ्य है। निधियों में वृद्धि और विवेकपूर्ण निवेश नियमों के द्वारा वित्तीय बाजारों के विकास और अर्थव्यवस्था के संचालन के लिए पूंजी उपलब्ध कराने के साथ साथ बड़ी संख्या में लोगों को वृद्धावस्था आय सुरक्षा उपलब्ध कराने की उम्मीद की जा सकती है।

अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए भारतीय जनसंख्या के उस भाग को ,जो अभी तक योजना में शामिल नहीं है, उसकी महत्वता तथा विखंडित और विविध पेंशन सेक्टरों की चुनौतियों को हल करने की आवश्यकता है और मै यह जोर देकर कहना चाहता हूँ कि पीएफआरडीए, अभिदाताओं और पेंशन प्रणाली के सर्वोत्तम हित में, सभी पणधारियों और बाजार प्रतिभागियों के मध्य उत्पादों, योजनाओं और कार्यक्रमों में नवाचार के लिए संस्था निर्माण, क्षमता विकास और रूपरेखा निर्माण को ध्यान में रखते हुए निर्देशित विकास और विवेकपूर्ण विनियमन के माध्यम से सभी नागरिकों के लिए पेंशन प्रणाली की स्थापना और प्रचार के लिए प्रतिबद्ध है। हमें पूर्ण विश्वास है कि अधिनियम के आदेशानुसार भारत के सभी नागरिकों को वृद्धावस्था आयु सुरक्षा उपलब्ध कराने के इस महत्वपूर्ण और अनूठे प्रयास में पीएफआरडीए को इसके सभी पणधारियों का सहयोग और समर्थन प्राप्त होगा।

हेमंत जी कांट्रेक्टर

संक्षिप्तियां

एयूएम	प्रबंधन के अधीन आस्तियां
सीएबी	केन्द्रीय स्वशासी निकाय
सीएडी	चालू खाता घाटा
सीएजीआर	मिश्रित वार्षिक विकास दर
सीजी	केन्द्रीय सरकार
सीजीएमएस	केन्द्रीय शिकायत निगरानी प्रणाली
सीपीआई	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
सीआरआर	नगद आरक्षी अनुपात
सीएसपी	नागरिक सेवा पेंशन
ईएमडीई	उभरते बाजार एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाएं
ईपीई	कर्मचारी भविष्य निधि
एफआईआई	वित्तीय संस्थागत निवेशक
एफवाई	वित्तीय वर्ष
जीडीपी	सकल घरेलु उत्पाद
जीआरसी	शिकायत निवारण प्रकोष्ठ
केवाईसी	अपने ग्राहक को जानें
एलएएफ	तरलता समायोजन सुविधा
एमएसएफ	मार्जिनल स्टैडिंग फैसिलिटी
एनएवी	निवल आस्ति मूल्य
एनपीएस	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली
ओईसीडी	आर्थिक विकास एवं सहयोग संगठन
ओएमओ	खुला बाज़ार गतिविधियां
पीएओ	वेतन एवं लेखा कार्यालय
पीआरएओ	मुख्य लेखा अधिकारी
एसएबी	राज्य स्वशासी निकाय
एसईपीएफ	अभिदाता शिक्षा एवं संरक्षा निधि
एसजी	राज्य सरकार
यूएनएफपीए	संयुक्त राष्ट्र जनसंख्यां निधि
डब्लूपीआई	थोक मूल्य सूचकांक

अध्याय–1

नीतियां और कार्यक्रम

1.1 सामान्य आर्थिक परिवेश की समीक्षा और वित्तीय बाजारों का प्रदर्शन

विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, विकासशील अर्थव्यवस्थाओं और उभरते बाजारों में मंदी और पिछले वर्ष की तुलना में अग्रिम अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि के चलते वर्ष 2014 में वैश्विक वृद्धि दर 3.4 प्रतिशत रही। मंदी के बावजूद, 2014 की वैश्विक वृद्धि में विकासशील अर्थव्यवस्थाओं और उभरते बाजारों की भागीदारी तीन चौथाई प्रतिशत रही है।

श्रम और हाउसिंग बाजार की परिस्थितियों में सुधार के कारण अमेरिका की वृद्धि स्थिर रही। युरोप क्षेत्र में बैंक ऋणों में वृद्धि के साथ–साथ कच्चे तेल की कम कीमतों और यूरो के मूल्य में गिरावट के कारण आर्थिक परिस्थितियां कमजोर बनी रही। जापान में 2014 की अंतिम तिमाही में गतिविधियों का संकुचन धीमा रहा, 2015 की शुरूआत में उच्च आवृति आकंड़े से प्राप्त मिले–जुले संकेतों के बीच उपभोक्ता विश्वास और निर्यात में सुधार दिखाई दिया, लेकिन औद्योगिक उत्पादन और खुदरा व्यापार संकुचित रहा।

बाहरी मांग में कमी, राजनैतिक अस्थिरता और घरेलु मांग के दबाव के चलते अधिकांश उभरती अर्थव्यवस्थाओं की गति धीमी रही। चीन में, 2014 की दूसरी छमाही और पहली तिमाही में निवेश में मांग की गति में कमी के कारण गतिविधि धीमी रही और 2015 की पहली तिमाही में घरेलु और निगमों के मध्य वित्तीय सुधार के चलते स्थावर संपदा क्षेत्र कमजोर रहा। पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों और तेल की कीमतों में गिरावट के कारण रूस की अर्थव्यवस्था धीमी रही। बाज़ील की अर्थव्यवस्था में भी संकुचन देखने को मिला जहां उच्च मुद्रास्फीति ने घरेलु मांग पर बुरा असर डाला। तेल और खाद्य वस्तुओं के मूल्य में हुई गिरावट ने भी मध्य पूर्व, पूर्वी युरोप और लैटिन अमेरिका देशों के वृद्धि के पूर्वानुमानों को प्रभावित किया।

सारणी 1.1 : वास्तविक जीडीपी वृद्धि (वर्ष दर वर्ष, प्रतिशत)

अवधि	पहली तिमाही 2014	दूसरी तिमाही 2014	तीसरी तिमाही 2014	चौथी तिमाही 2014	**2015P**
अग्रिम अर्थव्यवस्थाएं					
अमरीका	1.9	2.6	2.7	2.4	3.6
यूरो क्षेत्र	1.1	0.8	0.8	0.9	1.2
जापान	2.1	-0.4	-1.4	-0.7	0.6
ब्रिटेन	2.7	2.9	2.8	3.0	2.7
कनाडा	2.1	2.6	2.7	2.6	2.3
उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाएं					
चीन	7.4	7.5	7.3	7.3	6.8
रूस*	0.6	0.7	0.9	0.4	-3.0
ब्राजील*	2.7	-1.2	-0.6	-0.2	0.3
भारत	5.3	7.4	8.4	6.8	6.1
मैक्सिको	0.9	2.8	2.2	2.6	3.2
दक्षिण अफ्रीका	2.1	1.3	1.5	1.3	2.1
मेमो आइटम्सः	2014				2015P
विश्व उत्पाद	3.3				3.5
विश्व व्यापान मात्रा	3.1				3.8

P:विक्षेप,
*अवधि के अनुसार समायोजित नहीं
स्रोतः ओईसीडीए आईएमएफ और ब्लूमबर्गए डब्ल्यू ई.ओ.

समग्र रूप से, यद्यपि करीबी परिदृश्य में धीरे–धीरे सुधार हो रहा है, अग्रिम अर्थव्यवस्थाओं को अभी भी वैश्विक वित्तीय संकट के पश्चातवर्ती प्रभावों से पूरी तरह उभरना बाकि है। उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएं सतत नकारात्मक उत्पाद घाटे और गिरते वृद्धि संभावना की चुनौती का सामना कर रही हैं जो उनके लिए एक निकट अवधि में एक और धीमे परिदृश्य को उत्पन्न करती है। वास्तव में, वर्ष 2014 और 2015 की अवधि के दौरान धीमे वैश्विक पुर्नुत्थान ने 'अनंत गतिहीनता' की चिंताओं के बीच, विश्व के लिए लगातार अधोमुखी समायोजनों की भविष्यवाणी का विश्वास दिलाया है।

अग्रिम अर्थव्यवस्थाओं में तेल की कीमतों में कमी, अन्य वस्तुओं के मूल्य में गिरावट और लक्ष्य से कम मुद्रास्फीति का समाना कर रहे यूरो क्षेत्र और जापान जैसे देशो में कमजोर मांग के चलते शीर्ष मुद्रास्फीति में गिरावट आई। उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संदर्भ में, रूस जैसे महत्वपूर्ण अर्थव्यस्थाओं को छोड़कर जो कि बड़े पैमाने पर विनिमय दर अवमूल्यन का समाना कर रही हैं, तेल और अन्य वस्तुओं (खान–पान, जिसका उभरती अर्थव्यवस्थाओं और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में महत्वपूर्ण स्थान है) की कीमतों में कमी ने मुद्रास्फीति को कम करने में योगदान दिया।

मुख्य अग्रिम अर्थव्यवस्थाओं में दीर्घकालिक सरकारी ऋणपत्र ऋणों में गिरावट आई है। यह गिरावट कुछ हद तक मुद्रास्फीति परिणामों में लगातार कमी के कारण उत्पन्न हुई कम मुद्रास्फीति की संभावनाओं, तेल की कीमतों में भारी कमी और (युरो क्षेत्र और विशेषकर जापान) कमजोर घरेलु मांग के कारण देखने में आई। लेकिन दीर्घकालिक सांकेतिक ब्याज दरों में गिरावट का मुख्य कारण मियादी प्रिमीयम का दबाव और लघु अवधि वास्तविक दरों में कटौती के साथ वास्तविक ब्याज दरों में गिरावट आया। अनुकूल मौद्रिक परिस्थितियों ने अक्टूबर 2014 में मियादी प्रिमियम की कटौती में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, बैंक ऑफ जापान ने अपनी संख्यात्मक और गुणवत्तात्मक मौद्रिक रूपरेखा को सरल किया, ईसीबी ने सरकारी ऋणपत्रों के साथ उम्मीद से काफी बढ़ कर आस्तियों की खरीद के कार्यक्रम की घोषणा की। यद्यपि अमेरिका में फेडरल रिजर्व ने 2014 के आखिरी में आस्ति विक्रय में कमी की और देश का आर्थिक पुर्नत्थान में उम्मीद से बढ़कर मजबूती आई। अमरीकी आस्तियों की मांग में बढ़ोतरी के कारण डालर की स्थिति मे तेजी से वृद्धि हुई साथ ही मुद्रास्फीति दबाव में कमी ने दीर्घ कालिक कोषीय ऋणों पर दबाव बढ़ा दिया।

अग्रिम अर्थव्यवस्थाओं में सुगम वित्तीय परिस्थितयों और ऋणपत्र ऋणों में गिरावट के साथ, कई तेल आयातक उभरती अर्थव्यवस्थाओं ने मौद्रिक परिस्थितियों को भी आसान किया, जिससे नीति दरों कमी में आई क्योंकि तेल की कम कीमतों और मांग के कम दबाव के कारण मुद्रास्फीति की दरें कम रही। इसके विपरीत, रूस में नीति दरों में वृद्धि देखी गई जिससे रूबल पर दबाव दिखाई दिया और साथ ही साथ ब्राजील में भी मौद्रिक नीतियां सख्त रही। सामान्य रूप से, जोखिम वृद्धियों में बढ़ोतरी हुई और वस्तु निर्यातकों की मुद्राओं में गिरावट आई और उच्च ऋण वाले ऋणपत्रों और अन्य उत्पादों पर जोखिम वृद्धि से ऊर्जा मूल्यों में भी बढ़ोतरी हुई।

2015–16 के लिए वैश्विक दृष्टिकोण[1]

विश्व आर्थिक दृष्टिकोण के अनुसार, 2014 की 3.4 के मुकाबले 2015 में वैश्विक दर मामूली वृद्धि के साथ 3.5 रहने की संभावना है और 2016 में और बढ़कर वार्षिक दर 3.8 प्रतिशत हो जाने की संभावना है। 2015 में वृद्धि का कारण तेल की कीमतों के कमी और अग्रिम अर्थव्यवस्थाओं में उछाल के कारण होगी। इसके विपरीत, उभरते बाजारों में, लगातार पांचवे वर्ष भी वृद्धि दर में कमी का अनुमान है। इस गिरावट का कई कारण है जैसे– तेल निर्यातकों, विशेष रूप से उन देंशो में जो तेल कीमतों की गिरावट के साथ कठिन आंतरिक परिस्थितियों का सामना कर रही हैं (उदहारण के लिए रूस और वेनुजुएला) वृद्धि में बार बार तेजी से गिरावट, चीन में धीमी गति जिससे वृद्धि की अधिक स्थायी पद्धति की, जोकि कम ऋण आश्रित है, की ओर कदम, वस्तु कीमतों के कम रहने के कारण लैटिन अमेरिका में लगातार कमजोर दृष्टिकोण।

[1] वर्ल्ड इॅकोनामिक्स आउटलुक, अप्रैल 2015

वैश्विक वित्तीय बाजार

अमरीका में आकंड़े जारी करने और मौद्रिक नीति के सामन्यीकरण पर फेडरल बैंक के बयान के कारण मध्य 2014 से ही वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है। ग्रीस के कारण युरोप में राजनीतिक तनाव, तेल की कम कीमतों और देश–विदेशों की घटनाओं ने निवेशकों की मनोदशा को प्रभावित किया। अप्रत्याशित कम ब्याज दरों और संकुचित जोखिम लाभांश के कारण दीर्घकालिक सरकारी ऋणपत्र ऋणों में औधेमुंह गिरावट आई जबकि ऋणों की तलाश ने निवेशकों को जोखिम धारित आस्तियों की ओर आकर्षित किया जिससे अधिकांश आस्ति मूल्यों में रिकार्ड बढ़ोतरी हुई।

इसके अतिरिक्त 2015 की पहली तिमाही में मौद्रिक नीतियों को सरल बनाने के कारण वैश्विक शेयर बाजारों विशेषकर अग्रिम अर्थव्यवस्थाओं को सहारा दिया, हालांकि इससे पहले 2014 के दूसरी छमाही/अर्धवर्ष में अस्थिरता बनी रही। वृद्धि के धीमा बने रहने के कारण 2015 के दूसरे अर्धवर्ष में ईमई में पूंजी प्रवाह में कमी आई। वस्तु मूल्यों में गिरावट और अमरीकी मुद्रा नीति ने उच्च जोखिम प्रतिकूलता से अपना रास्ता बदल लिया। हालांकि, ईसीबी की संख्यात्मक सुधार कार्यक्रम की घोषणा से 2015 की पहली तिमाही में कुछ उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में शेयर समूहों में बढ़ोतरी हुई। फेड ने अपनी मार्च की विवरणी में बाजार को शांत,ईमई के शेयर समूहों में अस्थिरता और निवेशक कमजोर घरेलु समष्टि अर्थशास्त्र मूल सिद्धांतों के संदर्भ के साथ देशों की अर्थव्यवस्थाओं को वर्गीकृत करने की ओर प्रवृत होते हुए बताया।

मुख्य मुद्राओं और अधिकांश उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले अमरीकी डॉलर में मजबूती आई। जून अंत 2015 से ही मुख्य मुद्राओं के मुकाबले डॉलर सूचकांक में वास्तविक और सांकेतिक रूपों मे लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

वैश्विक मुद्रास्फीति परिदृश्य

मुख्य रूप से तेल की कीमतों में गिरावट के कारण अधिकांश विकासशील अर्थव्यवस्थाओं एवं उभरती अर्थव्यवस्थाओं और अग्रिम अथव्यवस्थाओं दोनों में ही 2015 में मुद्रास्फीति के कम रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। वस्तु मूल्यों में हाल ही में हुए बड़े परिवर्तनों के समान ही तेल की कम कीमतों मुख्य मुद्रास्फीति के मध्यम रहने की संभावना है। तेल की कीमतों में सभी प्रकार की गिरावट उपभोक्ता तक नहीं पहुंचने के बाद भी उभरती अर्थव्यवस्थाओं में तेल की कीमतों में गिरावट और गतिविधियों में कमी के कारण 2015 में मुद्रास्फीति के कम रहने का अनुमान है।

भारतीय अर्थव्यवस्था[2]

उत्पादन और सेवाओं के क्षेत्र में तेजी के कारण 2014–15 में घरेलु आर्थिक गतिविधियों में मजबूती आई। 2014–15 में वास्तविक जीडीपी अथवा जीडीपी (2011–12) का स्थिर मूल्य 106.44 लाख करोड़ रूपये रहने के अनुमान के बीच वृद्धि दर 2013–14 की 6.9 प्रतिशत के मुकाबले 7.3 प्रतिशत रहने की संभावना है जबकि 2012–13 में यह 5.1 प्रतिशत थी। कृषि क्षेत्र में कृषि मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014–15 के लिए जारी किये गये अग्रिम अनुमान में कृषि उत्पादन के 0.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 251.12 मिलियन टन रहने का अनुमान है। बिजली, गैस, जल आपूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाओं में 7.9 प्रतिशत और उत्पादन क्षेत्र में 7.1 प्रतिशत और निर्माण क्षेत्र मं 4.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वर्ष 2014–15 के दौरान औद्योगिक सेक्टर में 6.1 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2013–14 की 9.1 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले वर्ष 2014–15 के दौरान सेवाओं के क्षेत्र में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

1.2 वित्तीय बाजारों का प्रदर्शन[3]

तरलता परिस्थितियों के कठोर रहने के कारण जुलाई 2014 में मुद्रा बाजार में रातो–रात कठोरता आ गई। हालांकि, मध्य अगस्त 2014 से मुद्रा बाजार मूल्यों में नरमी आई जबकि सितम्बर 2014 में अग्रिम कर भुगतान के कारण छोटी सी बढ़त को छोड़कर तरलता समायोजन सुविधा रेपो रेट से दरें कम रही। इस अवधि की एक खास बात बैंकों द्वारा रातों रात संपार्श्विक सेगमेंट की ओर स्थानांतरण के कारण मांग मुद्रा मात्राओं मे कमी आना रही। कुछ एक समय की तेज़ी

[2] स्रोत : सीएसओ

[3] स्रोत : विभिन्न माइक्रो अर्थव्यवस्था एवं मौद्रिक विकास और मौद्रिक नीति रिपोर्ट

को छोडकर तीसरी तिमाही के दौरान ब्याज दरे नरम बनी रही। मुद्रा नीति में परिवर्तन द्वारा जो कि नीति रेपो दर में दो कटौटियों से प्रभावित रही, चौथी तिमाही में ब्याज दरों में नरमी बनी रही।

मुद्रा बाजार के अन्य भाग मांग मुद्रा बाजार के अनुरूप बढ़ा। संपार्श्विक भाग में संतुलित कियाकलाप में स्थानांतरण के साथ अर्थात् संपार्श्विक ऋण लेने और देने की देयता (सीबीएलओ) एवं बाजार रेपो के साथ मांग मुद्रा मात्रा में गिरावट आई।

मंदी काल में व्यापार और मध्य–पूर्व में क्षेत्रीय राजनीतिक तनाव से जैसे ही कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई जुलाई के पहले पखवाड़े में सरकारी प्रतिभूतियों के बाजार प्रतिफल में धीमी बढ़ोतरी हुई। इसके बाद 10 वर्ष के नये प्रतिभूति मानदण्ड की वापस घोषणा होने तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआईएस) के लिए सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश सीमा में पुनः समायोजन से तेजी का वातावरण वापस आया। बकाया प्राथमिक निलामियों के अंतर्गत वर्ष की पहली छमाही के लिए निर्धारित राशि में कमी से पूरे अगस्त में साकारात्मक वातावरण छाया रहा। साथ ही साथ मध्य–पूर्व और युक्रेन में तनाव में कमी से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई। सितम्बर में किसी गतिविधियों के अभाव में प्रतिफल सही क्रम में बढ़ा। दूसरी तिमाही में जून के अंत में प्रतिफल 8.7 प्रतिशत से घटकर सितम्बर 29 को 8.5 प्रतिशत हो गया। दूसरी तिमाही में व्यापार मात्रा में भारी गिरावट हुई। दिसम्बर 2014 के दूसरे पखवाड़े के दौरान मामूली अड़चनों को छोड़कर यूक्रेन संकट एवं रूसी मुद्रा संकट के परिणामस्वरूप युक्रेन संकट से तीसरी तिमाही में प्रतिलाभ में नरमी आई। भारत में चल रहे अवस्फीति द्वारा उत्साही निवेशकों के विचारों को अंर्तबद्ध किया गया और अक्टुबर मौद्रिक नीतियों की अपेक्षाओं में कमी से बाजारों को फेडरल रिजर्व के विद्यमान परिणामात्मक कमी (क्यूई) प्रभावों को पूर्णतः हटाने में मदद मिली। उत्पादन में कमी न करने के नवम्बर 2014 के ओपेक के निर्णय से बाजार में मजबूती आई और सरकारी प्रतिभूति के प्रतिलाभों की गिरावट में सुधार हुआ। रूबल में अवमूल्यन के कारण वैश्विक स्तर पर सस्ता बिकवाली के दौरान, हालांकि, 16 दिसम्बर को 10 वर्षीय सामान्य प्रतिलाभ में 15 बेसिक अंकों का उछाल आया जो कि 2014–15 की दूसरी छमाही में किसी एक दिन में हुई सबसे अधिक वृद्धि थी।

तालिका 1.1: 10 वर्ष सरकारी सेक्टर प्रतिलाभ



स्रोत : आरबीआई

रूसी मुद्रा संकट जैसे ही समाप्त हुआ, अन्तर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में कमी से चौथे तिमाही में सरकारी प्रतिभूतियों के प्रतिलाभों में गिरावट आई। युएस ट्रेजरी प्रतिलाभों में कमी से और घरेलु विदेशी विनिमय बाजार में चढ़ाव आने से फरवरी में एसएलआर में कमी और बड़े पैमाने पर विस्तृत अपरिवर्तित ऋण लेने के बाजार कार्यक्रम की केन्द्रीय बजट में घोषणा की प्रतिक्रिया में सरकारी प्रतिभूतियों के प्रतिलाभों में अस्थायी सख्ती आई। जैसा कि पूर्व में, राजकोष बिल निलामी के कारण से, बड़े पैमाने पर प्रतिदानों के बावजूद, वैलेंस भीट की तिथि के निकट आने पर बाजार प्रतिभागियों के लिक्विडीटी से अलग न होने की ईच्छा ने सरकारी श्रेणी के प्रतिलाभ को उल्टा कर दिया। इस प्रकरण को छोड़कर तीसरी और चौथी तीमाही में सरकारी प्रतिभूतियों के बाजार का प्रतिलाभ ग्राफ बाधित सीमा के भीतर नीचे की ओर रहा। सितम्बर 2014 के अंत में 72 अंको की गिरावट के साथ प्रतिलाभ 8.52 से घटकर 31 मार्च, 2015 को 7.80 प्रतिशत हो गया।

मार्च 31, 2015 को सरकारी प्रतिभूतियों में 'विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों' का निवेश रू. 1,529 बिलियन रहा। सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश (युएस डॉलर 30 बिलियन) सीमा की तनाव के साथ युएस डॉलर 51 बिलियन की सीमा के अंतर्गत स्वीकृत कॉरपोरेट ऋण के लिए एफपीआई ने ऋण म्युचुअल फंड में निवेश कर अप्रत्यक्ष रूप से सरकारी सेक्टर में अपने निवेश का विस्तार किया।

दूसरी तिमाही की क्रियाकलापों के दौरान कॉरपोरेट बांड से संबंधित बाजार में सरकारी निर्गमों और अधिकारिक इश्यू में बढ़ोतरी के प्रस्ताव के साथ तेजी दर्ज की गई, जो आंशिक रूप से बैंको के ऋण देने के शर्त्तों को सख्त करने को दर्शाता है। जुलाई–अगस्त 2014 के दौरान सरकारी निर्गमों तथा निजी नियोजनों द्वारा ऋण संग्रहण पिछले तिमाही के मुकाबले उल्लेखनीय ढंग से अधिक रहा। 29 सितम्बर, 2014 को एफपीआई द्वारा कॉरपोरेट ऋण में रूपये 1.124 बिलियन का निवेश किया गया जो परिसीमा का कुल 46 प्रतिशत था। तीसरी एवं चौथी तिमाही में निजी नियोजनों से प्रभावित होकर जिसमें वर्ष–दर–वर्ष 112 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई, कॉरपोरेट ऋण बाजार के क्रियाकलापों में भी तेजी आई। दूसरी ओर, सरकारी निर्गमों द्वारा एकत्रित राशियों में पूरे अवधि के दौरान (फरवरी तक) गिरावट आई। क्योंकि सख्त ऋण नियमों के साथ संयोजित रूप से ऋण वृद्धि मंद रहा, कॉरपोरेट ऋण द्वारा संसाधन जुटाने में महत्वपूर्ण वृद्धि वैकल्पिक प्रभाव का परावर्त्तक है। मार्च 31, 2015 को एफपीआई का कॉरपोरेट ऋणों में रूपये 1. 890 बिलियन का निवेश रहा जो परिसीमा का 77 प्रतिशत है और परिणामस्वरूप 2014–15 के दूसरे छमाही में गौण बाजार की व्यापार मात्रा में 51 प्रतिशत (वर्ष–दर–वर्ष) का उछाल आया। एएए निर्धारित कॉरपोरेट ऋण का प्रतिलाभ सामान्यतया सरकारी प्रतिभूतियों के साथ बढ़ा लेकिन मार्च में सख्त हुआ।

कुछ नरम स्थितियों को छोड़कर 2014–15 के दूसरी तिमाही में शेयर बाजार अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचा। बेहतर प्रदर्शन कर रहे सूचकांकों के मध्य भारतीय सूचकांक ने सिद्धांतों और देश–विदेश की उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संबंध में उल्लेखनीय रूप से आकर्षक मूल्य सृजित किए। दिसम्बर 2014 के दौरान अपेक्षा से पहले व्युतक्रमण के डर से यूएस ब्याज दर चक्र के निराशावाद चक्र, ग्रीस में अनिश्चितता तथा यूक्रेन एवं मध्य–पूर्व देशों में भू–राजनीतिक तनाव के कारण इन लाभों में कमी आई। हालांकि, जनवरी 2015 में पोर्टफोलियो निवेश के पुनर्आरम्भ से शेयर बाजार में सुधार होना शुरू हुआ। 15 जनवरी को रिजर्व बैंक द्वारा पॉलिसी रेपो रेट में कटौती के कारण बाजार में उत्साह वापस आया और 29 जनवरी, 2015 को बीएसई सेनसेक्स 29,682 की ऐतिहासिक ऊंचाई पर बंद हुआ। फरवरी के आरंभिक काल में दिल्ली के चुनाव परिणामों के मद्देनजर, कुछ बड़े कॉरपोरेट द्वारा कमजोर परिणामों, चीनी व्यापार के कम आंकड़े और यूरोपियन शेयर में कमी के कारण कुछ लाभों में कमी आई। माह के दूसरे पखवाड़े में, हालांकि, शेयर बाजारों में सुधार आया और केन्द्रीय बजट 2015–16 की घोषणा तथा इसके बाद कोयला, खनन एवं बीमा जैसे महत्वपूर्ण बिलों के पास होने से शेयर बाजार ने मजबूती हासिल की। मार्च, 2015 के दौरान वैश्विक स्तर पर शेयर बाजार सामान्य रूप से सुस्त रहा।

प्राथमिक बाजार में, योग्यता प्राप्त सांस्थानिक नियोजन (क्यूआईपी) रूपये 41 बिलियन पर सामान्य था जबकि तीसरी तिमाही के दौरान शेयर और ऋण निर्गम घटकर

तालिका 1.2 : मासिक औसत बीएसई सूचकांक और एफआईआई निवल मासिक अंतर्वाह



स्रोत : आरबीआई

रूपये 34 बिलियन हो गया। दूसरी ओर, कॉरपोरेट बांड और म्युचुअल फंडों में क्रमशः रूपये 1.240 बिलियन और रूपये 574 बिलियन का उछाल आया। सेबी द्वारा सरकारी कम्पनियों में सार्वजनिक शेयरधारिता से संबंधित विनियम एवं 2015–16 के केन्द्रीय बजट में निवेश अनुकूल उपायों की घोषणा से चौथे तिमाही में संसाधन संग्रहण में थोड़ा सुधार हुआ।

तरलता स्थिति

तरलता गतिविधियां वित्तीय बाजारों को प्रभावित करने वाला एक प्रमुख तत्व हैं, जो बारी बारी से प्रणाली पर होने वाले जरूरत से अधिक प्रभाव के प्रतिरोधात्मक और संरचनात्मक तत्वों के अन्योन्यक्रिया को दर्शाता है। दोनो तत्वों के प्रभाव को तरलता संपुटित करने के लिए धन आपूर्ति अथवा एम 3 एक व्यापक उपाय है। 2014–15 (सितम्बर 5 तक) के दौरान धन आपूर्ति का विकास (वर्ष–दर–वर्ष) 13.2 प्रतिशत की दर से एक वर्ष पहले की अपेक्षा कुछ अधिक चल रहा था।

प्रमुख घटक यानी, सार्वजनिक मुद्रा एवं जमा धन, इस वर्ष तेज गति से बढ़े। अप्रैल–मई में आम चुनाव के दौरान खर्च के कारण धन की मांग अधिक रही, लेकिन अगले महीनों में यह वापस गिर गया।

तरलता परिस्थितियों के चलते शुरूआत में आरक्षी मुद्रा में हलचल, विभिन्न स्वशासी इकाईयों के प्रति रिजर्व बैंक के रूख से प्रभावित हुई। विदेशी विनिमय बाजार में रिजर्व बैंक परिचालन के विस्तारी कार्यों/प्रभावों जिसमें अब तक 2014–15 में अधिकांश प्रचुरता का भाव रहा जो निवल धरेलु आस्तियों में कमी के बावजूद समायोजन से अधिक था।

तरलता प्रबंधन के लिए साधनों का विकल्प समय–समय पर तरलता स्रोतों के दवावों चाहे प्रतिरोधात्मक या संरचनात्मक; स्थायी या परिवर्तनशील हो, के मूल्यांकन पर आधारित है। जुलाई के पहले सप्ताह के दौरान मांग दर व्यापार तरलता समायोजन सुविधा रेपो रेट से नीचे नरमी के साथ रहा। इसलिए अधिशेष तरलता को अपनाने के लिए एक चार दिवसीय टर्म रिजर्व रेपो संचालित किया गया किन्तु बाजार प्रतिभागियों के 24 घंटा से अधिक समय के लिए तरलता से अलग होने की अनिच्छा के कारण इसे अनुत्साहवर्द्धक प्रतिक्रिया मिली। केन्द्रीय बजट के पारित होने से सरकारी व्यय में विलम्ब के कारण तरलता स्थितियां पुनः कठोर हुई एवं मांग दरें रेपो दर के उपर रही। तीन से सात दिन की अवधि वाले छः प्रमुख सावधि रेपो, जिनकी संचयी राशि 650 बिलियन थी, संचालित किए गए।

अगस्त के पहले सप्ताह तक, सरकारी खर्चे में जैसे ही तेजी आनी प्रारम्भ हुई, तरलता बढ़ी और मांग दर पुनः निम्न रेपो दर स्तर तक नीचे गिरा। इसके बाद, सरकारी नकदी शेष के बढ़ने से तरलता कठोर हुई। अगस्त के मध्य तक क्रेडिट ऑफ–टेक से संबंधित जमा में इजाफा होने के साथ–साथ बढ़ते सरकारी व्यय से बाकी महीना तथा सितम्बर के पहले पखवाड़े में वृहत प्रणाली तरलता में लगातार महत्वपूर्ण विस्तार हुआ।

तीसरी एवं चौथी तिमाही के दौरान व्यापक मुद्रा (एम3), जिसमें मांग तथा बैंकों के पास सामयिक जमा एवं आरबीआई के पास अन्य जमा शामिल हैं, का विकास दर कम रहा। उधार एवं जमा में एक के बाद एक व्यापक रूप से वृद्धि होती रही, आस्तियों और देयताओं के अस्थायी असंतुलन एवं प्रतिरोधात्मक तत्वों को छोड़कर, प्रबंधन में तरलता स्थिति शुरू से अंत तक पूर्णतया पर्याप्त रही। तरलता बहाव एवं त्योहारों के मौसम के चलते तीसरी तिमाही से मुद्रा मांग जोड़ पकड़ने लगा लेकिन रिजर्व बैंक द्वारा सामयिक तरलता प्रबंधन ने इस अल्पकालिक रूकावट को आसान बना दिया। आधारभूत तरलता प्रावधानों को रिजर्व बैक की निवल विदेशी आस्तियों का वृहत् विस्तार कर सवंर्द्धित किया गया था। हालांकि, सक्रिय स्टेरलाइजेशन ऑपरेशन्स ने सुरक्षित मुद्रा की वृद्धि को रोक दिया।

मध्य दिसम्बर में अग्रिम कर भुगतानों और तिमाही अंत में बाजारों के अच्छे प्रदर्शन के बीच त्योहारों के दिनों में अस्थायी दवावों को छोड़कर संरचनात्मक और प्रतिरोधात्मक तत्वों के कारण 2014–15 के तीसरी तिमाही के दौरान तरलता स्थिति में सुधार हुआ। चौथी तिमाही में, जनवरी 2015 के अंतिम सप्ताह सरकारी खर्चा में कटौती होने, ऋण–मांग और मुद्रा मांग में सामयिक तेजी आने से तरलता स्थिति कठोर हुआ। रिजर्व बैंक की प्रो–एक्टीव तरलता व्यवस्थापन परिचालन ने यह सुनिश्चित किया कि मांग दर पॉलिसी दर की परिसीमा में रहे और रोजमर्रा की अस्थिरता कम रहे।

घरेलु विदेशी विनिमय बाजार में गहनता तथा तरलता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को घरेलु विनिमय मुद्रा व्यापार डेरिवेटिव बाजार में एक सीमा तक अतिरिक्त यूएस डॉलर 10 मिलियन निवेश राशि को अपने अंतर्निहित एक सीमा तक भाग लेने की अनुमति देने का निर्णय लिया। आगे, घरेलु विनिमय मुद्रा व्यापार डेरिवेटिव बाजार में घरेलु संस्थाओं को उसी प्रकार की अधिगम्यता देने का भी निर्णय लिया गया।

जुलाई 2014 और अगस्त के प्रारम्भ में विदेशी विनिमय बाजार में मांग आयात में जोड़ पकड़ने तथा यूएस डॉलर में अच्छी मजबूती आने से रूपया कमजोर हुआ। उसके बाद एफआईआई के कारण खासकर ऋण बाजार में बड़ी मात्रा में प्रवाह हुआ और पहले तिमाही के लिए चालू खाता में अपेक्षा से कम घाटा होने से साकारात्मक वातावरण की शुरूआत हुई और साथ ही साथ राजकोषीय स्थिति की विश्वसनीयता ने रूपये के भाव बढ़ने में मदद की। यूक्रेन में हालात सामान्य होने और भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि जैसी साकारात्मक परिस्थितियों के परिणामस्वरूप अमेरिकी ब्याज दरों के आशा के अनुरूप न होने के कारण सितम्बर में रूपया सामान्यतः स्थिर रहा। कच्चे तेल की कीमतों में कमी के कारण रूपये को मदद मिली। दूसरे पखवाड़े में पूर्णरूपेन यूएस डॉलर के मुकाबले रूपये का मूल्य घटने पर भी अगस्त के दूसरे सप्ताह तथा सितम्बर के पहले सप्ताह के दौरान इसमें कुछ सुधार हुआ। सितम्बर 29, 2014 को 1 डॉलर के मुकाबले रूपया 61.43 पर था। मार्च, 2014 से रूपये में मामूली सुधार हो रहा है। दूसरी तिमाही के दौरान यूरो के विरूद्ध रूपये में 5.2 प्रतिशत का सुधार हुआ। जुलाई से आगे स्पॉट बाजार को तय करने के क्रम में प्रेमिया में नरमी आई। प्रति यूएस डॉलर के मुकाबले रूपया 61.04 – 62.14 के संकुचित विनिमय दर लेकिन वृद्धि की प्रवृत्ति के साथ आगे बढ़ा। हालांकि दिसम्बर, 2014 में विभिन्न तथ्यों को मिलाकर – रूसी मुद्रा संकट का प्लवन प्रभाव; तेल विपणन कम्पनियों द्वारा माह के अंत में खरीदारी; एफपीआई द्वारा मुनाफा लेने; औद्योगिक उत्पादनों में कमी तथा यूएस डॉलर में लगातार हो रही मजबूती के कारण रूपये में गिरावट देखी गयी। जनवरी, 2015 के दूसरे सप्ताह तक स्पॉट बाजार में अस्थिरता आने और एफपीआई प्रवाह के शुरू होने के कारण रूपये की मूल्य वृद्धि तथा व्यापार शुरू करने, रूसी मुद्रा संकट के खत्म होने तथा व्यापार घाटे में कमी से रूपये में बढ़ोतरी हुई। जनवरी 22 को ईसीबी द्वारा क्यूई की घोषणा तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के मूल्यों में दीर्घकालीन नरमी ने विनिमय बाजार में साकारात्मक माहौल तैयार किया। फरवरी, 2015 के दूसरे सप्ताह में यूएस की ओर से आते नॉन फॉर्म भुगतान आंकड़ों के कारण समस्त उभरते बाजारों में गिरावट की शुरूआत हुई। वास्तविक रूप से रूपया अपने मार्च, 2014 के स्तर से बढ़ा जो कि लगातार हो रही मूल्य वृद्धि एवं व्यापार प्रतिभागियों से प्रभावित था।

1.3 ओईसीडी देशों में पेंशन प्रणालीः

निजी पेंशन प्रणालियों को दवावपूर्ण तथा बेहद चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक संकट से सार्वजनिक पेंशन देने के लिए सरकारी आय में कमी हुई जिसने सेवानिवृत्त/वृद्धावस्था में पेंशन देने के लिए निजी पेंशन की भूमिका को बढ़ावा दिया। बुढ़ापा, जनसंख्या तथा वर्तमान आर्थिक वातावरण निजी पेंशन दाताओं के लिए सेवानिवृत्ति आय देने की क्षमता पर चुनौतियां पेश करने लगा।

बढ़ती बुढ़ापा जनसंख्या से न केवल कार्यरत जनसंख्या के आकार में वृद्धि की बल्कि सेवानिवृति काल में समय बिताने वाले समयावधि में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई, वो भी तब जबकि सेवानिवृति की आयु में पर्याप्त वृद्धि नही हो रही। इससे परिभाषित लाभ (डीबी) पेंशन प्रणाली योजना की ऋण शोधन क्षमता और परिभाषित अंशदान (डीसी) योजना की प्रचुरता प्रभावित हो सकती है।

डीबी पेंशन योजना में भविष्य में होने वाले मृत्यु दर और जीवन संभाव्यता की अनिशिचितताओं के कारण हुए लांगिविटी जोखिम का खतरा है। जीवन–संभाव्यता के आधार पर यदि पेंशन समझौतों का आकलन किया जाय जिसे कम करके आंका गया है, तब वास्तविक पेंशन अपेक्षा से अधिक होगी और डीबी पेंशन योजना पर्याप्त आस्तियों की कमी के कारण अपने भविष्य की जिम्मेदारियों को पूरा करने में पिछड़ सकती है। डीसी पेंशन निधियों के लिए अधिक जीवन–पर्याप्तता का मतलब यदि लोग अपनी सेवानिवृति आयु का समायोजन नही करते हैं तो संचित आस्तियों को लंबी सेवाअवधि के लिए धन देना होगा जिसके परिणामस्वरूप सेवाकाल के बाद वांछित आदर्श जीवन बिताने के लिए यह अपर्याप्त हो सकती है।

वर्तमान यूरोपीय आर्थिक परिवेश निम्न विकास दर, निवेश से कम प्रतिलाभ तथा कम ब्याज दर आदि विशेषताओं से छाया रहा जो अपेक्षित संसाधनों को कम कर सकते हैं। यह सेवानिवृति के लिए पर्याप्त धन या सेवानिवृति आय को कम कर सकता है। संचित निधियों का आशानुरूप प्रदर्शन न होने से निवेश से कम आय से भविष्य के अपेक्षित लाभ मूल्यों में कमी आ सकती है। कम ब्याज दर से पेंशन आय की राशि कम हो सकती है। प्रदत्त संचित आस्तियां विशेषकर डीसी पेंशन में डेलिवर करने में अक्षम हो सकता है। डीबी पेंशन में कम ब्याज दर भविष्य की देनदारियों को बढ़ा सकता है और ऋण शोधन क्षमता की समस्या पैदा कर सकता है। इसके अलावा, कम आर्थिक विकास दर सेवानिवृति के बाद धन देने के लिए कुल मिलाकर संसाधनों (नियोक्ता एवं कर्मचारी अंशदान) को कम कर सकता है।

योजना बाजार विभिन्न साधनों – कार्यक्षेत्र का विस्तार, उच्च अंशदान खासकर अनुपूरक निधिबद्ध निजी पेंशनो को बढ़ावा देकर, लाभों में सामंजस्य स्थापित तथा अंशदान अवधि का विस्तार कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। प्रौढ़ समुदायों के पेंशन पर्याप्तता सरोकार को दूर करने के लिए देशों ने सार्वजनिक पेंशन व्ययों में स्थिरता लाने के लिए पेंशन सुधार की गति को तेज किया। बहुत सारे देशों ने राजस्व संबंधी संवहनीयता आंशिक समस्या को दूर करने के लिए सुधारों जैसे– वैधानिक सेवानिवृति आयु में योजनाबद्ध बढ़ोतरी, लाभों को जोड़ना, सेवानिवृति आयु और अधिकतम अंशदान अवधि को जीवन संभाव्यता से जोड़ना, को लागू किया।

हालांकि, पेंशन मानदण्डों को जीवन संभाव्यता से जोड़ना प्रतिगामी हो सकता है जबकि सामाजार्थिक समूहों के बीच मतभिन्नताओं को मद्देनजर रखा गया हो। फिरभी, इन अवांछनीय विशेषताओं को ठीक करने के लिए इन लिंको को सही प्रकार से समायोजन करना एक विकट मुद्दा है। निधिबद्ध निजी पेंशनों को सुदृढ़ करने तथा सेवानिवृति आय की पर्याप्तता को सुनिश्चित करने में उनके अनुपूरक भूमिका को बेहतर करने के लिए देशों ने सुधारों की शुरूआत की।

लोगों के बीच निजी पेंशन की गिरती साख के जवाब में ओईसीडी ने सभी ओईसीडी देशों के मध्य पेंशन विनियामकों के समन्वय से व्यवसायिक पेंशन विनियमों के मूलभूत सिद्धांतों को अद्यतन करना शुरू किया। उद्देश्य दोहरे हैं – पहला, सभी निधिबद्ध पेंशन व्यवस्थाओं को शामिल करने के लिए सैद्धांतिक दायरों का विस्तार, तथा दूसरा, बेहतर एवं विश्वसनीय परिचालन तथा सदस्यों के बचत की सुरक्षा के उद्देश्य से निधिबद्ध पेंशन प्रणाली के विनियामक संरचना को मजबूत करना। अतिरिक्त रूप से ओईसीडी ओईसीडी देशों में पेंशन विनियामकों द्वारा डीसी पेंशन योजनाओं के स्वीकृत और सत्यापित अच्छे रूपरेखा के द्वारा पेंशन योजनाओं का रूपांकन तथा उनके द्वारा उत्पन्न सेवानिवृति आय को बढ़ाने के लिए दिशानिर्देश देता है और भविष्य की कठिनाइयों से बचने के उपाय देता है।

बुढ़ापा जनसंख्या विशेष रूप से दीर्धजीवन का जोखिम पेंशन निधियों के लिए अतिरिक्त समस्याएं खड़ा कर सकता है। पेंशन निधियों तथा वार्षिकी सेवा प्रदाता को दीर्घजीवन जोखिम व्यवस्था जिसके लिए उनका निर्माण किया गया है, सेवाएं देने के लिए वित्तीय साधनों की आवश्यकता है। नियमित रूप से अद्यतन मृत्यु संख्या सारणी के प्रयोग की आवश्यकता, जिसमें भविष्य में होने वाले सुधार तथा मानकीकृत क्रमबद्ध रूप से दीर्घजीवन सुरक्षा उपायों की शुरूआत एवं सूचकांक आधारित सुरक्षात्मक कवर जो पेंशन निधियों तथा वार्षिकी प्रदाता के लिए दीर्घकालीन जोखिम द्वारा उत्पन्न कठिनाइयों से निबटने के लिए आवश्क हैं।

निधिबद्ध निजी पेंशन की अनुपूरक भूमिका तथ्यों जैसे– कवरेज दरें, सेवानिवृति का समय और आर्थिक माहौल पर निर्भर करती है। सेवानिवृति को टालने से न केवल वित्तीय धाटा दीर्धकालिक विषय बन जाता है बल्कि निधिबद्ध पेंशन योजनाओं में सेवानिवृति आय को बढ़ावा देता है और इस प्रकार सेवानिवृति आय पर्याप्तता में इजाफा करता है। पेंशन कवरेज बढ़ाने के लिए सबसे अच्छा उपाय, लोगों को सेवानिवृत्ति बचत के लिए बाध्य किया जाना है।

परन्तु यह एक उपयुक्त विकल्प नही है। स्वतः दाखिला कार्यक्रम दूसरा सबसे अच्छा नीति विकल्प है। यद्यपि स्वतः दाखिला कार्यक्रम स्वैच्छिक निधिबद्ध निजी पेंशन कवरेज बढ़ाने में सफल रहे हैं, उनकी सफलता गारंटीयुक्त नही है। उन्हें लागू करने के लिए जनसंख्या के अल्प–समूहों की सावधानीपूर्वक पहचान करना जरूरी है जिन्हें अधिक कवरेज की जरूरत है; स्वतः दाखिला योजना के लिए प्रवेश बाधाओं को कम करना पेंशन प्रणाली की सम्पूर्ण संरचना की नियमों के अनुसार डिफॉल्ट अंशदान दर को परिभाषित

करना; अन्य विद्यमान इंसेंटिव के साथ इसकी अनुपूरकता का मूल्यांकन करना तथा प्रभावशाली संवाद के साथ उसके साथ रहना है।

पेंशन निधि आस्तिः

ओईसीडी द्वारा प्रकाशित 'पेंशन बाजार फोकस – 2014' के अनुसार संस्थागत निवेशकों ने 2013 में कुल मिलाकर यूएस डॉलर 92.6 ट्रिलियन का निवेश किया जिसमें से यूएस डॉलर 34.9 ट्रिलियन निवेश निधियों, यूएसडी 5.1 ट्रिलियन आरक्षित पब्लिक पेंशन निधियों और 1.8 ट्रिलियन अन्य निवेशकों से हुआ। 2013 में पेंशन निधियों ने संस्थागत निवेशकों द्वारा धारित कुल आस्तियों के रूप में 26.7 प्रतिशत के साथ संस्थागत निवेशकों के बीच अपनी बढ़ती ख्याति की पुष्टि की।

2009 से 2013 की अवधि में पेंशन निधि ने 8.2 प्रतिशत की वार्षिक विकास दर के साथ औसत प्रदर्शन किया। 2009 और 2013 के बीच इस औसत वार्षिक विकास दर ने बीमा कम्पनियों के आकलनों (उसी अवधि में 4.1 प्रतिशत) को गलत साबित कर दिया तथा निवेश निधियों (6.7 प्रतिशत) जिनकी आस्तियों में 2010–2011 के बीच थोड़ी कमी आई।

पेंशन निधि निजी योजनाओं के लिए प्रबंधन के अधीन आस्तियों यूएस डॉलर 24.7 ट्रिलियन डॉलर के साथ जो कि कुल निजी पेंशन का 68 प्रतिशत था, प्रमुख वित्तीय साधन रहा। बैंको अथवा निवेश कम्पनियों या अन्य संस्थाएं द्वारा प्रबंधित निधियों का हिस्सा बाजार का 1/5 (यूएस डॉलर 7.1 ट्रिलियन), बीमा कम्पनियों का (यूएस डॉलर 4.2 ट्रिलियन) था।

पेंशन निधि आस्ति के बाजार मूल्य सकल घरेलु उत्पाद की तुलना में एक महत्वपूर्ण संकेतक है। जीडीपी द्वारा आकलन किये गये आर्थिक आकार से संबंधित संचित आस्तियों के बाजार मूल्य पेंशन निधि के क्रियाकलापों को दर्शाने के लिए मुख्य संकेतक हैं। 2013 में जीडीपी आस्ति हासिल करने वाले पांच ओईसीडी देशों का अनुपात 100 प्रतिशत से अधिक था – नीदरलैंड (166.3 प्रतिशत) , आइसलैंड (148.7), स्वीटजरलैंड (119. 0 प्रतिशत), ऑस्ट्रेलिया (103.3 प्रतिशत) तथा युनाइटेड किंगडम (100.7 प्रतिशत)। अन्य देशों में जीडीपी से संबंधित आस्तियों के अलग–अलग महत्व थे। 34 में से 13 देशों के पास पेंशन आस्ति सकल घरेलु उत्पाद का अनुपात 20 प्रतिशत से अधिक था जो ओईसीडी की परिपक्व पेंशन बाजार परिभाषा को पूरा करने के लिए न्यूनतम माना जाता है।

सम्पूर्ण रूप से 2013 में यूएस डॉलर 13.9 ट्रिलियन के साथ सभी ओईसीडी देशों में प्रबंधन के अधीन आस्तियों में अमेरिका का हिस्सा अभी भी सर्वाधिक रहा। हालांकि सापेक्ष रूप से, यूएस पेंशन निधियों द्वारा ओईसीडी द्वारा धारित आस्ति का बोझ 2003 में 62 प्रतिशत, 2013 में 56 प्रतिशत होकर लगातार घटता जा रहा था। 10.8 प्रतिशत के साथ यूनाइटडे किंगडम दूसरे, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया (5.9 प्रतिशत), नीदरलैंड और जापान (ओईसीडी देशों में धारित पेंशन आस्ति 5–6 प्रतिशत के बीच), कनाडा (5.1 प्रतिशत) तथा स्विटजरलैंड (3.3 प्रतिशत) रहे। अन्य देशों में पेंशन निधियों द्वारा धारित आस्तियों के हिस्सों में 2003 में 5.2 प्रतिशत से 2007 में 7 प्रतिशत और 2013 में 7.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

यद्यपि, गैर– ओईसीडी देशों में अच्छी खासी पेंशन निधियों का संचय हुआ फिर भी वे ओईसीडी क्षेत्रों से कम रहा। उदाहरण के लिए, पेंशन सकल धरेलु उत्पाद आस्ति अनुपात के संदर्भ में 2013 में ओईसीडी क्षेत्रों 84.2 प्रतिशत की तुलना में गैर–ओईसीडी देशों में भारित अनुपात 38.3 प्रतिशत था। (37 में से) केवल 9 गैर–ओईसीडी देशों का अनुपात 20 प्रतिशत से अधिक था। गैर–ओईसीडी देशों के बीच साउथ अफ्रिका का अनुपात सर्वाधिक था (जीडीपी का 87.1 प्रतिशत), नामीबिया (76.6 प्रतिशत), लिचटेंसटीन (65.8 प्रतिशत), बोत्सवाना (47.3 प्रतिशत), हांगकांग (चीन) (37.5 प्रतिशत), एल सल्वाडोर (28.8 प्रतिशत), बोलिविया (27.7 प्रतिशत) त्रिनिदाद एण्ड टोबैगो (21.8 प्रतिशत) और जमैका (21.3 प्रतिशत)। फिगर में दिखाये गये अन्य गैर–ओईसीडी आर्थिक देशों का पेंशन बाजार उनके आर्थिक आकार के संदर्भ में छोटा था। भारत की पेंशन आस्ति सकल घरेलु उत्पाद का 0.3 प्रतिशत है।

[4] स्रोत : सेबी और आईआरडीए की वार्षिक रिपोर्ट, वित्तीय कामकाज विभाग, लेखा महानियंत्रक, वित्त मंत्रालय

तालिका 1.3 : 2013 में चुनिंदा गैर – ओईसीडी देशों में आर्थिक आकार के संदर्भ में पेंशन निधियों का महत्व

जीडीपी प्रतिशत के रूप में



स्रोत : मुख्य पेंशन बाजार, 2014 ओईसीडी

भारत में सेवानिवृत्ति आस्तियों में एनपीएस के अतिरिक्त, आईआरडीए द्वारा विनियमित बीमा कंपनियों की निधि (रूपये 3,38 लाख करोड़), ईपीएफओ/पीएफ के अंतर्गत पोर्टफोलियो प्रबंधकों की आस्तियां (रूपये 5.41 लाख करोड़), केन्द्र सरकार भविष्य निधि (रूपये 1.44 लाख करोड़), राज्य सरकार भविष्य निधि (रूपये 3.05 लाख करोड़), लोक भविष्य निधि (रूपये 2,72 लाख करोड़) की आस्तियां शामिल हैं।

पेंशन निधियों का कार्य–सम्पादनः

2013 में रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिलाभ का निवेश अलग–अलग था। सामान्य अनुपात आधार पर सारे ओईसीडी देशों में, वे देश जिनकी सूचना उपलब्ध है, पेंशन निधियों ने निवेश प्रतिलाभों की 4.7 से 11.7 प्रतिशत, बेहतर (संयुक्त राज्य अमेरिका) तथा कमजोर (डेनमार्क) प्रदर्शन करने वालों में –4.6 प्रतिशत के आस–पास (स्थानीय मुद्रा

में तथा निवेश प्रबंधन खर्चा के बाद) वास्तविक विकास दर का अनुभव किया। 2013 में प्रतिरक्षा साधनों से प्रतिकूल अंशदान के कारण डेनमार्क के पेंशन निधियों का वास्तविक प्रतिलाभ नकारात्मक रहा।

2013 में संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद अधिकतम प्रतिलाभ ऑस्ट्रेलिया (10.2 प्रतिशत), कनाडा (9.8 प्रतिशत), न्यूजीलैंड (9.5 प्रतिशत) और जापान (8.9 प्रतिशत) का रहा। वास्तविक निवल निवेश प्रतिलाभ में पेंशन निधियों के सामान्य कार्य–संपादन के अवमूल्यन में कम लाभ, कम आय तथा मुद्रास्फीति का समायोजन के फलस्वरूप कमी देखी जा सकती है।

पिछले पांच वर्षों के आंकलन के आधार पर पेंशन निधियों का कार्य–निष्पादन साकारात्मक रहा। दिसम्बर 2008 से दिसम्बर 2013 की अवधि में वास्तविक वार्षिक प्रतिलाभ दर 24 ओईसीडी देशों में 2 प्रतिशत से अधिक था जबकि 22 ओईसीडी देशों में सांकेतिक औसत वार्षिक प्रतिलाभ दर 4 प्रतिशत से अधिक था। क्रमशः नीदरलैंड और कनाडा ने 9.6 और 9.1 प्रतिशत की मामूली रूप से अच्छे परिणाम का प्रदर्शन किया और यही दो देश थे जिन्होने विगत अवधि में मुद्रास्फीति के बावजूद 7.4 प्रतिशत की वास्तविक प्रतिलाभ के बराबर बेहतर प्रदर्शन किया। 11 देशों की वास्तविक प्रतिलाभ दर 4 प्रतिशत से अधिक रहा। स्लोवाक रिपब्लिक तथा ग्रीस का परस्पर औसत वास्तविक लाभ 5 वर्षों में सबसे कम रहा।

चुनिंदा गैर–ओईसीडी के पेंशन निधियों में 5.6 प्रतिशत का औसत वार्षिक निवेश प्रतिलाभ दर देखा गया, ओईसीडी देशों की औसत से थोड़ा ज्यादा (4.7 प्रतिशत)। पाकिस्तान में 11.2 प्रतिशत से मॉरिशस –3.8 प्रतिशत के बीच रहा। दो देशों में पेंशन निधि पाकिस्तान से उपर रहा और वास्तविक प्रतिलाभ 10 प्रतिशत से अधिक रहा; नामीबिया और मालदीव (दोनो में 10.8 प्रतिशत) रहा। अन्य मामलों में कोलंबिया और मॉरिशस में 2013 में नकारात्मक कार्य–सम्पादन रहा।

पिछले 5 वर्षों से प्राप्त सूचनानुसार सभी गैर–ओईसीडी देशों में सांकेतिक औसत निवेश प्रतिलाभ दर साकारात्मक रहा। 14.0 प्रतिशत के साथ पाकिस्तान का कार्य–सम्पादन वास्तविक रूप से सर्वाधिक रहा; केवल नाइजीरिया का औसत प्रतिलाभ नकारात्मक (–3.5 प्रतिशत) रहा।

पेंशन निधि निवेशः

अधिकांश ओईसीडी देशों में जिनके 2013 के आस्ति आबंटन आंकडे उपलब्ध थे, ऋण तथा शेयर दो मुख्य आस्तियां रहे जिनमें 2013 में पेंशन निधियों में निवेश किया गया। 2013 के अंत में 21 ओईसीडी देशों ने अपने पोर्टफोलियो का 70 प्रतिशत से अधिक निवेश इन आस्ति वर्गों में किया। 2013 में संयुक्त राज्य अमेरिका एक ऐसा देश था जहां पेंशन निधियों ने अपने पार्टफोलियो के सर्वाधिक हिस्से का आबंटन शेयर में किया। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया, चिली और पोलैंड का स्थान रहा। इन चार देशों में पेंशन निधियों का शेयर आबंटन ओईसीडी भारित औसत के कुल निवेश का 40.3 प्रतिशत से अधिक था।

2013 में ओईसीडी देशों में पेंशन निधियों ने अपने आस्तियों का 50 प्रतिशत से अधिक निवेश बिल एवं ऋण में किया। दो देशों अर्थात् चेक रिपब्लिक (86.5 प्रतिशत) तथा हंगरी (83.1 प्रतिशत) में पेंशन निधि पोर्टफोलियो में बिल एवं ऋण का अनुपात 80 प्रतिशत से अधिक था। 2013 में 15 और देशों – चिली, डेनमार्क, जर्मनी, ग्रीस, आइसलैंड, इजरायल, लग्ज़मवर्ग, मेक्सिको, नॉर्वे, पोलैंड, स्लोवाक रिपब्लिक, स्लोवेनिया, स्पेन, स्वेडन और तुर्की बिल और ऋण का पोर्टफोलियो 50 प्रतिशत से अधिक था।

जैसा कि ओईसीडी देशों में, बिल, ऋण तथा शेयर प्रमुख आस्ति वर्ग थे जिसमें पेंशन निधियों ने गैर–ओईसीडी अर्थव्यवस्थाओं में निवेश किया। 2013 में 14 गैर–ओईसीडी देशों में बिल एवं ऋण ने पेंशन निधियों के आस्ति आबंटन का 50 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व किया। कोस्टारिका में पेंशन निधियों ने उत्पादों के व्यापकता एवं अच्छे प्रतिलाभ के कारण अपने सभी आस्तियों का निवेश बिल एवं ऋण में किया। तीन देशों में पेंशन निधियों के पोर्टफोलियो में शेयर का वर्चस्व रहा जो नामीबिया, कोसोवो तथा हांगकांग (चीन) के कुल हिस्से का 50 प्रतिशत था।

तालिका 1.4 : चुनिंदा गैर ओईसीडी देशों में चुनिंदा निवेश श्रेणियों के लिए पेंशन निधि आस्ति आबंटन, 2013

कुल निवेश के प्रतिशत के रूप में



स्रोत : मुख्य पेंशन बाजार, 2014, ओईसीडी

1.4 भारत में पेंशन सेक्टर

वृद्धावस्था जनसंख्या

2011 में हुई जनगणना के अनुसार देश में पूरी जनसंख्या का लगभग 8.6 प्रतिशत भाग वृद्ध आबादी का है। (103.6 मिलियन) प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि से बेहतर जीवन स्तर और बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं होने से वृद्ध आबादी के आकार और प्रतिशत में समय के साथ वृद्धि हो रही है। वास्तव में वृद्ध आबादी की वृद्धि दर (60 से अधिक) सामान्य वृद्धि दर से अधिक है। वर्ष 1991 और 2001 के बीच कुल आबादी की वृद्धि दर 21.53 प्रतिशत और वर्ष 2001 से 2011 के बीच 17.64 प्रतिशत की वृद्धि दर के मुकाबले वर्ष 1991 और 2001 के बीच वृद्ध जनसंख्या की वृद्धि दर 35.10 प्रतिशत और वर्ष 2001 से 2011 के बीच यह 35.51 प्रतिशत थी। परिणामस्वरूप कुल जनसंख्या में वृद्ध आबादी का प्रतिशत जो वर्ष 1991 में 6.8 से बढ़कर 7.4 हुआ था वर्ष 2011 में बढ़कर 8.6 प्रतिशत हो गया।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष और हैल्प ऐज इंटरनेशनल द्वारा संयुक्त रूप से जारी ऐजिंग इन 21 सेन्चुरी रिपोर्ट 2012 में कहा गया है कि वर्ष 2000 से 2050 तक 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने वालों की संख्या 360 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। भारत में 2012 में वृद्ध नागरिकों की जो संख्या 100 मिलियन थी उसके 2050 तक 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 323 मिलियन तक पहुंचने की संभावना है।

वृद्धावस्था निर्भरता अनुपात

0 से 14 वर्ष की आयु के लोग, 60 वर्ष आयु समूह के लोग और 15 से 59 वर्ष के आयु समूह के लोगों में से 100 लोगों का अनुपात निर्भरता अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है। निर्भरता अनुपात में गिरावट जनसंख्या के अवस्थांतर को दर्शाती है जहां प्रतिव्यक्ति आय के साथ कार्यरत लोगों का प्रतिशत अधिक हो और देश को जनसांख्यिकी लाभांश से लाभ हो। हालांकि निर्भरता अनुपात में दो प्रकार हैं, युवा निर्भरता अनुपात और वृद्ध निर्भरता अनुपात। 60 वर्ष की आयु समूह और 15 से 59 आयु वर्ग समूह में प्रत्येक 100 व्यक्तियों को वृद्ध निर्भरता अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है। पेंशन प्रणाली के लिए जनसांख्यिकी दबाव का महत्पूर्ण संकेत है। सेवानिवृत्त आयु के लोगों की तुलना में कितने लोग कार्यरत हैं इसे मापने का यह एक पैमाना है।

निर्भरता अनुपात में वृद्धि के कारण कार्यरत जनसंख्या पर अधिक आर्थिक दवाब पड़ता है। अनुपात बढ़ने से जनसंख्या के उत्पादक समूह पर आर्थिक रूप से निर्भर लोगों की जीविका का प्रबंधन करने का अतिरिक्त बोझ बढ़ जाता है। जिसके परिणामस्वरूप सामाजिक सुरक्षा के ऊपर होने वाले वित्तीय खर्च के रूप में प्रत्यक्ष तथा कई अप्रत्यक्ष परिणाम सामने आते हैं। भारत में वृद्धावस्था निर्भरता अनुपात वर्ष 1991 के 12.2 से बढ़कर वर्ष 2001 में 13.1 प्रतिशत और वर्ष 2011 में 14.2 प्रतिशत तक बढ़ गया। हालांकि अमरीका और युरोप जैसे विकसित देशों की तुलना में भारत में यह अनुपात काफी कम है लेकिन यह तेजी से बढ़ रहा है।

भारत में पेंशन परिदृश्य तथा एकीकृत पेंशन विनियामक भाासन पद्धति की आवश्यकता

भारत में पेंशन प्रणाली का विवरण :

भारतीय पेंशन परिदृश्य में, गैर–अंशदायी सामाजिक पेंशन योजनाए जो कि सरकार द्वारा वित्त प्रदत्त है न्यूनतम सुरक्षा प्रदान करती हैं जैसे – राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी), अनिवार्य पेंशन योजनाएं जो उपयोगानुसार भुगतान आधार पर हैं जैसे – कर्मचारी भविष्य निधि, नागरिक सेवा पेंशन, कर्मचारी पेंशन योजनाएं (ईपीएस) तथा अन्य वैधानिक पेंशन निधि योजनाएं, सरकारी कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली तथा निजी क्षेत्रों के कर्मचारी एवं स्व–नियोजित कर्मचारियों तथा असंगठित क्षेत्रों सहित जैसे सभी नागरिकों के लिए एनपीएस, निजी पेंशन, सेवानिवृत्ति और उम्र के आधार पर सेवानिवृत्ति जैसी पेंशन योजनाएं शामिल हैं।

1994 के 'वृद्धावस्था जोखिम को टालने' के अपने रिपोर्ट में विश्व बैंक ने वृद्धावस्था आय सुरक्षा के प्रावधान के लिए तीन स्तम्भों वाली वृद्धावस्था आय सुरक्षा प्रणाली प्रदान की। विश्व बैंक के होल्ज़मान एण्ड हिन्ज़ (2005) ने इसका पांच स्तम्भों वाली वृद्धावस्था आय सुरक्षा प्रणाली में विस्तार किया।

स्तम्भ 0 : सर्वव्यापी सरकारी वित्त की ओर से गैर–अंशदायी बुनियादी पेंशन।

स्तम्भ 1 : उपयोगानुसार भुगतान आधारित अनिवार्य सरकारी वित्त योजनाएं।

स्तम्भ 2 : वित्तीय आस्तियों के साथ अनिवार्य एवं पूर्णतया वित्त प्रदत्त, व्यावसायिक, व्यक्तिगत पेंशन योजनाएं। इसके अंतर्गत हैं – परिभाषित अंशदान योजनाएं जो अंशदान, निवेश निष्पादन तथा लाभ का समायोजन करती हैं।

स्तम्भ 3 : वित्तीय आस्तियों के साथ स्वैच्छिक एवं पूर्णतया वित्त प्रदत्त, व्यावसायिक, व्यक्तिगत पेंशन योजनाएं हैं।

स्तम्भ 4 : पेंशन प्रणाली के बाहर गैर–वित्तीय स्वैच्छिक प्रणाली जिनमें शामिल हैं – वित्तीय एवं गैर– वित्तीय आस्तियां एवं पारिवारिक आश्रय।

उपरोक्त बहु तत्वीय प्रणाली इस बात को ध्यान में रखते हुए बनायी गई है कि विविधताओं वाली प्रणाली प्रभावी तरीके से सेवानिवृत्ति आय सुनिश्चित कर सकती है। बहु स्तम्भीय प्रणाली एकल स्तम्भीय प्रणाली से ज्यादा लचीली है और जनसंख्या की मुख्य एवं विभिन्न लक्षित समूहों की जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा करती है और पेंशन प्रणाली की आर्थिक, क्षेत्रीय एवं राजनीतिक जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करती है।

जैसा कि विश्व बैंक द्वारा निर्धारित किया गया है, भारतीय पेंशन प्रणाली को विभिन्न स्तम्भों के तहत् इस प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है:

स्तम्भ 0 में साधन परीक्षित सरकारी वित्त आधारित बेसिक पेंशन योजनाएं जो वृद्धावस्था एवं निहसहायों को पेंशन प्रदान करती हैं।

कमजोर हो रहे पारिवारिक एवं सहायता प्रणाली और वृद्ध व्यक्तियों की बढ़ती संख्या के परिणामस्वरूप निःसहाय तथा वृद्ध व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा नेट प्रदान करने में भारत सरकार को बड़ी भूमिका निभानी पड़ी। 1995 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) को अपनाया जो तीन घटकों से बना था : राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (एनओएपीएस), राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना (एनएफबीएस), और राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना (एनएमबीएस)।

एनएसएपी में अब निम्नलिखित पांच योजनाएं शामिल हैं :

1. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (आईजीएनओएपीएस) : इस योजना के तहत् 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के गरीबी रेखा से नीचे के व्यक्ति 79 वर्ष तक 200/– रूपये और 80 वर्ष तथा उससे अधिक के व्यक्ति 500/– रूपये मासिक पेंशन के हकदार हैं। अधिकांश राज्य 200 से 1000 रूपये की बराबर या अधिक मासिक राशि के द्वारा अंशदान को अतिरिक्त रूप से पूरा कर रहे हैं। वर्ष 2014–15 में 2.62 करोड़ अभिदाता लाभान्वित हुए हैं।
2. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्लूपीएस) : 40 से 79 वर्षों की विधवा जो गरीबी रेखा से नीचे हैं रूपये 300/– और 80 वर्ष से अधिक की विधवाएं रूपये 500/– मासिक पेंशन की हकदार हैं।
3. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना (आईजीएनडीवीएस) : 18 से 79 वर्षों के गरीबी रेखा से नीचे के गंभीर विकलांगता वाले व्यक्ति 79 वर्ष की आयु तक रूपये 300/– और 80 तथा उससे उपर के व्यक्ति रूपये 500/– मासिक पेंशन के हकदार हैं।
4. राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना (एनएफबीएस) : इस योजना के तहत् पालनकर्त्ता/अर्जक की मृत्यु होने पर 18 से 64 वर्ष के बीच गरीबी रेखा से नीचे के परिवार एकमुश्त राशि के हकदार हैं। सहायता राशि 10,000/– रूपये है।
5. अण्णपूर्णा : इस योजना के तहत् हर महीने मुफ्त में 10 किलो अनाज उन वरिष्ठ नागरिकों को दिया जाता है जो योग्य हैं फिर भी एनओएपीएस के तहत् शामिल नही हैं। सन् 2012–13 में 6.39 लाख अभिदाता लाभान्वित हुए हैं।

एनएसएपी के अंतर्गत लगभग 2.62 करोड़ लाभार्थी शामिल हैं जो 2014–15 के दौरान गरीबी रेखा से नीचे थे। राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत योजनाएं खपत व्यय की सहायता के लिए है और ये वित्तीय बचत को बढ़ावा नही देते तथा इनमें मामूली लाभार्थी का चुनाव, निम्न कवरेज एवं बड़े पैमाने पर लीकेज की समस्याएं हैं।

स्तम्भ 1 में अनिवार्य सरकारी पेंशन योजना शामिल हैं जो अंशदान के साथ सार्वजनिक रूप से प्रबंधित है और कुछ मामलों में, सरकार द्वारा पूर्णतः वित्त प्रदत्त है।

पेंशनधारकों में पुराने परिभाषित लाभ पेंशन योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार के कर्मचारी जो 01 जनवरी 2004 से पहले शामिल थे तथा राज्य सरकार के कर्मचारी शामिल हैं। केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के पेंशन से संबंधित नीति निर्धारण के लिए पेंशन तथा पेंशनधारक कल्याण विभाग नोडल विभाग हैं। रेल एवं रक्षा मंत्रालय के पेंशनधारक अलग से स्थापित प्रशासनिक व्यवस्था द्वारा विशेष पेंशन नियमों से शासित होता है। राज्य सरकार से जुड़े पेंशन मामले संबंधित राज्य सरकारों द्वारा निपटाये जाते हैं।

अधिक अनियमित श्रमिकों की संख्या के कारण भारत की कर एवं सामाजिक सुरक्षा आधार कम है। इसके अतिरिक्त, सकल घरेलु उत्पाद के 70 प्रतिशत से अधिक सार्वजनिक ऋण के साथ भारत की आर्थिक स्थिति ऐसी नही कि कर प्रदत्त् जीरो पीलर योजनाओं को लागू करे, जो आबादी के लिए व्यापक सामाजिक सुरक्षा/वृद्धावस्था आय सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं।

स्तम्भ 2 में वित्तीय आस्तियों के साथ अनिवार्य और पूर्णतया निधिबद्ध व्यावसायिक अथवा निजी पेंशन योजनाएं सम्मिलित है और इसमें एनपीएस के अंतर्गत केन्द्र तथा राज्य सरकार के कर्मचारी शामिल हैं जो पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा प्रबंधित है। (31.03.2015 को अभिदाताओं की संख्या 41.42 लाख थी)।

निजी संगठित क्षेत्र के कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावध ाान अधिनियम, 1952 (ईपीएफ एण्ड एमपी एक्ट) तथा अन्य वैधानिक सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे कोयला खदान भविष्य निधि, सीमेंस भविष्य निधि आदि के अंतर्गत कवर हैं।

कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) का एक अंग है जो उम्र के आधार पर सेवानिवृत्ति, सेवानिवृत्ति, पूर्णरूप से स्थायी विकलांगता, विधवा अथवा विध ुर, बाल अथवा अनाथ के लिए पेंशन प्रदान करती है। इसे पूर्णतया निधिबद्ध परिभाषित लाभ (डीबी) के रूप में सभी ईपीएफ सदस्यों को कवर करने के लिए तैयार किया गया है। ईपीएफ के तहत् लगभग 4 करोड़ सदस्यों के होने का अनुमान है। सरकार ने हाल ही में ईपीएस के अंतर्गत सभी पेंशनधारकों को न्यूनतम 1000/– रूपये की पेंशन देने का निर्णय लिया है।

2. नाविक भविष्य निधि अधिनियम, 1966 को छोड़कर, संगठित मजदूरों के लिए चार अन्य वैधानिक सामाजिक सुरक्षा योजनाएं हैं जिनके अंतर्गत भविष्य निधि का प्रावधान है। ये सब निम्नलिखित प्रावधानों के अंतर्गत कवर हैं :

1. कोयला खदान भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1948;
2. नाविक भविष्य निधि अधिनियम, 1966;
3. असम चाय बागान भविष्य निधि और पेंशन निधि योजना, 1955; एवं
4. जम्मु एवं कश्मीर कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1961

नवीन पेंशन प्रणाली की शुरूआत

सरकार ने 01 जनवरी, 2004 से, 22 दिसम्बर, 2003 की एक अधिसूचना के द्वारा सशस्त्र बलों को छोड़कर, केन्द्र सरकार के नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए परिभाषित अंशदान पर आधारित नवीन पेंशन योजना (एनपीएस) की शुरूआत की जिसे अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के नाम से जाना जाता है। सरकार ने अक्तुबर, 2003 में एक सरकारी प्रस्ताव के माध्यम से वैधानिक नियामकों के लिए एक प्रणेता के रूप में अंतरिम नियामक, अंतरिम पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) की स्थापना की है। इस प्रस्ताव को 14 नवम्बर, 2008 को पुनः जारी किया गया था। एनपीएस की रूप रेखा की विशेषता है कि यह स्वयं–संवहनीय, मापक्रमणीयता, अलग–अलग विकल्प, अधिकतम पहुंच, कम लागत फिरभी प्रभावी, और सक्षम विनियम पर आधारित पेंशन प्रणाली है। पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 के अधिनियमन के बाद पीएफआरडीए एक वैधानिक पेंशन सेक्टर विनियामक बन गया जिसे 01 फरवरी, 2014 से लागू किया गया।

स्तम्भ 3 में वित्तीय आस्तियों के साथ स्वैच्छिक एवं पूर्णतया निधिबद्ध व्यावसायिक अथवा निजी पेंशन योजनाएं शामिल हैं जिसमें एनपीएस के अंतर्गत निजी क्षेत्रों और असंगठित क्षेत्रों (31.03.2015 को अभिदाताओं की संख्या 46.7 लाख थी), जीवन बीमा कम्पनी एवं म्युचुअल फंड द्वारा प्रायोजित सेवानिवृत्ति एवं पेंशन योजनाएं जो सेबी एवं आईआरडीए द्वारा प्रशासित योजनाएं हैं। इनकी पहुंच केवल 3.5 लाख अभिदाताओं तक सीमित रही है।

भारत में देशव्यापी सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के अभाव में (कार्यरत जनसंख्या की लगभग 12 प्रतिशत का औपचारिक पेंशन कवरेज होने से), उम्रवृद्धि तथा सामाजिक परिवर्तन असंगठित क्षेत्रों में पेंशन सुधार लाने में महत्वपूर्ण रहे हैं, परिभाषित लाभ पेंशन प्रणाली की वित्तीय तंगी संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए पेंशन सुधारों को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण कारण रहा है। एनएसएसओ की 68वें राउण्ड सर्वे 2011–12 के अनुसार श्रमिक की संख्यां लगभग 47.29 करोड़ थी जिसमें केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं ईपीएफओ के अंतर्गत संगठित क्षेत्रों के कर्मचारी, जीवन बीमा कंपनी की निजी पेंशन लाभ के तहत् 5.6 करोड़ कर्मचारी थे। पहले एवं दूसरे स्तम्भ के माध्यम से कवरेज प्रदान करने में व्यवहारिक एवं वित्तीय कठिनाइयों को देखते हुए पेंशन व्यवस्थाओं तथा कम हो रहे पारिवारिक सहारा, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति बचत को भारत में पेंशन प्रणाली कवरेज प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण नीति साधन के रूप में देखा गया। औपचारिक पेंशन प्रणाली के अंतर्गत असंगठित क्षेत्रों के कामगारों में अधिक कवरेज हासिल करने के लिए (47.29 करोड़ की कुल श्रमिकों में से लगभग 88 प्रतिशत श्रमिक बिना किसी औपचारिक पेंशन प्रावधान के हैं) एनपीएस का विस्तार किया गया है, जो वित्तीय रूप से स्वयं–संवहनीय, कम लागत और प्रभावी प्रणाली है। सभी नागरिकों को एनपीएस कवर प्रदान करने में योग्य अभिदाताओं के बीच प्रचार अभियान के माध्यम से जागरूकता तथा वित्तीय साक्षरता को बढ़ाना एवं अन्य दीर्घकालीन बचत साधनों के साथ कर समता को सुनिश्चित करना, एनपीएस के बाजार एवं वितरण नेटवर्क को बढ़ाना बड़ी चुनौतियां हैं।

सरकारी क्षेत्र के लिए पहले शुरू किए गए एनपीएस का विस्तार नये क्षेत्रों जैसे कि – स्वायत्त निकायों, राज्य सरकार और असंगठित क्षेत्र में भी किया गया। राज्य सरकारो द्वारा एनपीएस को जबर्दस्त रूप से अपनाया गया। 27 राज्य सरकारों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों ने अपने नये कर्मचारियों के लिए एनपीएस को अपनाने के लिए अधिसूचना जारी की। असंगठित क्षेत्रों के लोगों को अपने वृद्धावस्था के लिए स्वैच्छिक बचत को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने सितम्बर, 2010 में स्वावलम्बन योजना की शुरूआत की जिसके तहत् केन्द्र सरकार न्यूनतम अंशदान 1000/– और अधिकतम अंशदान 12,000/– प्रतिवर्ष वित्तीय वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 के दौरान खोले गये प्रत्येक एनपीएस खातों में कुल 1000/– रूपये का अंशदान देगी। इसके बाद, सरकारी सह–अंशदान का लाभ कुल पांच वर्षों अर्थात् 2016–17 तक दिया जायेगा।

प्रधानमंत्री द्वारा अटल पेंशन योजना की शुरूआत 9 मई, 2015 को की गई तथा असंगठित क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए योजना को 1 जून, 2015 से लागू किया गया ।

स्तम्भ 4 में अनौपचारिक सहायता प्रणाली तथा अन्य सामाजिक कार्यक्रम यथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम एवं इंदिरा आवास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत योजनाएं आदि शामिल हैं।

एकीकृत पेंशन योजना विनियामक शासन–पद्धति की आवश्यकता :

पीएफआरडीए अधिनियम को विशिष्ट आदेश के साथ वृद्धावस्था आय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 01 फरवरी, 2014 को अधिसूचित किया गया। पीएफआरडीए की अनुच्छेद 12 के अनुसार, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली स्पष्टतया पीएफआरडीए के परिधि के अंदर है, अनुच्छेद 12 (1) में यह भी कहा गया है कि अधिनियम किसी अन्य पेंशन योजनाओं पर भी लागू होंगी जो किसी अन्य अध्यादेश द्वारा विनियमित नही हैं। हालांकि, वित्तीय उत्पादों जैसे पेंशन/सेवानिवृत्ति/उम्र के आधार पर सेवानिवृत्ति योजनाएं अथवा योजना जो पूर्व में थीं तथा जो अभी भी सेबी तथा आईआरडीएआई के साथ पेंशन उत्पाद के रूप में पंजीकृत और पीएफआरडीए अधिनियम की अधिसूचित होने के बाद भी म्युचुअल फंड एवं बीमा कम्पनियों द्वारा चलाये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, बहुत सारे सुपरएन्वेसन निधि जिसे

कर्मचारियों एवं नियोजकों के अंशदानों से जो कर्मचारियों को स्वैच्छिक आधार पर सुपरएन्वेसन/पेंशन लाभ देने के लिए बना है। इन सुपरएन्वेसन निधि न्यास का निर्माण दोनो निजी एवं सरकारी क्षेत्रों के विभिन्न कॉरपोरेटों द्वारा किया गया है जो नियोजको और कर्मचारियों के वैसे न्यास निधियों में अंशदानों लिए कर छूट प्राप्त करने के लिए आय कर अधिकारियों की स्वीकृति की मांग करते हैं।

यद्यपि आय कर नियम न्यास निधियों के स्थापित होने के लिए स्वीकृति प्रक्रिया, उनका प्रबंधन एवं उनके निधियों के निवेश के लिए शर्तें निर्धारित करते हैं परन्तु इनके लाभार्थियों की शिकायतों का निवारण एवं हितों की सुरक्षा किसी विनियामक द्वारा नही होती।

पीएफआरडीए अधिनियम के तहत् विनियमों में पंजीकरण, प्रबंधन, रेकॉर्डकीपिंग एवं संचित पेंशनों के वितरण से जुड़ी संस्थाओं का पंजीकरण, योजनाओं की स्वीकृति एवं पेंशन निधि के प्रबंधन के नियम, और अभिदाताओं के हितों की सुरक्षा निर्धारित है।

पीएफआरडीए अधिनियम के अधिसूचित होने के पश्चात् से पीएफआरडीए का यह प्रयास है कि वह ऐसी गैर विनियमित पेंशन/सुपरएन्वेशन/सेवानिवृत्ति योजनाएं/योजनाएं को पहचाने। इस संबंध में पीएफआरडीए ने सार्वजनिक सूचना भी जारी की तथा सीबीडीटी से सुपरएन्वेशन निधि के कार्यपद्धति के आंकड़ो का आदान–प्रदान करने का भी अनुरोध किया जिसकी स्वीकृति आयकर अधिनियम के तहत् विभिन्न आयकर आयुक्तों द्वारा दी गई। पीएफआरडीए ने यह भी प्रस्ताव रखा कि विभाग में राजस्व आवेदन जमा करने के समय न्यासों/निधियों से हलफनामा देने के लिए कहा जाय सुपरएन्वेसन निधि/न्यास पीएफआरडीए अधिनियम तथा उनके तद्दीन बनाए गए नियमों और विनियमों के द्वारा शासित होंगे और न्यास/सुपरएन्वेसन निधियों को राजस्व विभाग द्वारा जारी स्वीकृति पत्र की एक प्रति पीएफआरडीए द्वारा समर्थित होनी चाहिए तथा वैसे न्यासों/निधियों की विनियमों के तहत् आगे की जांच और निगरानी हो सके।

यह महसूस किया गया कि सभी पेंशन, सेवानिवृत्ति, सुपरएन्वेसन एवं भविष्य निधि योजनाएं/योजनाएं जो आवश्यक रूप से पुराने वृद्धावस्था आय सुरक्षा के नाम हैं। इन्हें पीएफआरडीए के विनियामक दायरे में आना चाहिए जब तक कि विशेष रूप से किसी अध्यादेश के तहत् नियमित नही हैं। वर्तमान खण्डित तथा विविध पेंशन क्षेत्र विनियमों और निरीक्षण के लिए कुछ समस्याएं खड़ी कर सकती हैं परिणामस्वरूप आर्बीट्रेज तथा विनियामकीय अंतर होगा जिसका दुष्परिणाम निवेशकों के हितों को होगा। इसीलिए वृद्धों एवं पेंशन उद्योग की स्थिरता के लिए एकीकृत पेंशन शासन पद्धति तथा एकीकृत विनियमों की गंभीर आवश्यकता है। पीएफआरडीए अधिनियम के पास होने के बाद बाजारों को यह स्पष्ट संदेश दिया जाना चाहिए कि वृद्धावस्था आय सुरक्षा प्रदान करने वाली सभी स्कीम पीएफआरडीए द्वारा पंजीकृत तथा विनियमित होनी चाहिए। यह सब संसदीय इच्छाओं एवं पीएफआरडीए अधिनियम के अंतर्गत इरादों के बीच सामंजस्य स्थापित करेगा।

1.4.1 एनपीएस– अब तक की यात्रा

वर्ष 2004 में, भारत सरकार ने लोक सेवा पेंशन योजना में एक बड़ा परिवर्तन करते हुए नई, परिभाषित अंशदान पेंशन योजना जिसे अब राष्ट्रीय पेंशन योजना के नाम से जाना जाता है, की शुरूआत की। नई प्रणाली के अंतर्गत केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण (सीआरए) और पंजीकृत पेंशन निधियों और व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति खातों, जिनका प्रबंधन पीएफआरडीए द्वारा किया जाता है, का इस्तेमाल किया जाता है। प्रारंभ में, यह 01.01.2004 से केवल केन्द्र सरकार लोक सेवा में नये भर्ती होने वाले कर्मचारियों के लिए थी, लेकिर धीरे–धीरे इसका विस्तार राज्य कर्मचारियों के लिए भी कर दिया गया।

एनपीएस की शुरूआत निजी सेक्टर और अनऔपचारिक सेक्टर के कर्मचारियों सहित सभी भारतीय नागरिकों के लिए मई 2009 में स्वैच्छिक आधार पर की गई। सरकार द्वारा एनपीएस का विस्तार की रूपरेखा मुख्य रूप से भारत के अनऔपचारिक क्षेत्र के लोगों को कम लागत सेवा निवृत्ति प्रणाली उपलब्ध कराने के लिए थी। स्वैच्छिक एनपीएस कार्यक्रम के प्रमुख लक्ष्य व्यवसायी, छोटे करोबारी और उनके कर्मचारी, कृषि श्रमिक और दिहाड़ी पर काम करने वाले कर्मचारी हैं।

एनपीएस की स्वीकार्यता इस बात को सुनिश्चत करती है कि एनपीएस योजना, मापनीय, कम लागत, सरल, सवंहनीय, लचीली है। डाक घरों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और अन्य संस्थाओं ने अपने कर्मचारियों को एनपीएस खाते खुलवाने के लिए अपने आप को सूचीबद्ध करवाया है। पीएफआरडीए, एक पेंशन नियामक के रूप में निरीक्षक की भूमिका अदा करता है और संभावित अभिदाताओं के मध्य जागरूकता फैलाने और शिक्षित करने का काम करता है।

असंगठित क्षेत्र को एनपीएस में शामिल करने के लिए सरकारी अंशदान के साथ एक अन्य योजना – एनपीएस स्वावलम्बन (एनपीएस –एस) की शुरूआत 2010 में की गई। 2010 में, सरकार ने व्यक्तिगत एनपीएस खातों में, जिन्होंने स्वालम्बन योजना में 1000 से 12000 रूपये का वार्शिक अंशदान किया को, उनमें प्रतिवर्ष रूपये 1000/– का समान अंशदान करने की घोषणा की। इन खातों को कम शुल्क और आशावादी विशेषताओं से युक्त' एनपीएस–लाईट खातों' के नाम से जाना जाता है।

एनपीएस लाइट/स्वावलम्बन के अंतर्गत लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच बनाने के उद्देश्य से अगस्त अंत 2010 में अधिकांश गैर सरकारी संगठनों, लघु वित्तीय और स्वयं सहायताप्राप्त समूहों को कम लागत पर शिकायत निवारण और आकंडों के प्रदर्शन के साथ–साथ समूह आधार पर नामंकन (पेंशन शिक्षा और प्रशिक्षण सहित) और विपणन के लिए पीएफआरडीए द्वारा एग्रीगेटरों के रूप में पंजीकृत किया। एग्रीगेटरों को प्रति नामांकन पर अधिलाभ मात्रा के साथ निश्चित दरका भुगतान किया गया।

अपने परिचालन के साढ़े चार वर्ष पूरे करने के बाद मार्च 2015 तक एनपीएस–लाइट/स्वालम्बन योजना के स्वैच्छिक सदस्यता लगभग 41.46 लाख तक पहुंच गई। प्रति सदस्य औसत बचत अतिशेष रूपये 3,872 था।

इस योजना को कम अपनाये जाने का कुछ हद तक कारण इसके प्रतिलाभ का पूर्णतः बाजार आधारित होना रहा। कम आय वाले अभिदाता, जिनके लिये यह योजना शुरू की गई थी, सदैव निश्चित न्यूनतम प्रतिलाभ का आश्वासन चाहते थे।

वर्ष 2015–16 के बजट भाषण में, असंगठित क्षेत्र के कामगारों को ध्यान में रखते हुए भारतीय वित्त मंत्री ने 'अटल पेंशन योजना ' के नाम से एक नई पेंशन योजना की घोषणा की। 18 से 40 वर्ष के आयु समूह के मौजूदा एनपीएस स्वालम्बन अभिदाता एपीवाई में स्थानांतरित किये जायेंगे। एपीवाई के अंतर्गत अभिदाताओं द्वारा चुनी गई अंशदान राशि के आधार पर उन्हें रूपये 1000 से 5000 तक निश्चित पेंशन राशि का भुगतान किया जाता है, जो कि उनकी योजना में शामिल होने की आयु पर निर्भर करता है। यह योजना, अभिदाताओं को तिगुना लाभ प्रदान करती है जैसे – अभिदाता को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर आजीवन पेंशन दी जाएगी और उसके बाद उसके पति/पत्नी को आजीवन समान पेंशन दी जाएगी। अभिदाता और उसके पति/पत्नी दोनों की मृत्यु के बाद नामिति को निधि वापस लौट दी जाएगी। 31 दिसम्बर 2015 से पहले इस योजना में शामिल होने वाले अभिदाताओं के खाते में सरकार द्वारा पांच वर्षो तक रूपये 1000 अथवा अंशदान का 50 प्रतिशत जो भी कम हो, का सह अंशदान किया जाएगा, जो बैंक द्वारा अभिदाताओं के एपीवाई खाते की निधि में जोड़ दिया जाएगा।

निश्चित आंकड़ों के रूप में कुछ सफलाताओं के बावजूद एनपीएस अपने लक्षित समूह के केवल कुछ प्रतिशत तक ही पहुंच बनाने में कामयाब हो पाया है। आकड़े दर्शाते हैं कि मौजूदा योजनाओं को अपनाने और निर्माण के कई लाभ हो सकते हैं साथ ही साथ योजना को जिस रूप में शुरू किया गया उसे विकसित करने, समायोजित करने और लचीलेपन की महत्वता को भी दर्शाते हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या एजेंटों के लिए नई लाभ संरचना और पारितोषिक प्रक्रिया जैसे नये परिवर्तन योजना को उल्लेखनीय ढंग बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं या नहीं।

1.5 एनपीएस से संबंधित मध्यवर्तियां और संस्थाएं

तालिका 1.5 : एनपीएस संरचना और मध्यवर्ती



एनपीएस संरचना में निम्न मध्यवर्तियां शामिल हैं:

उपस्थिति अस्तित्व (पीओपी) और संकलनकर्ता : एनपीएस खातों को खुलवाने, निधियों और निर्देशों की प्राप्ति और प्रेषण और उत्पाद संबंधी सेवाओं को उपलब्ध कराने के साथ–साथ निधियों का निपटान के उद्देश्य के लिए केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण के साथ इलैक्ट्रोनिक संयोजकता के सामर्थ से युक्त यह अभिदाताओं के लिए पारस्परिक क्रियाकलाप के प्रथम केन्द्र के रूप में कार्य करते हैं।

पेंशन निधि

पीएफआरडीए के साथ पंजीकृत और केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण के साथ इलैक्ट्रोनिक संयोजकता से पूर्ण इन्हें अभिदाताओं की पेंशन राशि को प्राप्त करने और प्रबंधित करने तथा निर्दिष्ट रीति में अभिदाताओं को भुगतान करने के लिए अधिकृत किया गया है।

न्यासी बैंक (टी बी)

निर्दिष्ट दिशा निर्देशों के अनुसार प्रारम्भिक भाग में नोडल कार्यालयों, पीओपी और एग्रीगेटरों से निधि प्राप्त करने और पार्श्वसिरे से उन्हे पेंशन निधियों और वार्षिकी सेवा प्रदाताओं को स्थानांतरित करने का कार्य न्यासी बैंक द्वारा किया जाता है। यह दैनिक आधार पर निधि प्राप्ति पुष्टिकरण, निधियों के समायोजन को अपलोड करता है, निधियों के मिलान और दर्ज करने में सीआरए को सहयोग देता है जिन्हें बाद में पीएफएम द्वारा निवेशित किया जाता है।

केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण (सीआरए)

एनपीएस के सभी अभिदाताओं के अभिलेखपालन, प्रशासन और ग्राहक सेवाओं के सभी कार्य सीआरए द्वारा किये जाते हैं। यह एनपीएस प्रणाली की विभिन्न मध्यवर्तियों के बीच एक इंटरफेस के रूप में कार्य करता है। यह सभी अंशदानों और एक कार्यदिवस में प्राप्त मोचन अनुरोधों को समेकित करने के लिए समयबद्ध निपटान प्रक्रिया को अंजाम देता है तदनुसार प्रत्येक निधि प्रबंधक को नेट स्थानांतरण के लिए निर्देश देता है और उसी दिन अभिदाताओं को आबंटित इकांइयों को दर्ज करता है। यह अभिदाताओं के अंशदानों की निगरानी करता है और संबंधित पीएफम और योजना को दैनिक आधार पर निर्देशो और सूचनाओं का प्रेक्षण करता है। यह निधियों के प्रत्याहरण की सुविधा उपलब्ध कराता है और पीएफआरडीए को एमआइएस उपलब्ध कराता है। यह नोडल कार्यालयों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम और अभिदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करता है और नई कार्यप्रणालियों और उपादेयताओं के विकास में योगदान देता है।

वार्षिकी सेवा प्रदाता (एएसपी)

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत और पीएफआरडीए द्वारा सूचीबद्ध ये जीवन बीमा कंपनियां वे मध्यवर्ती हैं जो अभिदाताओं को निकासी पर नियमित मासिक पेंशन उपलब्ध कराती हैं।

एनपीएस न्यासः

न्यास अधिनियम 1882 के अंतर्गत एक न्यास का गठन किया गया है जो निधियों का पंजीकृत अधिठाष्ता है और अभिदाताओं के सर्वोत्तम हित में निधियों के प्रबंधन के लिए उत्तरदायी है।

अभिरक्षक

प्राधिकरण द्वारा विनियमित पेंशन योजनाओं के लिए अभिरक्षक और निक्षेपागार प्रतिभागी सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य अभिरक्षक द्वारा किया जाता है।

एनपीएस का प्रबंधन उच्च सघन तकनीक है और तदनुसार तकनीक सामर्थ युक्त है। तीव्रता, शुचिता और कुशलता सुनिश्चित करने के लिए निधियों और सूचनाओं का संप्रेक्षण इलैक्ट्रोनिक रूप में किया जाता है। पेंशन निधियों का निवेश जो कि गुणवत्ता की पुडेंशियल सीमाओं (साख रेटिंग) और निवेश की मात्रा (सेक्टर/समूह प्रकटीकरण सीमाओं) के साथ विभिन्न निवेश लेखपत्रों को निर्दिष्ट करते हुए निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाता है। अंत में, अभिदाता को सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने के बाद मोचन चरण में वार्षिकी का भुगतान किया जाता है।

1.6 वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का प्रदर्शन

सारणी 1.2 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान प्रदर्शन

सेक्टर	अभिदाताओं की संख्या			अंशदान राशि (रूपये करोड़)			प्रबंधन के अधीन आस्तियां (रूपये करोड़)		
	मार्च 14	मार्च 15	% वृद्धि	मार्च 14	मार्च 15	% वृद्धि	मार्च 14	मार्च 15	% वृद्धि
केन्द्र सरकार	1,357,589	1,511,528	11.34	20,029	27,458.07	37.09	24,188	36,737	51.88
राज्य सरकार	1,991,455	2,630,194	32.07	18,364	29,702.31	61.74	20,211	36,244	79.33
निजी सेक्टर	341,109	460,047	34.87	2,802	5,194	85.39	2,892	6,269	116.76
एनपीएस लाइट	2,816,027	4,146,880	47.26	793	1,380.00	73.93	844	1,606	90.25
योग	**6,506,180**	**8,748,649**	**34.47**	**41,988**	**63,734**	**51.79**	**48,135**	**80,855**	**67.98**

1) एनपीएस के अंतर्गत अभिदाताओं की संख्या

एनपीएस के अंतर्गत अभिदाताओं की संख्या में असाधारण वृद्धि हुई जहां मार्च 2009 में यह संख्या 4.30 लाख थी वहीं मार्च अंत 2015 मे यह 87.48 लाख हो गई। अभिदाताओं की संख्या में यह वृद्धि शुरूआत के वर्षों (2009–10) में अधिक हुई क्योंकि केन्द्र और राज्य सरकार के वे कर्मचारी जिनका नामांकन 01.01.2004 के बाद लम्बित था उन्होंने एनपीएस के अंतर्गत पंजीकरण करवाना शुरू कर दिया। हालांकि, इसके बाद सी जी और एस जी के अंतर्गत अभिदाताओं के पंजीकरण की संख्या रूक जाने के बाद यह वृद्धि धीमी रही। कुल अभिदाता आधार में सरकारी सेक्टर के अभिदाताओं की संख्या का भाग जहां मार्च 2009 में 99 प्रतिशत था वहीं वह मार्च 2015 में गिरकर 47 प्रतिशत रह गया। सर्व नागरिक और स्वालम्बन अभिदाताओं की संख्या के अंश प्रतिशत मार्च 2011 के 26.30 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2015 में 52.87 प्रतिशत हो गया।

तालिका 1.6 : एनपीएस के अंतर्गत अभिदाताओं की वर्षवार संख्या



2) एनपीएस के अंतर्गत प्रबंधन के अंतर्गत आस्तियां

प्रबंधन के अधीन आस्तियां मार्च अंत 2009 के रूपये 2,277 करोड़ से बढ़कर मार्च अंत 2015 में रूपये 80,855 करोड़ हो गयी। एयूएम में यह वृद्धि कुछ सीमा तक अभिदाताओं द्वारा किये गये अंशदान के कारण और कुछ सीमा तक पोर्टफोलियो की मात्रा में वृद्धि के कारण हुई। अभिदाताओं द्वारा किये गये अंशदान में 52 प्रतिशत की वृद्धि के चलते वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान एयूएम में 68 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

तालिका 1.7 : एनपीएस के अंतर्गत वर्षवार एयूएम



3) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में मासिकवार अभिदाताओं की संख्या

तालिका 1.8 वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान एनपीएस में मासिकवार अभिदाताओं की संख्या



वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान के 34.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए अभिदाताओं की संख्या 67 लाख से बढ़कर 87 लाख तक जा पहुंची। निजी सेक्टर और राज्य सरकार सेक्टर में वृद्धि के साथ अधिकांश वृद्धि एनपीएस लाइट/स्वावलम्बन में देखने को मिली। कुल अभिदाता आधार संख्या में सरकारी सेक्टर के अभिदाओं की संख्या मे वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान 51.5 प्रतिशत से घटकर 47.3 प्रतिशत रह गई। हालांकि, निजी सेक्टर के अंशभाग में 5.2 से 5.3 की मामूली वृद्धि हुई और वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान एनपीएस लाइटमें 43.3 प्रतिशत से 47.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

4) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत प्रबंधन के अधीन आस्तियां (एयूएम) और मासिकवार अंशदान

तालिका 1.9 : वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान एनपीएस में मासिकवार एयूएम और अंशदान



अभिदाताओं द्वारा एनपीएस में कुल अंशदान जहां मार्च अंत 2014 में 41,988 करोड़ रूपये था वहीं मार्च 2015 में यह 51.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता हुआ 63,734 करोड़ रूपये हो गया।

प्रबंधन के अधीन आस्तियां 68 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए मार्च 2014 के 48,135 करोड़ रूपये से बढ़कर मार्च अंत 2015 में 80,855 करोड़ रूपये हो गई।

प्रति अभिदाता अंशदान जो कि मार्च 2014 में रूपये 0.65 लाख था वह मार्च 2015 मं 0.73 लाख रूपये हो गया। मुख्य रूप से सी जी सेक्टर के 1.82 लाख प्रतिवर्ष प्रति अभिदाता अंशदान के साथ सभी चार सेक्टरों में प्रति अभिदाता अंशदान में वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, एनपीएस लाईट में प्रति अभिदाता अंशदान रूपये 3300 प्रतिवर्ष दर्ज किया गया जो कि उनके अभिदाताओं के संपोषण के लिए समापक वर्षों में काफी कम है।

5) अंशदान में मासिकवार वृद्धि

तालिका 1.10 : वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान अंशदान में मासिकवार वृद्धि



नवीन पंजीकरण के चलते अंशदान में अधिकांश वृद्धि एनपीएस लाइट में देखी गई।

एनपीएस के लिंगवार अभिदाता वर्णन

सारणी 1.3 विभिन्न सेक्टरों में एनपीएस अभिदाताओं की लिंगवार संख्या

(प्रतिशत में)

लिंग	केन्द्र सरकार	राज्य सरकार	निजी सेक्टर	एनपीएस लाइट	योग
महिला	**10**	**25**	**26**	**77**	**47**
पुरूष	90	75	74	23	53
योग	100	100	100	100	100

47 प्रतिशत एनपीएस अभिदाता महिलाएं है। एनपीएस लाइट में सबसे अधिक महिला अभिदाताओं संख्या के 77 प्रतिशत महिला अभिदाता हैं। निजी सेक्टर की कुल अभिदाता संख्या में 26 प्रतिशत हिस्सा महिला अभिदाताओं का है।

आयु–समूह वार एनपीएस अभिदाता

सारणी 1.4 विभिन्न सेक्टर में आयु–समूह वार एनपीएस अभिदाता

(प्रतिशत में)

आयु समूह	केन्द्र सरकार	राज्य सरकार	निजी सेक्टर	एनपीएस–लाइट	योग
18–30 वर्ष	57	36	55	16	31
30–40 वर्ष	33	42	27	34	36
40–50 वर्ष	8	18	13	34	23
50 वर्ष से अधिक	3	4	5	16	10
कुल योग	100	100	100	100	100

एनपीएस अभिदाताओं में अधिकांश अभिदाता 30 से 40 वर्ष की आयु समूह हैं। इसके बाद 18 से 30 वर्ष के आयु समूह के अभिदाताओं की संख्या है। हालांकि संगठित क्षेत्र जैसे– केन्द्र सरकार, राज्स सरकार और कॉरपोरेट सेक्टर के अभिदाता 18 से 30 वर्ष के आयु समूह के हैं। यह दर्शाता है कि 10 प्रतिशत मौजूदा एनपीएस अभिदाता वर्ष 2025 तक एनपीएस से निकास कर लेंगे, 23 प्रतिशत 2025 से 2035 तक और बाकि 2035 से वर्ष 2057 तक एनपीएस से निकास प्राप्त करेंगे।

1.7 अटल पेंशन योजना

भारत सरकार, गरीब कामगारों की वृद्धावस्था आय सुरक्षा को लेकर काफी संवेदशील हैं और उन्हें एनपीएस में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने और सामर्थवान बनाने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। असंगठित क्षेत्र के कामगारों, जो कि एनएसएसओ के 2011–12 के सर्वेक्षण के 66 वे चरण के अनुसार 47.29 करोड़ की संख्या के साथ कुल श्रमिक बल का 88 प्रतिशत है, उनके दीर्घकालिक जोखिम को हल करने और असंगठित क्षेत्र के कामगारों को उनकी सेवानिवृत्ति के लिए स्वैच्छिक बचत के लिए प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने 2010–11 में स्वावलम्बन योजना की शुरूआत की। 60 वर्ष की आयु मिलने वाले पेंशन लाभों की अस्पष्टता के कारणा उक्त योजना में पर्याप्त संख्या में लोगों ने हिस्सा नहीं लिया। इसीलिए, असंगठित क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय बजट 2015–16 में एक नई पेंशन योजना – अटल पेंशन योजना की घोषणा की गई। इसका प्रशासन पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाता है। एपीवाई के अंतर्गत अभिदाताओं को, उनके द्वारा किये गये अंशदान, कि योजना में उनके शामिल होने पर उनकी आयु पर निर्भर होगा, 60 वर्ष की आयु के बाद प्रतिमाह रूपये 1000 से 5000 रूपये तक की निश्चित पेंशन प्राप्त होगी। एपीवाई में भाामिल होने की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष है। इसलिए, एपीवाई के अंतर्गत अभिदाताओं द्वारा किये गये अंशदान की अवधि 20 वर्ष या उससे अधिक होगी। नामिति को पेंशन निधि की वापसी के साथ अभिदाताओं तथा उसके बाद उसकी पत्नी/पति को मिलने वाले निश्चित पेंशन लाभ की गारंटी सरकार की है। 31 दिसम्बर 2015 से पहले योजना में शामिल होने वाले अभिदाताओं और जो आयकर प्रदाता नहीं है अथवा किसी संवैधानिक सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभांवित नहीं है केन्द्र सरकार ऐसे योग्य अभिदाताओं के खाते में रूपये 1000 वार्षिक अथवा कुल अंशदान का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, का सह–अंशदान पांच वर्षों अर्थात 2015–16 से 2019–20 तक करेगी। इसे बैंक द्वारा अभिदाताओं के एपीवाई खाते में स्थानांतरित किया जाएगा। अभिदाता के पास अभिदाता के बचत बैंक खाते से एपीवाई में ऑटो डेबिट के जरिये मासिक/त्रैमासिक/अर्धवार्षिक अंशदान के लिए एक बैंक खाता होना चाहिए। 18 से 40 वर्ष की आयुवर्ग के मौजूदा स्वावलम्बन अभिदाता एपीवाई में स्थानांतरित किये जायेंगे। सार्वजनिक सेक्टर और निजी सेक्टर के सभी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और शहरी ग्रामीण कॉपरेटिव बैंक अभिदाताओं के पंजीकरण के लिए सीबीएस प्लेटफार्म पर एपीवाई सेवा प्रदाताओं के रूप में पंजीकृत होने के योग्य हैं।

एपीवाई के निधिकरण : सरकार (1) अंतराल निधिकरण के प्रावधान के साथ अभिदाताओं के लिए न्यूनतम पेंशन गारंटी (2) योग्य अभिदाताओं को पांच वर्षों अर्थात वित्तीय वर्ष 2015–16 से वित्तीय वर्ष 2019–20 तक कुल अंशदान का पचास प्रतिशत अथवा 1000 रूपये वार्षिक जो भी कम हो, का सह–अंशदान (3) एपीवाई में शामिल होने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए अंशदान संकलन एजेंसियों जैसे बैंकों /बैंकिंग समतुल्य को प्रोत्साहन राशि सहित प्रचार और विकासात्मक गतिविधियों पर किये गये खर्च की प्रतिपूर्ति करेगी।

1.8 अधिनियम के अंतर्गत शामिल राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अन्य पेंशन योजना के कामकाज से संबंधित नीतियां और कार्यक्रम

क) पीएफआरडीए द्वारा उठाये गये कदम

पीएफआरडीए द्वारा परिपत्र संख्या पीएफआरडीए/2015/16/पीएफएम/7 दिनांक 3.06.2015 को जारी परिपत्र के माध्यम से एनपीएस योजनाओं (सी जी योजनाओं, एस जी योजना, कॉरपोरेट सी जी और एनपीएस की एनपीएस लाइट योजनाओं और अटल पेंशन योजना पर लागू) के लिए संशोधित निवेश संबंधी दिशा निर्देशा जारी किये हैं जो 10 जून 2015 से प्रभावी हैं।

सारणी 1.5 योजना सी जी, योजना एस जी, कॉरपोरेट सी जी , एनपीएस की एनपीएस लाइट योजना और अटल पेंशन योजना के लिए निवेश संबंधी संशोधित दिशा निर्देश

श्रेणी	निवेश पद्धति	निवेश की जाने वाली प्रतिशत राशि
(i)	सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	50% तक
(ii)	ऋण लेख पत्र और संबंधित निवेश	45% तक
(iii)	लघु अवधि ऋण लेख पत्र और संबंधित निवेश	5% तक
(iv)	शेयर और संबंधित निवेश	15% तक
(v)	आस्ति आधारित, न्यास संरचना और विविध निवेश	5% तक

1. बाजपेयी समिति की सिफारिशों के अनुसार आरईआईटीएस, आईएनवीआईटी जैसे नये आस्ति वर्गों को शामिल किया गया है।

2. अभिदाताओं के एनपीएस निवेश में संकेन्द्रण जोखिम को कम करने के लिए सरकारी एनपीएस योजनाओं (सरकारी सेक्टर, कॉरपोरेट सीजी और एनपीस की एनपीएस लाइट योजना और अटल पेंशन योजना पर लागू) प्रायोजक समूह को प्रकटीकरण, शेयर प्रकटीकरण, ऋण प्रकटीकरण, के रूप में प्रतिबंधों/निस्यंदकों को लागू किया गया है।

केन्द्रीय बजट 2015 – 16 – पेंशन सेक्टर के लिए घोषणाएं

1) केन्द्रीय बजट 2015–16 में कर्मचारी भविष्य निधि के संबंध में यह घोषणा की गई है कि कर्मचारियों को दो विकल्प उपलब्ध कराने की आवश्यकता है, पहला, कर्मचारी ईपीएफ अथवा नई पेंशन प्रणाली में से किसी एक का चुनाव कर सकते हैं, दूसरा यह, कि वे कर्मचारी जिनकी मासिक आय एक निश्चित सीमा से कम है उनके लिए ईपीएफ में अंशदान, कर्मचारी के अंशदान को कम किये बगैर और उसे प्रभावित किये बगैर, वैकल्पिक होना चाहिए। यह कर्मचारियों को ईपीएफ और एनपीएस का चुनाव करने की सुविधा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि इसके क्रियान्वयन में अभी कुछ निश्चित मुद्दों को हल करने की आवश्यकता है। ईपीएफ के अंतर्गत, नियोक्ता जिसके पास 20 या उसके अधिक कर्मचारी हैं , वे कर्मचारी जिनकी मासिक आय 15,000 से अधिक है को उनके कर्मचारी पीएफ का अंशदान करना अनिवार्य है।

2) आयकर अधिनियम की धारा 80 सीसीडी (1) और अनुच्छेद 80 सीसीई के अंतर्गत 1,50,000 की उपरी सीमा तहत अभिदाता के वेतन का 10 प्रतिशत भाग कर छूट योग्य है। वित्तीय बिल 2015 के पास होने के परिणामस्वरूप अनुच्छेद 80 सीसीडी (1 ख) के अंतर्गत एनपीएस में निवेश करने पर 50,000रूपये की अतिरिक्त कटौती की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जो अनुच्छेद 80 सीसीई की 1,50,000 रूपये की उपरि सीमा के अतिरिक्त है।

संसद द्वारा पारित बीमा कानून (संसोधन) विधयेक, 2015

बीमा कानून (संशोधन) बिल, 2015 में संसोधन के परिणामस्वरूप भारतीय बीमा कंपनियों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और विदेशी पोर्टफोलियों निवेश सीमा के सभी रूपों सहित संयुक्त विदेशी शेयर निवेश को 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत कर दिया गया। पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, अनुच्छेद 24 के अनुसार पेंशन निधि में विदेशी निवेश सीमा, बीमा सेक्टर में निवेश की सीमा के समान ही रहेगी, और इस प्रकार पेंशन निधियों में भी 49 प्रतिशत तक विदेशी निवेश किया जा सकता है।

अध्याय–2

एनपीएस के अंतर्गत निधियों का निवेश

2.1 योजनाएं

वर्तमान में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत निम्न योजनाएं सक्रिय हैं :

क. सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू योजनाएं

1. केन्द्र सरकार योजना
2. राज्य सरकार योजना

ख. सभी नागरिकों के लिए लागू योजनाएं

1. योजना – ई (टीयर । और टीयर ।।)
2. योजना – सी (टीयर । और टीयर ।।)
3. योजना – जी (टीयर । और टीयर ।।)
4. एनपीएस लाईट योजना *

2.2 निवेश संबंधी दिशा–निर्देश

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और एनपीएस–लाइट योजनाओं के लिए वित्तीय प्रतिभूतियों के विभिन्न श्रेणियों में निवेश के लिए प्रकटीकरण सीमाएं निम्न है:–

सारणी – 2.1 : विभिन्न वित्तीय साधनों में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और एनपीएस लाईट योजनाओं के लिए निवेश संबंधी प्रकटीकरण सीमाएं

क्रम संख्या	श्रेणी	निवेश की जाने वाली एयूएम का प्रतिशत	
		10.06.2015 से पूर्व	10.06.2015 से प्रभावी
(i)	सरकारी प्रतिभूतियां	55 % तक	50% तक
(ii)	ऋण प्रतिभूतियां	40% तक	45% तक
(iii)	मुद्रा बाजार लेखपत्र/लघु अवधि ऋण और सम्बंधित लेखपत्र	5% तक	5% तक
(iv)	शेयर और संबंधित निवेश	15 % तक	15% तक
(v)	आस्ति बैक्ड, न्यास संरचना और विविधा निवेश	-	5% तक

पीएफआरडीए द्वारा विभिन्न एनपीएस योजनाओं के लिए समय–समय पर जारी विस्तृत दिशा निर्देश पीएफआरडीए की वेबसाइट www.pfrda.org.in पर उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त किसी समूह/सेक्टर/स्वामित्व संस्थान के लिए प्रकटीकरण/संकेन्द्रण को प्रतिबंधित करने को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक योजना में प्रायोजक समूह कंपनियों को सभी समूह कंपनियों के प्रदत्त भोयर पूंजी का 5 प्रतिशत अथवा शेयर प्रकटीकरण के अंतर्गत कुल एयूएम का 5 प्रतिशत जो भी कम हो, सभी गैर प्रयोजित समूह कंपनियों का प्रदत्त शेयर पूंजी का 10 प्रतिशत अथवा शेयर प्रकटीकरण के अंतर्गत कुल एयूएम का 10 प्रतिशत जो भी कम हो, का प्रावधान किया गया है।

यदि कॉरपोरेट सेक्टर अथववा सर्वनागरिक क्षेणी का कोई निवेशक किसी निश्चित निवेश पद्धति को नहीं अपनाता है और अपने एनपीएस पोर्टफोलियो का जीवन चक्र अथवा डिफॉल्ट विकल्प में विभिन्न वर्गों में निवेश किया है इस प्रकार होगा :

* इस योजना में एनपीएस स्वावलम्बन योजना और अटल पेंशन योजना शामिल है और निवेश पद्धति केन्द्र सरकार योजना के अनुरूप है।

(i) जीवनचक्र निधि की निवेश पद्धति* (डिफॉल्ट विकल्प)

सारणी 2.2 : जीवनचक्र निधि की निवेश पद्धति (डिफॉल्ट विकल्प)

आयु	आस्ति वर्ग ई (%)	आस्ति वर्ग सी (%)	आस्ति वर्ग जी (%)
35 वर्ष तक	50	30	20
36 वर्ष	48	29	23
37 वर्ष	46	28	26
38 वर्ष	44	27	29
39 वर्ष	42	26	32
40 वर्ष	40	25	35
41 वर्ष	38	24	38
42 वर्ष	36	23	41
43 वर्ष	34	22	44
44 वर्ष	32	21	47
45 वर्ष	30	20	50
46 वर्ष	28	19	53
47 वर्ष	26	18	56
48 वर्ष	24	17	59
49 वर्ष	22	16	62
50 वर्ष	20	15	65
51 वर्ष	18	14	68
52 वर्ष	16	13	71
53 वर्ष	14	12	74
54 वर्ष	12	11	77
55 वर्ष	10	10	80

* डिफॉल्ट विकल्प के मामले में, आस्ति वर्गों के मध्य पुर्नआबंटन अभिदाता की जन्म तिथि पर होगा। निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) को नियमित आधार पर जारी किया जाएगा ताकि निवेशक सही निर्णय लेने में समर्थ हो सकें।

योजना ई के अंतर्गत अधिकतम एयूएम के 50 प्रतिशत इक्विटी भाग के निवेश की अनुमति है। योजना सी और जी के अंतर्गत संबंधित श्रेणियों जैसे कॉरपोरेट ऋण अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में योजना के एयूएम का 100 प्रतिशत तक अधिकतम निवेश किया जा सकता है।

2.3 निवेश की विभिन्न श्रेणियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अन्य योजनाओ का प्रकटीकरण

उपरोक्त वर्णित निवेश संबंधी दिशा निर्देशों के मददेनजर 31 मार्च 2015 को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न वित्तीय लेखपत्रों का वास्तविक प्रकटीकरण निम्न है :–

सारणी 2.3 : विभिन्न साधनों में एनपीएस का प्रकटीकरण

प्रतिभूति का प्रकार	राशि करोड़ में	निवेश का प्रतिशत
जी – सेक्टर प्रकटीकरण	39651	49.04
एसडीएल प्रकटीकरण	2876	3.56
कॉरपोरेट बॉन्ड	27092	33.51
शेयर प्रकटीकरण	8247	10.20
मुद्रा बाजार	433	0.54
एफडी	597	0.74
निवल चालू आस्ति	1959	2.42
कुल एयूएम	80855	100.00

तालिका 2.1 : 31 मार्च 2015 को एनपीएस आस्तियों का वर्गीकरण



सारणी 2.4 : 31 मार्च 2015 को विभिन्न पेंशन निधियों का योजनाओं का राष्ट्रीय प्रतिलाभ

योजना	अवधि	एसबी आईपी एफ	एलआईसी पीएफ	यूटी आई आर एलएल	कोटक पीएफ	आईसी आईसी आई पीएफ	रिलायंस पीएफ	एचडी एफसी पीएफ
सी जी	1 वर्ष अर्थात 2014–15	19.34	18.85	18.58	-	-	-	-
	प्रारंभ से	10.59	10.24	10.06	-	-	-	-
एस जी	2014–15	19.76	19.32	18.82	-	-	-	-
	प्रारंभ से	10.08	10.42	10.17	-	-	-	-
एनपीएस–लाईट	2014–15	19.55	19.35	19.20	19.23	.	.	.
	प्रारंभ से	11.56	11.38	11.54	8.06	.	.	.
आस्ति वर्ग ई	2014–15	28.24	27.22	29.74	28.41	28.65	28.30	28.63
	प्रारंभ से	10.55	23.64	13.17	11.90	13.71	12.46	29.36
आस्ति वर्ग सी	2014–15	15.71	15.35	15.09	15.22	15.72	15.04	15.20
	प्रारंभ से	11.50	13.35	9.69	11.12	11.22	9.34	13.21
आस्ति वर्ग जी	2014–15	20.68	20.87	20.18	19.63	20.75	20.24	19.88
	प्रारंभ से	10.24	15.32	8.65	8.63	8.95	8.29	13.50
आस्ति वर्ग ई-**II**	2014–15	28.48	21.30	31.04	28.12	28.66	28.25	22.77
	प्रारंभ से	10.11	11.23	10.41	10.77	10.47	10.60	18.17
आस्ति वर्ग सी-**II**	2014–15	15.78	12.29	15.30	15.19	15.91	14.97	9.51
	प्रारंभ से	11.07	9.67	9.95	9.50	11.30	9.02	9.32
आस्ति वर्ग ईजी-**II**	2014–15	20.49	19.88	20.27	19.90	20.70	20.44	19.45
	प्रारंभ से	10.49	15.72	10.03	8.39	9.39	8.63	14.97

वर्ष 2014–15 के दौरान एनपीएस योजनाओं के प्रबंधन के दौरान पेंशन निधियों ने केन्द्र सरकार की योजनाओं के लिए 18.99 प्रतिशत, राज्य सरकार की योजना के लिए 19.35 प्रतिशत और एनपीएस लाइट योजना के लिए 19.43 प्रतिशत, कॉरपोरेट सी जी योजनाओं के लिए 19.94 प्रतिशत, योजना ई के लिए 28.28 प्रतिशत, योजना सी के लिए 15.44 प्रतिशत और योजना जी के लिए 20.35 प्रतिशत भारित औसत प्रतिलाभ सृजित किया। इसकी गणना पेंशन निधियों द्वारा घोषित योजना निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) के आधार पर की गई।

प्रारंभ से भारित मिश्रित वार्षिक वृद्धि दर के आधार पर योजना के निवल आस्ति मूल्य से प्राप्त योजना प्रतिलाभ केन्द्र सरकार योजना के लिए 10.46 प्रतिशत, राज्य सरकार योजना के लिए 10.37 प्रतिशत, एनपीएस लाइट योजना के लिए 11.78 प्रतिशत, कॉरपोरेट सी जी योजना के लिए 11.58 प्रतिशत, योजना ई के लिए 13.04 प्रतिशत, योजना सी के लिए 11.53 प्रतिशत और योजना जी के लिए 10.18 प्रतिशत रहा।

अध्याय–3

प्राधिकरण के संवैधानिक कार्य

3.1 मध्यवर्तियों का विनियमन

पीएफआरडीए अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 14 में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली तथा पेंशन योजनाओं के विनियमन, प्रसार तथा क्रमबद्ध विकास के लिए प्राधिकरण की शक्तियों एवं कार्यों को निर्धारित किया गया है जिससे इस प्रकार की योजनाओं तथा प्रणाली के अभिदाताओं के हितों की रक्षा की जा सके।

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अन्य पेंशन योजनाओं का परिचालन पीएफआरडीए द्वारा विभिन्न संस्थाओं जैसे केन्द्र और राज्य सरकार के वेतन एवं लेखा कार्यालय/कोष कार्यालय जो सरकारी कर्मचारियों के पंजीकरण और उनके अंशदान को एनपीएससीएएन पर अपलोड करने के लिए उत्तरदायी है, उपस्थिति अस्तित्व के रूप में बैंक, एनबीएफसी, एमएफआई इत्यादि जो कि कॉरपोरेट, निजी सेक्टर और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के पंजीकरण और उनके अंशदान एनपीएस में अपलोड करने के लिए उत्तरदायी है, संकलनकर्ता, जो समाज के सबसे निचले तबके के अभिदाता विशेषकर अनौपचारिक सेक्टर के अधिभावी अभिदाताओं तक एनपीएस के प्रसार में सहायता करते हैं, सीआरए जो कि व्यक्तिगत पेंशन खातों जिन्हें प्रान कहा जाता है, के अभिलेखपालन के लिए जिम्मेदार हैं और एनपीएस संरचना में संयोजक की भूमिका निर्वाह करता है, न्यासी बैंक दिन प्रति दिन होने वाले निधि प्रवाह और बैंककारी सुविधाओं के लिए उत्तरदायी है, पीएफएम जिन्हें एनपीएस में शामिल अभिदाताओं की पेंशन आस्तियों को प्रबंधित करने और निवेश करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, और अभिदाताओं को मासिक पेंशन उपलब्ध कराने हेतु पीएफआरडीए के साथ सूचीबद्ध एएसपी द्वारा किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान पीओपी, न्यासी बैंक, सकंलकर्ता और एनपीएस न्यास से संबंधित अधिसूचनाओं को अधिसूचित किया गया।

1. पीएफआरडीए (उपस्थिति अस्तित्व) विनियम 2015
2. पीएफआरडीए (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास) विनियम 2015
3. पीएफआरडीए (न्यासी बैंक) विनियम 2015
4. पीएफआरडीए (संकलनकर्ता) विनियम 2015

अन्य मध्यवर्तियों से संबंधित विनियमों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया का कार्य जारी है। पंजीकृत मध्यवर्तियों का विवरण अनुसूचियों से प्राप्त किया जा सकता है।

ये विनियम संस्थाओं – पीओपी, सीआरए, टी बी, पीएफएम इत्यादि के पंजीकरण और चयन के पात्रता मानदंडों, उनके कार्यों, भूमिका और उत्तरदायित्वों, परिचालन के प्रावधानों, विनियमों के अनुपालन और व्यतिक्रम की दशा में शास्ति को निर्धारित करते हैं। इन विनियमों के निर्माण के दौरान अभिदातओं के हितों के उद्देश्यों, पारदर्शिता और निष्पक्षता को ध्यान में रखा गया है।

पीएफआरडीए अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 27 के अनुसार कोई भी मध्यवर्ती, इस अधिनियम के अधीन विनियमित होने के विस्तार तक, इस अधिनियम के उपबंधों और विनियमों के अनुसार प्राधिकरण द्वारा अनुदत्त रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्रों की शर्तों के अधीन या उनके अनुसार पेंशन निधि संबंधी कोई कियाकलाप प्रारंभ नहीं करेगा। प्राधिकरण की स्थापना से पूर्व अंतरिम पीएफआरडीए द्वारा पंजीकृत सभी मध्यवर्तियां, जिसके लिए स्थापना से पूर्व कोई रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र आवश्यक नहीं था, ऐसी स्थापना के छः माह की अवधि तक या यदि उसने छः माह की उक्त अवधि के भीतर ऐसे रजिस्ट्रेशन के लिए कोई आवेदन किया है तो आवेदन का निपटान होने तक, ऐसा करना जारी रख सकेगा। स्पैनको लि0 और सहज ए विपेज नामक दो संकलनकर्ताओं का रजिस्ट्रीकरण, नवीकरण के लिए वित्तीय संवहनीयता के पात्रता मानदंडों को पूरा न करने के कारण निरस्त कर दिया गया था।

3.2 पेंशन योजनाओं का पंजीकरण और विनियमन

पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राधिकरण को अधिनियम के अनुच्छेद 12 की उप धारा (1) के उप खंड (ख) के अंतर्गत उल्लेखित अन्य पेंशन योजनाओं राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली को ऐसी योजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने, उनके नियमों व शर्तों, पेंशन निधियों के निधि के प्रबंधन के लिए नियमों को निर्धारित करने, ऐसी योजना के अंतर्गत मार्गदर्शक सिद्धांतो और पेंशन निधियों की विभिन्न योजनाओं में अभिदाताओं के अंशदान की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अभिदाताओं के हितो की रक्षा करने के लिए उन्हें विनियमित करने की शक्ति प्रदान करता है।

तदनुसार भारतीय सीमा में परिचालित वार्षिकी और सेवानिवृत्त निधियों सहित सभी पेंशन निधि और योजना को अपने परिचालन और गठन, उनकी योजना के अंतर्गत शामिल अभिदाताओं की संख्या, नियमों और नामांकन की शर्तों से संबंधित दस्तावेजों को प्राधिकरण के पास जमा कराने से संबंधित एक नोटिस जारी किया गया है।

3.3 अभिदाताओं के निकास संबंधी रिपोर्ट

3.3.1 आंशिक प्रत्याहरण

पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 20 (2 ख) के अनुसार व्यक्ति पेंशन लेखा से प्रत्याहरण को, जो अभिदाता द्वारा किये गये अंशदान के पच्चीस प्रतिशत से अधिक का नहीं होगा, ऐसी शर्तों, जैसे कि प्रयोजन, अंतराल और परिसीमाएं, रहते हुए जो विनियमों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं, अनुज्ञात होगा। पीएफआडीए ने आंशिक आहरण की शर्तों के साथ निकास और प्रत्याहरण के लिए विनियम को अधिसूचित किया है। पीएफआरडीए (निकास और प्रत्याहरण) विनियम के अनुसार एनपीएस में शामिल होने के 10 वर्ष पूरे करने पर ऐसा आंशिक प्रत्याहरण बच्चों की उच्च शिक्षा और उनकी शादी, मकान के निर्माण व खरीद और निर्दिष्ट बीमारियों के ईलाज जैसे प्रयोजनों के लिए, किये गये अंशदान के पच्चीस प्रतिशत से अनधिक अनुज्ञात होगा। बीमारी के अतिरिक्त, किन्ही दो आहरणों में पांच वर्षों के अंतराल की शर्त के अधीन अधिकतम ऐसे तीन प्रत्यारण अनुज्ञात होंगे।

3.3.2 स्वीकृत, निपटान और बकाया प्रत्याहरण दावों की संख्या

अभिदाता निम्न शर्तों के अध्यधीन एनपीएस से निकास कर सकता है : हालांकि प्रत्येक परिस्थिति में निकास भिन्न होगा, जैसा निर्धारित किया गया है:–

1. 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर (अधिवार्षिता) : अभिदाता के संचित पेंशन धन में से कम से कम चालीस प्रतिशत भाग का उपयोग, मासिक पेंशन का उपबंध करने के लिए वार्षिकी क्रय करने के लिए उपयोग किया जाएगा और ऐसे उपयोजन के पश्चात संचित पेंशन धन के अतिशेष का एकमुश्त रूप से अभिदाता को भुगतान कर दिया जाता है। हालांकि अभिदाता के पास एकमुश्त आहरण को 70 वर्ष की आयु तक आस्थगित करने का विकल्प मौजूद है।
2. 60 वर्ष की आयु से पूर्व किसी भी समय (अपरिपक्व): संचित पेंशन राशि के लगभग 80 प्रतिशत भाग का इस्तेमाल अभिदाता को मासिक पेंशन उपलब्ध कराने के लिए वार्षिकी की खरीद के लिए किया जाएगा और अभिदाता को बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान कर दिया जाता है।
3. अभिदाता की मृत्यु होने पर : समग्र पेंशन राशि (100 प्रतिशत) को अभिदाता के नामिति/कानूनी हकदार को कर दिया जाएगा और किसी प्रकार की वार्षिकी की खरीद नहीं की जाएगी।

स्वालम्बन योजना में शामिल अभिदाता उक्त 1 और 2 के अंतर्गत इस अधिभावी शर्त के साथ कि यदि 40 प्रतिशत/80 प्रतिशत पेंशन राशि का इस्तेमाल करने पर भी मासिक पेंशन रूपये 1000 से कम होती है तो देय एकमुश्त पेंशन राशि का समग्र रूप से वार्षिकीकरण कर दिया जाए, प्रत्याहरण करते हैं।

सारणी 3.1 31 मार्च 2015 को एनपीएस से सेक्टरवार प्रत्याहरण

सेक्टर	प्रत्याह रण का प्रकार	वर्ष (मार्च 2014) के अंत में लम्बित	2014–15 के दौरान प्राप्त	2014–15 के दौरान निपटान	वर्ष (मार्च 2015) के अंत में लम्बित
केन्द्र सरकार	मृत्यु	280	377	107	550
	अपरिपक्वता	578	1513	995	1096
	अधिवार्षिता	297	682	632	347
राज्य सरकार	मृत्यु	397	813	405	805
	अपरिपक्वता	69	152	91	130
	अधिवार्षिता	1023	1958	2012	969
सर्व नागरिक	मृत्यु	24	44	27	41
	अपरिपक्वता	53	53	49	57
	अधिवार्षिता	129	244	138	235
कॉरपोरेट	मृत्यु	12	104	71	45
	अपरिपक्वता	15	184	125	74
	अधिवार्षिता	10	417	339	88
एनपीएस लाईट	मृत्यु	280	778	460	598
	अपरिपक्वता	20	89	7	102
	अधिवार्षिता	43	512	182	373
	योग	3230	7920	5640	5510

अपूर्ण दस्तावेजों, सीआरए प्रणाली के अनुसार अभिदाताओं के नाम में भिन्नता और अभिदाताओं द्वारा केवाईसी दस्तावेज, बैंक साक्ष्य न जमा कराना इत्यादि कारणो से आवेदन लम्बित हैं।

3.3.3 वार्षिकी सेवा प्रदाताओं का विवरण और वार्षिकी योजनाएं

वार्षिकी एक वित्तीय साधन है जो जमा एकमुश्त राशि के एवज में अभिदाता को मासिक पेंशन प्रदान करती है। एनपीएस से निकासी के समय, अभिदाता को मासिक पेंशन प्राप्त करने के लिए पीएफआरडीए द्वारा सूचीबद्ध वार्षिकी सेवा प्रदाताओं से वार्षिकी खरीदना अनिवार्य है।

वार्षिकी सेवा प्रदाता वे बीमा कंपिनियां हैं जिन्हें आईआरडीए द्वारा लाईसेंन्स प्रदान करने और विनियमित करने का कार्य किया जाता है और जिन्हें एनपीएस अभिदाताओं की वार्षिकी–सेवाओं की आवश्कताओं की पूर्ति के पीएफआरडीए द्वारा सूचीबद्ध किया गया है और जो भारत में, वार्षिकी व्यवसाय संव्यवहार का निष्पादन करती हैं। 31 मार्च 2015 तक एनपीएस अभिदाताओं को निम्न 7 एएसपी वार्षिकी सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं :–

- भारतीय जीवन बीमा निगम
- एसबीआई लाइफ इंश्योरेन्स कम्पनी लि0
- आईसीआईसीआई प्रुडेन्शियल लाइफ इंश्योरेन्स कम्पनी लि0
- एचडीएफसी स्टैन्डर्ड लाइफ इंश्योरेन्स कम्पनी लि0
- बजाज आलियान्ज लाइफ कम्पनी लि0
- रिलायंस लाइफ इंश्योरेन्स कम्पनी लि0
- स्टार यूनियन डाई–इची लाइफ इंश्योरेन्स कम्पनी लि0

इन वार्षिकी सेवा प्रदाताओं पर विवेकपूर्ण विनियमन और निगरानी का कार्य बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) द्वारा किया जाता है। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत अभिदाताओं के पास वार्षिकियों के प्रकार और वार्षिकी सेवा प्रदाता को चुनने का विकल्प मौजूद है। अभिदाता संबंधित वार्षिकी सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई गई योजनाओं में से अपनी आवश्यकतानुसार वार्षिकी के प्रकार–योजना का चुनाव कर सकता है। वर्तमान में वार्षिकी सेवा प्रदाताओं द्वारा सामान्यतः निम्न प्रकार की वार्षिकियां (पेंशन) प्रदान की जाती हैं:–

i) आजीवन देय वार्षिकी/पेंशन।
ii) निश्चित वार्षिकी 5, 10, 15, और 20 वर्षो तक तथा उसके बाद वार्षिकीकर्ता की मृत्यु तक देय वार्षिकी।
iii) आजीवन वार्षिकी और वार्षिकीकर्ता की मृत्यु पर खरीद मूल्य के वापस होने वाली वार्षिकी ।
iv) प्रत्येक वर्ष 3 प्रतिशत की सामान्य दर से वृद्धि के साथ जीवन भर के लिए वार्षिकी।
v) आजीवन वार्षिकी एवं वार्षिकीकर्ता की मृत्यु होने पर उसके नामिति पति/पत्नी को 50 प्रतिशत वार्षिकी का आजीवन भुगतान।
vi) आजीवन वार्षिकी एवं वार्षिकीकर्ता की मृत्यु होने पर उसके नामिति पति/पत्नी को 100 प्रतिशत वार्षिकी का आजीवन भुगतान।
vii) आजीवन वार्षिकी एवं वार्षिकीकर्ता की मृत्यु होने पर उसके नामिति पति/पत्नी को 100 प्रतिशत वार्षिकी का आजीवन भुगतान और आखिरी वार्षिकीकर्ता की मृत्यु होने पर खरीद मूल्य की वापसी।

3.4 अभिदाताओं की सुरक्षा संबंधी गतिविधियां

पीएफआरडीए ने सभी अभिदाताओं के लिए विनियमों के माध्यम से निम्न अधिकारों और सुरक्षाओं को सुनिश्चित किया है:

i) व्यवसायिक तत्परता की आवश्यकता
ii) वित्तीय संविदाओं में अनैतिक भार्तों से सुरक्षा
iii) भ्रामक और अनुचित व्यवहार सहित अनैतिक व्यवहार से सुरक्षा
iv) व्यक्तिगत सूचना और गोपनीयता की सुरक्षा
v) निरंतरता आधार और प्रारम्भिक स्तर दोनों पर उचित प्रकटीकरण की अपेक्षा और
vi) प्रत्येक वित्तीय सेवा प्रदाता के पास अपने सभी ग्राहकों के लिए आसानी से अभिगम्य प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र की अपेक्षा

प्राधिकरण ने पेंशन निधि, राष्ट्रीय पेंशन न्यास, न्यासी बैंक, केन्द्रीय रिकार्ड कीपिंग संस्था, प्रतिभूतियों के अभिरक्षक, एग्रीगेटर, प्वाइंट ऑफ प्रेजेंन्स और अभिदाताओं की शिकायत निवारण के संदर्भ में विनियमों का निर्माण किया है। इन विनियमों के निर्माण के दौरान अभिदाताओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। अभिदाताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए एनपीएस प्रणाली को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए विनिमार्ण के निर्माण के दौरान अत्यन्त सावधानी बरती गयी है। प्रत्येक प्रकार के पोर्टफोलियों के लिए निर्धारित निकासी सीमाओं के साथ निधियों के निवेश का विवेकपूर्ण तरीके से विनियमन किया जाता है। एकल समूह और संबंधित समूह, उद्योग, संसाधन आदि में निवेश सीमाओं के अंतर्गत निधियों का विविधतापूर्ण निवेश किया जाता है।

अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए, पीएफआरडीए अधिनियम के अनुच्छेद 41 (1) के अनुसार किसी अनुदान, दान जुर्माना आदि के साथ पीएफआरडीए अभिदाता शिक्षा और सुरक्षा कोष स्थापित किया गया है। जिसका प्रयोग अभिदाताओं के हितों को सुरक्षा प्रदान करने और उनके मध्य शिक्षा और जागरूकता के प्रसार के लिए किया जाता है।

3.5 अभिदाताओं की शिकायतों के निवारण के लिए तंत्र

पीएफआरडीए (अभिदाताओं की शिकायतों का निवारण) विनियम 2015 को 29 जनवरी 2015 को अधिसूचित किया गया है। अभिदाता शिकायत निवारण विनियम का उद्देश्य राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अन्य पेंशन योजनाओं की मध्यवर्ती संस्थाओं द्वारा अन्य विषयों के साथ – साथ अभिदाता शिकायत निवारण के लिए दिशा निर्देशों के द्वारा सुपरिभाषित शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से निर्धारित समयसीमा में अभिदाताओं के हितों में शिकायतों के निवारण के लिए रूपरेखा तैयार करना है जिसमें प्रशासनिक जांच अधिकारी की नियुक्ति, अभिदाताओं द्वारा अपील एवं दण्ड का प्रावधान शामिल है। पीएफआरडीए सुगम और प्रभावी

कियान्वयन के लिए तकनीक युक्त मंच और सभी सेवा कर्मियों के मन में स्थापित गुणवत्ता बोध तथा एनपीएस संरचना से जुड़ी मध्यवर्ती संस्थाओं के माध्यम से गुणवत्ता–सुधार के लिए प्रयासरत है।

केन्द्रीय रिकार्ड कीपिंग संस्था के अधीन एनपीएस में एक बहु–स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया गया है जो कि बेहद सरल, तीव्र, निश्पक्ष, प्रतिक्रियात्मक और प्रभावी है। अभिदाता कॉल सेंटर, अंतर आवाज प्रतिक्रिया प्रणाली (आईवीआर) और निर्धारित प्रपत्रों के जरिये अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अभिदाता सीआरए द्वारा संचालित केन्द्रीय शिकायत निगरानी प्रणाली के माध्यम से अपनी दर्ज कराई गई शिकायत की स्थिति की जांच सीआरए की वेबसाइट www.cransdl.co.in पर कर सकते हैं साथ ही टोकन नं0 का इस्तेमाल करके कॉल सेंटर के माध्यम से शिकायत की स्थिति की जांच की जा सकती है। अभिदाता जारी किये गये मूल टोकन नम्बर का इस्तेमाल करके उपरोक्त किसी भी माध्यम से अनुस्मारक भेज सकते हैं। यदि अभिदाता को 30 दिनों के भीतर कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती और वह मध्यवर्तियों द्वारा किये गये निपटान से संतुष्ट नहीं है तो वह शिकायत को एनपीएस न्यास के पास भी भेज सकता है। इसी प्रकार, यदि अभिदाता दो 30 दिन के भीतर कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती अथवा वह दी गई प्रतिक्रिया से संतुष्ट नहीं है तो अपनी शिकायत प्रशासनिक शिकायत जांच अधिकारी के पास भेज सकता है।

यदि अभिदाता, प्रशासनिक शिकायत जांच अधिकारी द्वारा दिये गये निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो पीएफआरडीए के अधिकृत सदस्य के पास भी अपील कर सकता है।

31.03.2015 तक वर्ष के दौरान निम्न संख्या में शिकायतें प्राप्त हुईं और उनकी स्थिति का विवरण नीचे दिया गया है:

सारणी 3.2 : वर्ष 2014–15 के दौरान शिकायतों की स्थिति

प्राप्त शिकायतों की संख्या	शिकायतों के निवारण की संख्या	लम्बित शिकायतों की संख्या
25,612	21,756	3,856

3,856 लम्बित शिकायतों में से 2,987 शिकायतें एनपीएस रेगुलर और 869 शिकायतें एनपीएस लाइट से संबंधित हैं। 2987 शिकायतों में से 2,793 शिकायते एनपीएस रेगुलर के अंतर्गत सरकारी नोडल कार्यालयों के विरूद्ध हैं और अभिदाताओं के अनुरोध पर अनुचित कारवाई करने से संबंधित हैं।

3.6 पेंशन प्रणाली से जुड़ें व्यवसायिक संगठनों को बढ़ावा

पीएफआरडीए, ऐसे उपयुक्त संगठनों की पहचान कर रहा है जो पेंशन शिक्षा से जुड़े हों, और जनसांख्यिकी, व्यवसायिक संरचना, वित्तीय मुद्दों, सेवानिवृत्ति बचत की कर स्थापना, पेंशन, वार्षिकी और सेवानिवृत्ति उपायों पर शोध और अध्ययन कार्य करने में समर्थ हो, साथ ही विभिन्न पणधारकों को पेंशन पर एक पाठ्यक्रम उपलब्ध करा सकें। पीएफआरडीए न केवल देश अपितु विदेशों में भी विश्वसनीय और विख्यात शोध और शैक्षिक संस्थानों के साथ साझेदारी का विस्तार कर रहा है।

3.7 आंकड़ो का संकलन, अध्ययन, शोध और परियोजनाओं की शुरूआत

वर्तमान में, केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सीआरए) और पेंशन निधियों से आंकडें एकत्रित किये जाते हैं और आकंड़ो का अध्ययन गृह शोध टीम द्वारा किया जाता है और उचित उपाय किये जाते हैं। वर्तमान में पीएफआरडीए, विश्व बैंक के साथ मिलकर सहयोगपूर्ण व्यवस्था के जरिये देश में पेंशन परिदृश्य का आंकलन करने की दिशा में काम कर रहा है।

3.8 अभिदाताओं और आम जनता को शिक्षित करना

एनपीएस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पीएफआरडीए पेंशन, सेवानिवृत्ति और उससे संबंधित विषयों तथा मध्यवर्तियों के प्रशिक्षण पर सीआरए के सहयोग से वर्ष के दौरान नियमित आधार पर मौजूदा और भावी अभिदाताओं के लिए पूरे भारतवर्ष में आवधिक अभिदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता है। ऐसे सेमिनारों की अवधि दो से ढाई घंटे की होती है और इसमें सभी के लिए निशुल्क प्रवेश है।

सीआरए ने केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के नोडल कार्यालयों, पीओपी, इत्यादि जैसे एनपीएस के विभिन्न पणधारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं में भी सहयोग दिया। सीआरए द्वारा अप्रैल 2014 से मार्च 2015 के दौरान आयोजित किये गये प्रशिक्षणों की झलकी इस प्रकार है:–

सारणी 3.3 वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएं

सेक्टर	प्रशिक्षण की संख्या	उपस्थितियों की संख्या
केन्द्र सरकार एवं केन्द्रीय स्वशासी निकाय	70	859
राज्य सरकार एवं राज्य स्वशासी निकाय	12	2885
कॉरपोरेट	4	242
एनपीएस लाइट	14	968
यू ओ एस	14	655
योग	114	5609

गुजरात, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना राज्यों में एनपीएस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जनवरी और फरवरी 2015 में किया गया। इन राज्यों में एनपीएस स्वालम्बन के प्रचार के लिए राज्य सरकार के विभागों, बैंकों और लघु वित्त संस्थानों/एनजीओ (संकलनकर्ता) के साथ परस्पर विचार विमर्श किया गया।

अभिदाताओं को अभिदाता सूचना पुस्तिका और सूचना पत्र तैयार एवं प्रसारित किया गया। जमा अंशदानों और निवेश के मूल्य के बारे में एनपीएस अभिदाताओं को आवधिक एसएमएस अलर्ट भेजे जा रहे हैं।

3.9 सूचना के प्रसार का मानकीकरण

सभी शेयरधारकों के हित में सूचना प्रसारण में एकरूपता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए पेंशन निधियां, अपने प्रदर्शन, नवीनतम एनएवी, एनएवी इतिहास, अपनी योजनाओं के अंतर्गत पोर्टफोलियो संरचना, वित्तीय योजना और वार्षिक रिपोर्ट इत्यादि से संबंधित जानकारी आवधिक आधार पर, जैसा पीएफआरडीए द्वारा समय –समय पर निर्धारित किया गया हो, अभिदाताओं को उपलब्ध कराते हैं। साथ ही इन सूचनाओं को अपनी संबंधित वेबसाइट पर इलैक्ट्रोनिक रूप में 'पब्लिक डिस्क्लोजर' शीर्षक के अंतर्गत अपलोड भी करते हैं।

पीएफआरडीए दिशा निर्देशों–2012 (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत योजना की संपरीक्षक रिर्पोट तथा वित्तीय विविरणिका निमार्ण) के अंतर्गत पेंशन निधि, एनपीएस योजना पोर्टफोलियों की जानकारी का प्रकटीकरण करते हैं। सभी अंशदाताओं के हितों के लिए प्रकटीकरण में एकरूपता और समयबद्धता लाने के लिए पेंशन निधि की वेबसाईट पर प्रकटीकरण का प्रारूप, आवृत्ति, समय–सीमा और स्थान का निर्धारण भी पीएफआरडीए द्वारा किया जाता है।

एनपीएस न्यास द्वारा योजनावार विशिष्ट प्रदर्शन सूचकांक को निर्धारित किया गया है जिसमें आवधिक आधार पर पेंशन निधियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता है। योजना–ई टीयर–। और टीयर–।। का सूचकांक सीएनएक्स 100, योजना सी टीयर–। और टीयर–।। का एनपीएस–कॉरपोरेट बोन्ड सूचकांक और योजना जी टीयर–। और टीयर–।। का सूचकांक एनपीएस – सरकारी प्रतिभूतियां सूचकांक है। अन्य योजनाओं जैसे एनपीएस लाइट, योजना सी जी, योजना एस जी और योजना कॉरपोरेट – सी जी का बेंचमार्क एनपीएस सरकारी पद्धति सूचकांक है। हालांकि विभिन्न योजनाओं के प्रदर्शन मूल्याकन और सूचकांकों को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए बेंचमार्क सूचकांक का सरलीकरण किया जा रहा है।

3.10 विनियमित आस्तियों का विनियमन

'विनियमित आस्तियों' से अभिप्राय मूर्त और अमूर्त आस्तियों से है जिनका निर्माण विशेष रूप से सीआरए के बेसपोक सॉफ्टवेयर ऐपलिकेशन को चलाने के लिए किया गया है। प्रणाली को चलाने के लिए अनिवार्य अन्य घटकों, किसी अन्य तीसरे पक्ष सॉफ्टवेयर, सभी संबंधित सीआरए परियोजना आंकड़े, डाटा और आपदा सुधार केन्द्र के समर्पित विशिष्ट हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अवयव, भौतिक ढांचे (भवन, वातानुकुलन संयंत्र, बिजली आपूर्ति, फर्नीचर) को छोड़कर नेटवर्क और अन्य सुविधाएं।

पंजीकरण की सीमा समाप्त होने और सीआरए के निरस्त होने पर, सीआरए के अधीन सूचनाओं और विनियमित आस्तियों को पीएफआरडीए अधिनियम, नियमों और विनियमों के अंतर्गत निर्दिष्ट अवधि और प्रकिया द्वारा प्राधिकरण द्वारा अधिकृत किसी अन्य सीआरए को स्थानांतरित कर दिया जाता है।

3.11 अधिनियम के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए लगाए जाने वाले शुल्क एवं अन्य प्रभारः

एनपीएस अभिदाताओं पर विभिन्न स्तरों पर अभिदाताओं को सेवाएं प्रदान करने वाली मध्यवर्तियों द्वारा शुल्क एवं प्रभार लगाये जाते हैं। एनपीएस प्रणाली में प्रवेश के समय, एनपीएस में अभिदाताओं के पंजीकरण के उत्तरदायी मध्यवर्तियां जैसे–पीओपी, एग्रीगेटर द्वारा शुल्क एकत्रित किया जाता है जो कि सीधे अभिदाताओं से लिया जाता है। एग्रीगेटर के मामले में, एनपीएस लाईट / स्वावलम्बन और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के लिए पंजीकरण शुल्क को सरकार द्वारा वहन किया जाता है। दूसरे चरण में, सीआरए – अभिलेखपाल अभिकरण, यूनिटों के संकलन के द्वारा खातों के रख–रखाव, खातों को खोलने और प्रान कार्ड सृजित करने के लिए शुल्क लगाती है। इसके पश्चात, अभिदाताओं के अंशदान सहित प्रत्येक संव्यवहार के लिए सीआरए और पीओपी दोनों द्वारा प्रभार लगाये जाते हैं। अभिदाताओं के निवेश पोर्टफोलियों को प्रबंधित करने के लिए पेंशन निधियों द्वारा प्रबंधन शुल्क लगाया जाता है। और अंत में, प्रतिभूतियों के अभिरक्षक द्वारा अपनी अभिरक्षा के अंतर्गत आस्तियों के लिए शुल्क लगाया जाता है।

सारणी : 3.4 : एनपीएस मध्यवर्तियों द्वारा लगाये जाने वाले शुल्क एवं प्रभार

मध्यवर्ती	शुल्क प्रभार		सेवा शुल्क		कटौती का तरीका
			एनपीएस रेगुलर	एनपीएस लाइट	
पीओपी (प्रत्येक अभिदाता के लिए शुल्क)	अभिदाता पंजीकरण		रू. 100/–		सीधे अभिदाताओं से लिया जाएगा।
	अंशदान सहित कारबार पर		न्यूनतम 20 रूपये और अधिकतम 25 हजार रूपये की अंशदान राशि पर 0.25 प्रतिशत	* एग्रीगेटर द्वारा शुल्क लिया जाए रूपये 120–150 प्रति खाता	
	शुल्क प्रभार	एनपीएस लाइट*			
एग्रीगेटर		1 लाख से कम स्वावलम्बन योग्य खाते	1 लाख से तीन लाख स्वावलम्बन योग्य खाते	3 लाख से 5 लाख स्वावलम्बन योग्य खाते	5 लाख से अधिक स्ववावलम्बन योग्य खाते
	निश्चित	प्रति खाता 100/– रूपये	प्रति खाता 100/– रूपये	प्रति खाता 100/– रूपये	प्रति खाता 100/– रूपये
	परिवर्तनशील	प्रति खाता 20/– रूपये	प्रति खाता 30/– रूपय	प्रति खाता 40/– रूपय	प्रति खाता 50/– रूपय
	शुल्क प्रभार		एनपीएस रेगुलर	एनपीएस – लाइट	कटौती का तरीका
सीआरए	पीआरए खुलवाने का शुल्क		रू. 50/–	रू. 35/–	ईकाइयों के निरस्तीकरण द्वारा
	प्रति खाता वार्षिक रखरखाव शुल्क		रू. 190/–	रू. 50/–	
	प्रति संव्यवहार शुल्क		रू. 4/–	रू. 4/–	
न्यासी बैंक	शून्य		शून्य		शून्य
पेंशन निधि शुल्क	निवेश प्रबंधन फीस		सरकारी सेक्टर/एनपीएस लाइट/ स्वाबलम्बन के लिए प्रतिवर्ष 0.0102 प्रतिशत		एनवीए कटौती द्वारा
			निजी सेक्टर के लिए प्रतिवर्ष 0.01 प्रतिशत		
अभिरक्षक (अभिरक्षा के अधीन आस्तियों के मूल्य पर)	आस्ति सेवा शुल्क		इलैक्ट्रोनिक सेगमेंट के लिए 0.0075 प्रतिशत प्रतिवर्ष एवं फिजीकल सेगमेंट के लिए 0.05 प्रतिशत वार्षिक		एनवीए कटौती द्वारा

* सरकार द्वारा भुगतान

** 12 निशुल्क संव्यवहारों के बाद लागू/वार्षिक

पीएफआरडीए को उपस्थित अस्तित्व से संसाधन शुल्क और पंजीकृत पेंशन निधि और सीआरए से वार्षिक शुल्क प्राप्त होता है। वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान विभिन्न मध्यवर्तियों से प्राप्त शुल्क लगभग रूपये 1.16 करोड़ होने का अनुमान है।

3.12 निरीक्षण, पूछताछ और जाचं

मध्यवर्तियों से सूचनाएं प्राप्त करने संपरीक्षा सहित निरीक्षण, पूछताछ और जांच के प्रावधानों के साथ विनियमों को अधिसूचित किया जा चुका है और विनियमों के अनुसार ही इस प्रकार की कार्रवाई की जाती है।

3.13 अन्य कार्य

3.13.1 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत विस्तार

i) केन्द्र सरकार और सीएबी कर्मचारी

केन्द्रीय प्रशासनिक सेवाओं (सशस्त्र बलों को छोड़कर) में नियुक्त सभी नये कर्मचारी, जिनकी नियुक्त 1 जनवरी को अथवा उसके बाद हुई हो, के लिए व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1 (13)/ईवी/2001 दिनांक 13, नवम्बर 2003 के माध्यम से एनपीएस को अनिवार्य बना दिया गया है। बाद में एनपीएस को केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों के अंतर्गत निकायों के अंतर्गत 1 जनवरी 2004 या उसके बाद नियुक्त नये कर्मचारियों के लिए एनपीएस को अनिवार्य कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय स्वशासी निकायों के कर्मचारियों, जिनकी नियुक्ति 1 जनवरी 2004 के पूर्व हुई थी, उन्हें व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन 1 (2) /ईवी/2007 दिनांक 30 जून 2009 के माध्यम से एनपीएस में स्थानांतरित करने क अनुमति दे दी गई।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की फाइल संख्या 25014/14/2001–एआईएस ।। दिनांक 8 सितम्बर, 2009 में जैसा निर्दिष्ट है, केन्द्रीय प्रशासनिक सेवाओं और अखिल भारतीय सेवाओं में 1 जनवरी 2004 को अथवा उसके बाद नियुक्त होने वाले सभी कर्मचारियों के लिए एनपीएस को अनिवार्य कर दिया गया है।

यद्यपि केन्द्र सरकार में एनपीएस की शुरूआत 1 जनवरी 2004 से प्रभावी हो चुकी थी, लेकिन मार्च 2008 के अंत तक केन्द्रीय कर्मचारियों की एनपीएस निधि केन्द्रीय पेंशन लेखा कार्यालय के पास थी तथा इस अवधि के दौरान इन निधियों पर प्रतिलाभ केन्द्रीय कर्मचारियों के जीपीएफ पर लागू प्रतिलाभ दर के अनुसार ही दिया गया। मार्च 2008 के बाद एनपीएस निधियों को न्यासी बैंक तथा पेंशन निधियों को भेज दिया गया ।

31 मार्च 2015 को केन्द्र सरकार के अंतर्गत 15.12 लाख अभिदाताओं का पंजीकरण किया जा चुका है। यह अभिदाता संख्या एनपीएस के अतंर्गत कुल अभिदाता संख्या की 17.27 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, सीएबी अभिदाताओं का अंशदान सी जी अभिदाताओं के अंशदान का 8 प्रतिशत है।

सी जी सेक्टर के अभिदाता आधार वित्तीय वर्ष 2008–09 के 4.30 लाख से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2014–15 के अंत में 28.59 प्रतिशत चक्रवृद्धि औसत वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ 15.12 लाख हो गया। यह उच्च वृद्धि दर आंशिक रूप से कम आधार के कारण रही। आने वाले वर्षों में यह विकास दर, सरकार, सगठनों/स्वशासी निकायों में नये नियुक्त होनेवाले कर्मचारियों की वृद्धि दर पर निर्भर करेगी जो एनपीएस के अंतर्गत योग्य हैं लेकिन अभी शामिल होना बाकी है।

सीजी सेक्टर के अंतर्गत मार्च 2009 से निधि में 74 प्रतिशत सीएजीआर के साथ बढ़ोतरी हुई और एयूएम में 59 प्रतिशत सीएजीआर के साथ बढ़ोतरी हुई।

केन्द्रीय स्वशासी निकाय (सीएबी)

विभिन्न केन्द्रीय स्वशासी निकायों ने राज्य सरकार के कर्मचारियों, साथ ही साथ स्वशासी निकायों, राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो, निगमों, बोर्डों, निगमों इत्यादि के कर्मचारियों के लिए विभिन्न तिथियों से प्रभावी, एनपीएस संरचना को अपनाया है और क्रियान्वित किया है।

सारणी : 3.5 : एनपीएस के अंतर्गत सीएबी का विवरण

31 मार्च तक	2009	2010	2011	2012	2013	2014	2015
सीएबी की संख्या	1	88	203	307	400	456	488
अभिदाताओं की संख्या (सीएबी)	–	7,150	25,200	63,961	89,063	106,387	121,465
सीएबी द्वारा एनपीएस अंशदान (रू. करोड़)	–	23.38	220.63	737.99	1,601.11	2,566.55	3722.17

ii) राज्य सरकार और एसएबी कर्मचारी

एस जी सेक्टर में, अभिदाता आधार में वित्तीय वर्ष 2009–10 के 1.79 लाख के मुकाबले लगभग 71 प्रतिशत सीएजीआर के साथ वित्तीय वर्ष 2014–15 के अंत तक 26.30 लाख हो गया।

राज्य सरकार सेक्टर में प्रबंधन के अधीन आस्तियों के साथ ही साथ निधि में वर्ष 2010 से लगातार वृद्धि देखी गयी। इस दौरान राज्य सरकार सेक्टर की निधि में 179 प्रतिशत सीएजीआर और प्रबंधन के अधीन आस्तियों में 187 प्रतिशत सीएजीआर के साथ वृद्धि हुई।

राज्य स्वशासी निकाय (एसएबी)

विभिन्न राज्य स्वशासी निकायों ने राज्य सरकार के कर्मचारियों, साथ ही साथ स्वशासी निकायों, राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो, निगमों, बोर्डों, निगमों इत्यादि के कर्मचारियों के लिए विभिन्न तिथियों से प्रभावी, एनपीएस संरचना को अपनाया है और क्रियान्वित किया है। मार्च 2011 से मार्च 2015 की अवधि के दौरान एसएबी, अभिदाताओं की संख्या और एनपीएस अंशदान (निधियों) का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:–

सारणी 3.6 एनपीएस के अंतर्गत एसएबी का विवरण

31 मार्च तक	2011	2012	2013	2014	2015
एसएबी की संख्या	29	69	162	266	438
अभिदाताओं की संख्या (एसएबी)	5,359	139,879	191,862	292,908	391,126
एसएबी द्वारा एनपीएस अंशदान (करोड़)	11.11	109.04	563.53	976.50	2085.87

एस जी अभिदाताओं में एसएबी अभिदाताओं का प्रतिशत 15 प्रतिशत है और सीजी अभिदाताओं में एसएबी अभिदाताओं का अंशदान 7 प्रतिशत है।

वर्ष के दौरान असम और गुजरात राज्य की सरकारों ने एनपीएस स्वालम्बन को अधिसूचित और क्रियान्वित किया। पीएफआरडीए अन्य राज्य सरकारों, विशेषकर स्वास्थ/परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, श्रम और ग्रामीण विकास विभागों से जुड़े व्यवसायिक समूहों को स्वावलम्बन योजना उपलब्ध कराने के लिए, उनके साथ सम्पर्क में है।

iii) निजी सेक्टर अभिदाताओं

निजी सेक्टर के अभिदाताओं को दो वर्गों में विभाजित किया गया है:

(क) कॉरपोरेट सेक्टर

(ख) सर्व नागरिक

(क) कॉरपोरेट सेक्टर

शुरूआत में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को केन्द्र सरकार के उन कर्मचारियों के लिए लागू किया गया था जिनकी नियुक्ति 01 जनवरी 2004 को अथवा

उसके बाद हुई। 01 मई, 2009 को भारत के सभी नागरिकों के लिए एनपीएस को लागू किया गया। बाद में सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों सहित व्यवस्थित संस्थाओं को सुगम/सरल बनाने के उद्देश्य से दिसम्बर 2011 को एनपीएस का विशिष्ट संस्करण जिसे कॉरपोरेट मॉडल के नाम से जाना जाता है, को शुरू किया गया।

एनपीएस कॉरपोरेट मॉडल नियोजकों को अपने कर्मचारियों के लिए वृद्धावस्था सामाजिक सुरक्षा लाभ तथा नियोजकों/कर्मचारियों से अंशदान की राशि में लचीलेपन के साथ उनके पेंशन में सह–योगदान के लिए मंच प्रदान करता है। एनपीएस विशिष्ट संस्थाओं की एक मूल्य प्रभावी योजना है जहां स्व–अधिशासी पेंशन प्रणालियों की तरह रेकॉर्ड कीपिंग, निवेश, वार्षिकी इत्यादि के लिए नियोजकों के सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता नहीं है।

एनपीएस कॉरपोरेट मॉडल को दूसरे सेवानिवृत्ति लाभ योजना जैसे–कर्मचारी भविष्यनिधि (ईपीएफ) और सेवानिवृत्ति कोष (एसएएफ) के साथ भी शुरू किया जा सकता है। निश्चित रूप से सभी कर्मचारियों के लिए कॉरपोरेट/नियोजकों को प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस (पीओपी), पेंशन निधियों (पीएफएस) तथा निवेश विकल्प को चुनने की छुट है अथवा पेंशन निधियों (पीएफएस) और निवेश पसंद को चुनने का विकल्प व्यक्तिगत कर्मचारियों पर भी छोड़ सकते हैं। एनपीएस खातों (स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्यां) की संवहनीय विशेषता कॉरपोरेट सेक्टर के कर्मचारियों के लिए बहुत ही अनुकूल है जो रोजगार बदलते रहते हैं। रोजगार एवं स्थान में परिवर्तन होने पर भी यह संवहनीय है।

नियोजक एवं कर्मचारी दोनों कर लाभ का फायदा उठा सकते हैं, अभिदाताओं (कर्मचारियों) धारा 80सीसीडी (1) और 80 सीसीडी (1बी) के अनुसार अपने अंशदान पर कर लाभ उठा सकते हैं और उसके अतिरिक्त आईटी अधिनियम की धारा 80सीसीडी (2) के अनुसार नियोजकों के अंशदान पर भी। आईटी अधिनियम की धारा 36 (1) के तहत कॉरपोरेट व्यवसाय खर्च का दावा कर सकते हैं।

जो कॉरपोरेट अपने कर्मचारियों में एनपीएस का विस्तार करने की इच्छा रखते हैं उन्हें एनपीएस के तहत किसी अधिकृत पीओपी से समझौता करना होगा।

सेवा प्रदाता के रूप में पीओपी एवं पीओपी–एसपी कॉरपोरेट/अभिदाताओं एवं एनपीएस संरचना के बीच मध्यस्थ का कार्य करते हैं। पीओपी/पीओपी–एसपी कॉरपोरेट एवं अभिदाताओं के पंजीकरण, केवाईसी की जांच, कॉरपोरेट से अंशदान एवं सूचनाएं प्राप्त करके उसे एनपीएस के अधिकृत मध्यवर्त्ती संस्थओं को भेजने के कार्यों को करती हैं। पीओपी कॉरपोरेट/अभिदाताओं को निम्न सेवाएं प्रदान करता है जैसे – मूल विवरण में परिवर्तन, योजना परिवर्तन, पीओपी एवं पेंशन निधियों मे परिवर्तन, रोजगार परिवर्तन, आहरण एवं निकास इत्यादि।

वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान, एनपीएस की संरचना में 342 कॉरपोरेट शमिल हुए जिससे वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान एनपीएस के लिए पंजीकृत कॉरपोरेट की संख्या 1600 को पार गई। 31 मार्च 2015 को कुल पंजीकृत कॉरपोरेट की संख्या 1608 थी (तालिका 3.1) 31 मार्च 2015 को पंजीकृत कॉरपोरेट की सूची अनुसूची के रूप में संलग्न है।

तालिका 3.1 : एनपीएस के अंतर्गत कॉरपोरेट की संख्या



कॉरपोरेट सेक्टर के अंतर्गत अभिदाताओं की संख्या और एयूएम में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

तालिका 3.2 : कॉरपोरेट सेक्टर के अंतर्गत एयूएम

(रूपये करोड़)



वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान 1,11,938 ने अभिदाता नामांकनों के साथ एनपीएस के अंतर्गत कॉरपोरेट अभिदाताओं (कॉरपोरेट के कर्मचारी) की कुल संख्या 3.70 लाख है। अभिदाता नामांकन मे 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

तालिका 3.3 : कॉरपोरेट सेक्टर के अंतर्गत अभिदाताओं की संख्या



(ख) एनपीएस सर्व नागरिक मॉडल

इस सेक्टर का निर्माण असंगठित क्षेत्र जैसे स्व रोजगार, व्यापारियों, उद्यम मालिकों और जो किसी अन्य सेक्टर में शामिल न हों, को मिलाकर किया गया है। कोई भी निवासी अथवा अनिवासी भारतीय पीओपी, जिसके जरिये वह एनपीएस के साथ संव्यवहार करना चाहता हो, के माध्यम से इस मॉडल के अंतर्गत अपना पंजीकरण करवा सकता है।

एनपीएस के अंतर्गत अपने निवेश के प्रबंधन हेतु वह पेंशन निधियों और निवेश योजना (सक्रिय विकल्प) का चुनाव कर सकता है।

उन अभिदाताओं की सुविधा के लिए जो किसी विशेष निवेश योजना/विकल्प को चुनने की स्थिति में नहीं हैं, एनपीएस अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए आस्ति आवंटन का 'ऑटो विकल्प' उपलब्ध कराता है। ऑटो विकल्प में अभिदाताओं की आयु के अनुसार उनके अंशदान को जीवन चक्र निधि में निवेशित किया जाता है। अभिदाता वित्तीय वर्ष में एकबार मौजूदा पेंशन निधियों (पीएफ), निवेश विकल्पों (सक्रिय अथवा ऑटो पसंद) और आस्ति आवंटन अनुपात (आस्ति श्रेणियों के बीच आवंटन – शेयर/कॉरपोरेट साधन/सरकारी शेयर) में परिवर्तन सकते हैं। यह योजना वरीयता मौजूदा अभिदाताओं के साथ–साथ भावी अभिदाताओं पर भी लागू होगी।

एनपीएस से निकास के समय अभिदाता जिस वार्षिक सेवा प्रदाता (एएसपी) से वार्षिकी खरीदना चाहते हैं उस वार्षिकी सेवा प्रदाता औरं वार्षिकी के प्रकार का चुनाव कर सकते हैं।

सर्व नागरिक मॉडल के अंतर्गत अभिदाताओं की संख्या, अंशदान और एयूएम में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। 8000 नये अभिदाताओं के साथ वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान, एनपीएस के अंतर्गत सर्व नागरिक मॉडल अभिदाताओं की कुल संख्या 0.85 लाख को पार कर गई है। अभिदाता पंजीकरण में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है (तालिका 3.4)

तालिका 3.4 : सर्वनागरिक मॉडल के अंतर्गत अभिदाताओं की संख्या



वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान कॉरपोरेट अभिदाताओं की एयूएम में 116 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मार्च अंत 2015 को रूपये 5,675 तक पहुंच गई जो कि 2014 मार्च अंत कें 2,628 है।

तालिका 3.5 : सर्वनागरिक मॉडल के अंतर्गत एयूएम

(रू. करोड़)



एनपीएस–लाईट / स्वावलम्बन

- समाज के सभी वर्गों को वृद्धावस्था आय सुरक्षा प्रदान करने की अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए पीएफआरडीए ने एनपीएस का एक किफायती और आशावादी मॉडल विकसित किया है जो समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को 'समूहो' जैसे एग्रीगेटरों के माध्यम से एनपीएस में शामिल होने की सुविधा प्रदान करता है। यह समूह जमीनी स्तर पर मध्यवर्ती संस्थाओं का समूह है जिसे पीएफआरडीए द्वारा एनपीएस संरचना के अंतर्गत अभिदाताओं के मध्यस्थ के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया जाता है।
- असंगठित क्षेत्र के लोगों को स्वैच्छिक रूप से अपने सेवानिवृत्ति के लिए बचत के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वावलम्बन योजना की घोषणा 2010–11 के बजट में की गई थी। स्वैच्छिक भागीदारी को बढ़ावा देने और असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए बचत मूल्यों को कम करने के लिए भारत सरकार प्रतिवर्ष सभी योग्य एनपीएस–स्वावलम्बन खातों में 1000 / – रूपये का अंशदान करती है जबकि अभिदाताओं का स्वयं का अंशदान 1000 / रूपये – से 12000 / – रूपये प्रतिवर्ष है।
- विभिन्न राज्य सरकारों जैसे आन्ध्रप्रदेश, झारखण्ड, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार और कर्नाटक की सरकारें भवन और निमार्ण कामगारों, आंगनवाड़ी कर्मचारियों और सहायकों और चिन्हित व्यवसायिक समूहों में लगे असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए एनपीएस स्वालम्बन योजना को अपना चुकी हैं।
- स्वालम्बन योजना का परिचालन संकलनकर्ताओं के माध्यम से किया जाता है जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अभिदाताओं के बीच एक मध्यस्थ मध्यवर्ती की भूमिका का निर्वाह करते हैं। वर्ष 2014–15 तक राज्य सरकार संस्थाओं, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, एमएफआई, एनबीएफसी, और निजी सेक्टर संस्थाओं सहित 76 संकलकर्ता योजना के प्रभावी क्रिन्यावयन के लिए समाज के अंतिम छोर के अभिदाता तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करते हैं 31 मार्च 2015 तक पीएफआरडीए के साथ पंजीकृत संकलनकर्ताओं की सूची संलग्नक IV में हैं।
- वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान एनपीएस लाईट के अंतर्गत 15.28 लाख अभिदाताओं के पंजीकरण के साथ एनपीएस लाईट अभिदाताओं की कुल संख्या 41.47 लाख हो गई है। इनमें से 20.64 लाख अभिदाता वर्ष 2014–15 में स्वावलम्बन के अंतर्गत सरकारी सह–अंशदान प्राप्त करने के योग्य बन गये हैं।
- एनपीएस स्वावलम्बन के अंतर्गत पंजीकृत अभिदाताओं का वर्षवार ब्यौरा निम्न है:

सारणी : 3.7 : स्वावलम्बन के अंतर्गत योग्य अभिदाताओं की वर्षवार संख्या

वर्ष	2010–11	2011–12	2012–13	2013–14	2014–15*
योग्य स्वावलम्बन अभिदाता	301,922	643,979	1,101,079	1,590,610	2,063,610

टिप्पणी :
स्वावलम्बन योग्य संख्याएं पीओपी सहित हैं।
वित्तीय वर्ष 2010–11 में 1,780 अभिदाताओं, वित्तीय वर्ष 2011–12 में 4,500 अभिदाताओं, वित्तीय वर्ष 2012–13 में 6,401 अभिदाताओं, वित्तीय वर्ष 2013–14 में 5,990 अभिदाता, एनपीएस स्वावलम्बन के अंतर्गत सरकारी सह अंशदान के योग्य बने जो कि पीओपी के माध्यम उदभव हुए।
वित्तीय वर्ष 2014–15 में 5,017 (अस्थायी) अभिदाता पीओपी के माध्यम से स्वावलम्बन के लिए योग्य हुए।
पंजीकृत अभिदाताओं की संख्या में डाक विभाग, ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) शामिल नहीं है।

तालिका 3.6 : वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए स्वावलम्बन योग्य अभिदाताओं का लिंगवार विश्लेषण



कुल स्वावलम्बन अभिदाताओं में 77 प्रतिशत महिलाए हैं।

तालिका 3.7 : वित्तीय वर्ष 2014–15 का स्वावलम्बन अभिदाताओं का आयुवार विश्लेषण निम्न है:



3.13.2 उपस्थिति अस्तित्व (पीओपी)

उपस्थिति अस्तित्व, एनपीएस संरचना और अभिदाताओं के मध्य पारस्परिक क्रियाकलाप के प्रथम केन्द्र के रूप में कार्य करता है। अभिदाताओं के पंजीकरण, अपने ग्राहक को जाने (केवाईसी) प्रमाणीकरण, अभिदाताओं से अंशदान और निर्देश प्राप्त करने और उन्हें अधिकृत एनपीएस मध्यवर्तियों तक प्रेषित करने का कार्य उपस्थिति अस्तित्व द्वारा किया जाता है। पीओपी और उनकी अधिकृत शाखाओं को धन शोधन रोकथाम अधिनियम, 2002 के प्रावधानों और उसके अंतर्गत निर्मित नियमों जैसा कि समय–समय पर लागू हो, का अनुपालन अपेक्षित है। 31 मार्च 2015 को 64 पीओपी और 38,411 पीओपी एसपी पीएफआरडीए के साथ पंजीकृत हैं। पीओपी–एसपी की सूची अनुलग्नक–III में दी गई है।

3.13.3 प्रबंधन के अधीन आस्तियां – योजना वार

सारणी : 3.8 : 31 मार्च 2015 को पेंशन निधियों की योजनावार प्रबंधन के अधीन आस्तियां (एयूएम)

(रूपये करोड़ में)

पेंशन निधि	एनपीएस योजनाएं										
	केन्द्र सरकार (CG)	राज्य सरकार (SG)	कॉरपोरेट CG*	एनपीएस लाइट	E-I	C-I	G-I	E-II	C-II	G-II	योग
एसबीआई, पीएफ	13488	12324	3701	661	372	271	540	18	16	16	31407
यूटीआई आरएसएल	12201	12073	-	453	35	23	34	5	3	4	24831
एलआईसी पीएफ	11047	11999	404	466	44	28	22	0	0	0	24010
आईसीआईसीआई पीएफ	-	-	-		132	93	106	14	14	10	369
कोटक पीएफ	-	-	-	26	27	21	27	2	2	2	107
रिलायंस पीएफ	-	-	-		26	18	25	3	2	3	77
एचडीएफसी पीएफ	-	-	-		20	15	17	1	1	0	54
योग	**36736**	**36396**	**4105**	**1606**	**655**	**470**	**771**	**44**	**38**	**35**	**80855**

* कॉरपोरेट सी जी योजना को 12 फरवरी 2013 से बंद कर दिया गया है।

एनपीएस के अंतर्गत कुल एयूएम में एसजी के 45.01 प्रतिशत एयूएम और कॉरपोरेट सीजी के 5.07 प्रतिशत के साथ सी जी योजना का का कुल एयूएम 45.43 प्रतिशत रहा।

3.13.4 केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण

एनएसडीएल ई–गवर्नेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड जिसे पहले एनएसडीएल के नाम से जाना जाता था, 26 नवम्बर, 2007 को आगामी दस वर्षों के लिए पीएफआरडीए के साथ केन्द्रीय रेकॉर्ड कीपिंग ऐजेंसी के रूप में पंजीकृत किया गया है ।

अभिदाताओं के व्यक्तिगत अभिलेखों के रख–रखाव के अलावा यह सभी मध्यवर्तियों के मध्य परिचालक मध्यस्थ की भूमिका अदा करता है। इसके कार्यों में सभी बाहरी एजेंसियों के साथ ताल–मेल स्थापित करना और एनपीएस के सभी अभिदाताओं के लिए अभिलेखपालन, प्रशासन और ग्राहक सेवा के कार्य शामिल हैं।

सीआरए की भूमिका और दायित्व

सीआरए की मुख्य भूमिका और दायित्व निम्न हैः–

i) सभी सेक्टरों के अभिदाताओं को दी जाने सेवाएं
एनपीएस के सभी अभिदाताओं को ग्राहक सेवाओं से संबंधित उपलब्ध कराई जाने वाली सीआरए की मुख्य भूमिकाओं अभिलेखपालन, प्रशासन एवं सभी अभिदाताओं को अद्वितीय स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या और आई पिन/टी पिन जारी करना शामिल है। अभिदाताओं को

दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं में पंजीकरण के समय एसएमएस अलर्ट और ई मेल भेजना, ईकाईयों का जमा/मोचन, प्रत्याहरण, प्रान में अतिशेष, अभिदाता जाकरूकता कार्यक्रम आयोजित करना और सभी एनपीएस पणधारियों को बेव आधारित अभिगम्यता उपलब्ध कराना शामिल है। सीआरए, अभिदाताओं और नोडल कार्यालयों को केन्द्रीकृत शिकायत प्रबंधन प्रणाली और कॉल सेंटर सुविधा भी उपलब्ध कराता है। इन सेवाओं के अतिरिक्त, सभी अभिदाता प्रबंधन सेवाओं जैसे–योजना का परिवर्तन, जनसांख्यिक विवरणों में परिवर्तन, शिकायत प्रबंधन इत्यादि भी सीआरए द्वारा निष्पादित की जाती है।

ii) मध्यवर्तियों को दी जाने वाली सेवाएं

क) पीएफएम

अभिदाताओं/कर्मचारियों (सीजी/एसजी सेक्टर) द्वारा निर्धारित पीएफएम को समय पर निधियों का आबंटन करना, संघटित निवेश वरीयता योजना सूचना का तैयार करना और प्रेक्षित करना, न्यासी बैंक से निधि हस्तातरण रिपोर्ट प्राप्त होने की पुष्टि के आधार पर निवल निधि स्थानांतरण रिपोर्ट तैयार करना और उसे पीएफएम को भेजना और पीएफएम द्वारा सीआरए को भेजे गये एन ए वी का इस्तेमाल करते हुए योजना वरीयता रिपोर्ट तैयार करना सीआए के मुख्य कार्यों में से एक है।

ख) टी बी

सीआरए न्यासी बैंक से प्राप्त पेंशन निधि रिपोर्टों का पेंशन निधि अंशदान रिपोर्टों के साथ मिलान करता है। सीआरए वित्तीय पुर्नमिलान पर त्रुटि/विंगति रिपोर्ट, पेंशन निधि अंशदान/संकलन रिपोर्ट, निधि हस्तांतरण रिपोर्ट और सेवानिवृत्ति निधि हस्तातंरण रिपोर्ट तैयार करता है। इसके अतिरिक्त यह प्रत्यारण निधि को अभिदाता के खाते में जमा करने और शेष राशि को वार्षिकी सेवा प्रदाता के खाते में जमा करने के लिए न्यासी बैंक को निर्देश देता है।

ग) वार्षिकी सेवा प्रदाता

अधिवार्षिता/अभिदाता के निकास पर, सीआरए अभिदाताओं से आवेदन प्रपत्र संकलित करता है और उन्हें तथा अभिदाता के वार्षिकी के लिए निधि विवरण को वार्षिकी सेवा प्रदाताओं को प्रेक्षित करता है। अभिदाता विवरण से संबंधित इलैक्ट्रोनिक आकंडों और वार्षिकी योजना पर निर्देशों को वार्षिकी सेवा प्रदाता को भेजता है।

iii) निरंतर विकास और नई कार्यात्मकता का विकास

जब भी और जब कभी भी नियामक द्वारा आवश्यक हो, सीआरए विभिन्न नई कार्यात्मकताओं/उपयोगिताओं को विकसित करता है और विभिन्न पणधारियों की अपेक्षाओं की चुनौतियों का समाना करने के लिए निरंतर वृद्धि और विकास के मॉडल विकसित करता है।

iv) अन्य

पीफआरडीए, एनपीएस न्यास, राज्य सरकार, केन्द्र सरकार और वित्त मंत्रालय को आवधिक और अनौपचारिक रूप से एमआईएस (शिकायत निवारण सहित) उपलब्ध कराना, सीआरए प्रणाली सहित, पीएफएम, टीबी और एनपीएस में अन्य संस्थाओं को सरल और बाधामुक्त परिचालन प्रणाली उपलब्ध कराना, नोडल कार्यालयों के लिए एनपीएस प्रक्रिया/सरंचना पर आवधिक अभिविन्यास कार्यक्रमों का अयोजन करना।

सीआरए निरीक्षण

(1) पीएफआरडीए ने नियमित अंतराल पर सीआरए की परिचालन की आवृत्तियों और रख–रखाव गतिविधियों को परिभाषित किया है। नीचे गतिविधियों की सूची और जिन अंतरालों पर इन्हें मॉनीटर जाता है वह निम्न है:

(क) तिमाही : परिचालन और तकनीकी सेवा स्तरीय समझौते (एसएलए) की निगरानी करना, अचेत कालावधि गतिविधियों की रिकार्डिंग करना, आपदा सुधार परिचालन, कॉल सेंटर प्रदर्शन और सीआरए बिल प्रमाणीकरण की मॉनीटरिंग करना

(ख) वार्षिक : विभिन्न पणधारियों को सीआरए द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाओं का प्रमाणीकरण, निकास प्रबंधन व्यवस्था की समीक्षा, आईटी/ प्रणाली संरपरीक्षा, सीआरए का आंतरिक निरीक्षण और वित्तीय संपरीक्षा

(ग) आवश्यकता के आधार पर : सीआरए से संबंधित विभिन्न आंकडे समूहों के डाटा संग्रहण, नई जारी कार्यात्मकता पर अभिदाता स्वीकार्यता की जांच, सीआरए द्वारा परिवर्तन नियंत्रणप्रयासों और सीआरए की सेवा प्रदान करने में शामिल अन्य मुद्दों की मॉनीटरिंग करना।

(2) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए सीआरए द्वारा पीएफआरडीए के साथ विचार विमर्श के बाद निम्न कदम उठाएं गये हैं:–

क. अभिदाता अंशदान फाइल की तैयारियों के दौरान नोडल कार्यालयों द्वारा की गई त्रुटियों को दूर करने के उद्देश्य से सीआरए ने एक त्रुटि निवारण मॉडयुल विकसित किया है जो कि एक ऑनलाइन परिशोधन कार्यात्मक्ता है और नोडल कार्यालयों, न्यासी बैंक (एनपीएस में मध्यवर्तियों) को इस प्रकार की त्रुटियों को दूर करने में सहायता करता है।

ख. एनपीएस के अंतर्गत अभिदाताओं और अन्य पणधारियों द्वारा उठाई गयी सभी प्रकार की शिकायतों का समाधान करने के लिए केन्द्रीकृत शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीजीएमएस) नामक एक विशेष शिकायत निवारण मॉडयुल विकसित किया गया है।

ग. आंकड़ों की सुरक्षा और शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु सीआरए के पास सीएमएमआई स्तर 3 और आई टी सुरक्षा आई एस पी 27001 सर्टिफिकेशन है।

(3) जब और जैसा पीएफआरडीए द्वारा अपेक्षित हो, अभिदाताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने और अभिदाताओं के लाभ के लिए सीआरए नई कार्यात्मकताओं को विकसित करता है।

विनियम

पीएफआरडीए (केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण) विनियम, 2015 को 27 अप्रैल 2015 को अधिसूचित किया जा चुका है।

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण) विनियम, 2015 का उद्देश्य केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण के रूप में कार्य करने की वांछा रखने वाली संस्था की पात्रता, शासन, संगठन और परिचालन के मानक नियत करना है। पीएफआरडीए अधिनियम की भावना के अनुरूप यह विनियम निरीक्षण, संपरीक्षा, जांच, निगरानी और प्रवर्तन भाक्तियों और एक प्रभावी अनुपालन कार्यक्रम का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

एनपीएस अभिदाताओं के हितों और उनकी आस्तियों की रक्षा के उद्देश्य के साथ, इस विनियम के माध्यम से केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण के रूप में पंजीकृत संस्था को आंतरिक संगठन और परिचालन मानकों के अनुपालन करते हुए आंतरिक प्रणाली और प्रक्रिया को स्थापित करना अपेक्षित है।

नई कार्यात्मकताओं का विकास

विभिन्न पणधारियों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु नई कार्यात्मकता/मॉडयुल्स का विकास और निरंतर विकास सीआरए के मुख्य उद्देश्यों में एक है। एनपीएस प्रणाली की निर्बाध कार्यपद्धति सुनिश्चित करने हेतु सीआए द्वारा वर्ष के दौरान निम्न मुख्य कार्यात्मकताओं का विकास किया गया।

प्रशिक्षण माडयुल्स

सरकारी सेक्टर के नोडल कार्यालयों को सीआरए की कॉरपारेट वेबसाइट के माध्यम से प्रशिक्षण अनुरोध जमा कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। नोडल कार्यालयों द्वारा एनपीएस से संबंधित प्रशिक्षण के अनुरोध के लिए सीआरए संव्यवहार वेबसाइट (www.cra-nsdl.com) का इस्तेमाल किया जा सकता है।

आई पिन का पुनः निर्धारण

वन टाइम पासवर्ड का इस्तेमाल करके आई पिन का पुनः निर्धारण करने की कार्यात्मकता अभिदाता के मोबाइल पर भेजने को एनपीएस के नियमित प्लेटफार्म पर जारी किया। इस प्रक्रिया के इस्तेमाल के दौरान अभिदाता को कुछ व्यक्तिगत विवरण (प्रान कार्ड पर मुद्रित) और नया पासवर्ड उपलब्ध कराना अपेक्षित है। प्रणाली सृजित ओटीपी को सीआरए के पास अभिदाता के पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर भेजा जाता है। जैसे ही अभिदाता वांछित स्थान पर ओटीपी को डालता है, नया पासवर्ड सक्रिय हो जाता है और अभिदाता अपने खाते को उपागमन कर सकता है।

अभिदाता विवरण परिवर्तन

सीआरए प्रणाली में अपने व्यक्तिगत विवरणों जैसे मोबाईल नम्बर, टेलिफोन नम्बर और ई–मेल को सीधे अद्यतन करने हेतु सुविधा अभिदाताओं के लिए उपलब्ध कराई गई है। अभिदाता के सम्पर्क विवरण के किये परिवर्तन की सूचना संबंधी ई मेल साथ ही साथ एस एम एस अलर्ट उनके अद्यतन एवं मौजूदा मोबाईल/ईमेल पते पर भेजे जाते हैं।

संव्यवहार विवरणिका

i) नोडल कार्यालय और अभिदाता अब एनपीएस संव्यवहार विवरणिका को सीआरए प्रणाली में देख सकते हैं एवं हिन्दी में उसका मुद्रण भी कर सकते हैं। संव्यवहार विवरणिका को हिन्दी में देखने अथवा मुद्रण करने के लिए नोडल कार्यालय/अभिदाता को वेबसाइट पर उपलब्ध हिन्दी विकल्प का चयन करना होगा।
ii) एसओटी में प्रतिलाभ प्रदर्शित करने का प्रावधान भी उपलब्ध कराया गया है।

प्रान किट प्रेक्षण

पहले सीआरए, संकलनकर्ताओं द्वारा आगामी वितरण अधीनस्थ एनपीएस लाइट संकलन केन्द्रों (एनएलसीसी) को करने के लिए चुने गये एनएलओओ (एनपीएस लाइट निगरानी कार्यालय) अथवा एनएलएओ (एनपीएस लाइट खाता कार्यालय) को प्रान कार्ड प्रेक्षित किये जाते थे, जो इसे संबंधित अभिदाताओं को वितरित करते थे। पीएफआरडीए के परामर्श के बाद, अब सीआरए ने प्रान कार्ड का अभिदाताओं को उनके अभिदाता पंजीकरण प्रपत्र में दिये गये डाक पते पर सीधे प्रेक्षण प्रारंभ कर दिया है।

अभिदाता पंजीकरण प्रपत्र परिवर्तन

i) पहले एस–1 प्रपत्र में अभिदाता के पिता का पूरा नाम देना अनिवार्य था, अब एस–1 प्रपत्र में पिता के पूरे नाम के स्थान पर पिता/माता का पूरा नाम के रूप में कर दिया गया है। जहां अभिदाता पिता/माता का पूरा नाम के अंतर्गत ऐसी वांछा करे, प्रान कार्ड पर माता का नाम भी प्रदर्शित होगा।
ii) वार्षिक संव्यवहार विवरणिका को प्राप्त करने की भाषा के चयन का प्रावधान को अभिदाता पंजीकरण फाइल प्रारूप में उपलब्ध कराया गया है। इस फलैग का इस्तेमाल पंजीकरण के समय अभिदाता द्वारा चयनित भाषा मे संव्यवहार विवरणिका की मुद्रण के लिए किया जाएगा।
iii) अब, अभिदाता आधार कार्ड विवरण भी जमा करा सकते हैं जिसका सीआरए प्रणाली में अभिग्रहण कर लिया जाएगा।

3.13.5 पेंशन निधियां

i) पेंशन निधि के बारे में
पेंशन निधि से तात्पर्य ऐसी मध्यवर्ती से है जिसे अभिदाताओं से अंशदान एकत्रित करने, उसका संचयन करने और उसे ऐसी रीति में जैसा प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट हो, अभिदाताओं को भुगतान करने लिए पीएफआरडीए द्वारा पेंशन निधि के रूप में पंजीकरण प्रमाण पत्र अनुदत्त किया गया हो। पेंशन निधियां वे कंपनियां हैं जिन्हें कम्पनी अधिनियम, 1956/2013 के अंतर्गत और पेंशन निधि आस्तियों के प्रबंधन के उद्देश्य के लिए पीएफआरडीए के साथ पंजीकृत किया गया है।

कार्य

पेंशन निधि के कार्य रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र की शर्तों और प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी विनियमों के अनुरूप होते हैं। पेंशन निधि को एनपीएस के अंतर्गत शामिल अभिदाताओं की पेंशन आस्तियों का प्रबंधन और निवेश करने अथवा अन्य पेंशन योजना जिसका विनियमम पीएफआरडीए द्वारा किया जाता है जिनमें निम्न शामिल है किन्तु निम्न तक सीमित नहीं है:

1. प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार अंशदानों का निवेश
2. योजना पोर्टफोलियों निर्माण
3. अपने परिचालन की बहियो और अभिलेखों का रख–रखाव
4. आवधिक अंतराल पर प्राधिकरण को संसूचित करना
5. सार्वजनिक प्रकटीकरण

पेंशन निधियों की सूची

31 मार्च 2015 को निम्न पेंशन निधि कार्यरत हैं:

क. सरकारी सेक्टर के लिए पेंशन निधि
- I. एलआईसी पेंशन फंड लि0
- II. एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लि0
- III. यूटीआई रिटायर्मेंट सोल्यूशन लि0

(*पेंशन निधि परिवर्तनशील है)

पेंशन निधि द्वारा प्रतिवर्ष 0.0102 प्रतिशत निवेश प्रबंधन शुल्क लिया जाता है।

ख. निजी सेक्टर के लिए पेंशन निधि
- i. एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कम्पनी लि0
- ii आईसीआईसीआई प्रुडेन्शियल पेंशन फंड मैनेजमेंट कम्पनी लि0
- iii कोटक महिन्द्रा पेंशन फंड लि0
- iv. एलआईसी पेंशन फंड लि0
- v. रिलायंस कैपिटल पेशन फंड लि0
- vi. एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लि0
- vii. यूटीआई रिटायमेंट सोल्यूशन प्राइवेट लि0
- viii. डीएसपी ब्लैक रॉक पेंशन फंड मैनेजर प्राइवेट लि0*
- ix. बिरला सनलाईफ पेंशन मैनेजमेंट**

(* पेंशन निधि ने 1 अगस्त 2014 से स्वयं को पेंशन निधि के रूप में कार्य करने से हटा लिया है)

(** अभी व्यवसाय आरंभ करना बाकि है)

पेंशन निधि द्वारा लिया जाने वाला निवेश प्रबंधन शुल्क 31.07.2014 तक 0.25 प्रतिशत वार्षिक की उपरी सीमा के साथ था और 01.08.2014 से पेंशन निधि द्वारा लिया जाने वाला निवेश प्रबंधन शुल्क प्रति वर्ष 0.01 प्रतिशत है।

3.13.6 न्यासी बैंक

एक्सिस बैंक लि. को प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के द्वारा 1 जुलाई, 2013 को दो वर्षों के लिए न्यासी बैंक रूप में नियुक्त किया गया है।

i) न्यासी बैंक की भूमिका और कार्य

क) न्यासी बैंक की नियुक्ति पीएफआरडीए द्वारा सीआरए की प्रणाली की विभिन्न संस्थाओं जैसे–पेंशन निधि, वार्षिकी सेवा प्रदाताओं, नोडल कार्यालयों (अपलोडिंग अधिकारी) जैसे कोष और लेखा निदेशालय/जिला कोष अधिकारी/वेतन और लेखा अधिकारी/उपस्थिति अस्तित्व/कॉरपोरेट शीर्ष कार्यालय/एनपीएस लाइट निगरानी कार्यालय/एनपीएस लाईट लेखा कार्यालय के मध्य निधि स्थानांतरण करने लिए की जाती है।
न्यासी बैंक, अभिदाताओं के अंशदान को नोडल कार्यालय से अपने अधिकृत शाखाओं के द्वारा आरटीजीएस/एनईएफटी ट्रांस्फर, चेक, डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्राप्त करता है।

ख) न्यासी बैंक विभिन्न नोडल कार्यालयों से प्राप्त निधि के विवरण की फाइल को सीआरए प्रणाली में अपलोड करता है जिसका नोडल कार्यालय द्वारा सीआरए प्रणाली में उपलब्ध कराये गए अंशदान विवरण के साथ मिलान किया जाता है।

ग) न्यासी बैंक पे–इन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में विभिन्न संस्थाओं जैसे पेंशन निधि, वार्षिकी प्रदाताओं, आहरण खातों और पेंशन निधि से प्राप्त निधि के स्थानान्तरण के संबंध में सीआरए से निधि स्थानांतरण निर्देश भी प्राप्त करता है।

घ) अज्ञात प्रेषित राशि के संदर्भ में क्लियर फंड्स प्राप्ति के अगले दिन उसे वापस लौट दिया जाता है। वापस की गई प्रेषित राशि के विवरण सहित संभाव्य पी ए ओ फाइल को अपलोड करना।

ड) प्रत्येक समाधान दिवस के अंत में न्यासी बैंक की बकाया निधि और सीआरए प्रणाली के रिकॉर्डस को समायोजित किया जाता है।

ii) न्यासी बैंक के लिए समयसीमा

न्यासी बैंक की व्यवसायिक गतिविधियां सीआरए की अन्य प्रक्रियाओं से जुड़ी हैं। इसलिए, बैंक यह सुनिश्चित करता है कि गतिविधियां निर्दिष्ट समयसीमा से पहले पूरी हो जाये। निम्न तालिका में बैंक की मुख्य गतिविधियों के बारे में और बैंक द्वारा उसे जिस समय सीमा में किया जाना है, के बारे में जानकारी मिलती है:

सारणी 3.9 न्यासी बैंक की मुख्य गतिविधियां

गतिविधियों की प्रकृति	समय सीमा
अज्ञात निधियों को लौटाना	टी +1
निधि प्राप्ति पुष्टिकरण फाइल (एफआरसी) को अपलोड करना	टी +1 (किसी भी समय)
सीआरए से पे–इन फाइलों को डाउनलोड करना	रोजाना
पेंशन निधि प्रबंधकों और प्रत्याहरण खातों को निधि का हस्तांतरण	टी + 2
विभिन्न खातों की विवरणिकाओं और अंतिम शेष को अपलोड करना	रोजाना (17:00 बजे)

अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए प्रणाली में सुधार

iii) अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए प्रणाली में सुधार

न्यासी बैंक की नियुक्ति नोडल कार्यालयों से निधि का स्थानांतरण पेंशन निधि को करने के लिए किया जाता है। अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए प्रणाली में सुधार हेतु निम्न उपाय किये गये हैं:

क) एनपीएस में निधि विप्रेषण प्रक्रिया का मानकीकरण अभिदाताओं के हितों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए एनपीएस के लिए नकद प्रबंधन सेवा (सीएमएस) को अपनाया गया है ताकि स्वाचालित मशीन, बुकिंग, आधुनिक तकनीक सुविधा, केन्द्रीकृत संकलन और भुगतान तथा सरल समायोजन का लाभ उठाया जा सके।

ख) टी + 1 दिवस पर अज्ञात विप्रेषण की वापसी (टी से तात्पर्य क्लीयर फंड की प्राप्ति दिवस से है)

निम्न परिपेक्ष्य मे न्यासी बैंक विप्रेक्षणों (टी + 1 दिवस) को वापस करता है :

i) जहां इलैक्ट्रोनिक निधि हस्तांतरण संदेश की अधिकृत स्थान में संबंधित संव्यवहार आई डी उपलब्ध न हो, विप्रेक्षित राशि एससीएफ राशि से भिन्न हो।

ii) समाप्त हो चुकी संव्यवहार आई डी के लिए राशि भेजी गई हो

iii) गलत खाता संख्या और गलत आईएफएससी के साथ जमा राशि

iv) सीआरए प्रणाली में अपलोड फाइल और जमा कराई गई राशि में भिन्नता होने पर

v) सरकारी क्षेत्र के लिए भुगतान का इलैक्ट्रॉनिक माध्यम

1 अप्रैल 2014 से सरकारी क्षेत्र के अभिदाताओं के लिए इलैक्ट्रोनिक माध्यम से भुगतान करना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे, चेक के निर्माण और प्रेक्षण में लगने वाले संसाधन समय और लागत को कम करने में सहायता मिली है और आगम की प्राप्ति में विलम्ब न होने के कारण निधियों के संकलन में तीव्रता और दक्षता आई है।

iv) चुनौतियों का सामाना

क) लम्बित एससीएफ–कई मामलों में ऐसा देखने में आया है कि नोडल कार्यालय ने या तो एससीएफ को दो बार अपलोड कर दिया है अथवा एससीएफ को निधियों का प्रेषण किया ही नहीं है। एनपीएस न्यास के पर्यवेक्षण और पीएफआरडीए की नियामक परिधि में टी बी एवं सीआरए इन एससीएफ का निर्धारित समयसीमा में मिलान और निर्धारण करते हैं।

ख) अप्राप्त जमा – कई बार नोडल कार्यालय नियमित रूप से समय पर निधियों का प्रेषण नहीं करते हैं। पीफआरडीए, अभिदाताओं के प्रान में गायब जमाओं के मुद्दे को संबंधित संगठनों–पीएओ के साथ लगातार इसे उठाते रहता है ताकि अभिदाता विलम्ब के कारण निवेश विकल्प का नुकसान न उठाना पड़े।

ग) अधूरे विवरण के साथ निधियों का प्रेषण – कई नोडल कार्यालय न्यासी बैंक को निधियों का प्रेषण पूर्ण विवरण जैसे पीएओ आडी, संव्यवहार आई डी इत्यादि के बिना ही कर देते हैं। न्यासी बैंक को मई 2012 से पूर्व ऐसे निधियां प्राप्त हुई, जो कि अज्ञात निधियां के रूप है जिससे नोडल कार्यालय न निधि हस्तांरण विवरण उपलब्ध करा

पाया है और न ही एससीएफ अपलोड कर पाया है। इसके निपटान हेतु पीएफआरडीए लगातार नोडल कार्यालय के सम्पर्क में है।

v) पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (न्यासी बैंक) विनियम, 2015
पीएफआरडीए (न्यासी बैंक) विनियम, 2015 को 23 मार्च 2015 को अधिसूचित किया गया है।

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (न्यासी बैंक) विनियम का उद्देश्य न्यासी बैंक के रूप में कार्य करने की ईप्सा रखने वाली संस्थाओं की योग्यता, शासन, संगठन और परिचालन के मानकों को निर्धारित करना है। विनियम, पीएफआरडीए अधिनियम की भावना के अनुरूप यह विनियम निरीक्षण, संपरीक्षा, जांच, निगरानी और प्रवर्तन शक्तियों और एक प्रभावी अनुपालन कार्यक्रम का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

3.13.7 एनपीएस अभिरक्षकः

स्टॉक होल्डींग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को वर्ष 2008 में एनपीएस के अंतर्गत डिपॉजिटरी प्रतिभागी और अभिरक्षकीय सेवाएं देने के लिए 10 वर्षों के लिए अभिरक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। एससीएचआईएल द्वारा अभिरक्षक के रूप में प्रतिवर्ष 0.0075 प्रतिशत शुल्क लिया जाता है।

3.13.8 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली – न्यास

1. एनपीएस संरचना में एनपीएस न्यास सभी आस्तियों का पंजीकृत अधिष्ठाता होता है। एनपीएस न्यास का गठन एक न्यास समझौते के माध्यम से 27 फरवरी 2008 को किया गया। न्यास, अभिदाताओं के लाभकारी हित के लिए तीन आस्तियों का प्रबंधन करता है। पीफआरडीए (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास) विनियम, 2015 को प्राधिकरण द्वारा 12 मार्च 2015 को अधिसूचित किया गया।
2. एनपीएस न्यास समझौते के प्रावधानों के अनुसार न्यासियों के जिसमें कम से कम पांच और अधिकतम 11 के द्वारा किया जाता है। इनकी नियुक्ति प्राधिकरण द्वारा की जाती है नियुक्त न्यासियों में से एक न्यासी को पीएफआरडीए द्वारा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है।
3. पीएफआरडीए उपयुक्त योग्यता और अनुभव से परिपूर्ण व्यक्ति को न्यास के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त करता है जो न्यास के दिन–प्रतिदिन होने वाले प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय कार्यों के प्रति उत्तरदायी होता है। प्रत्येक तीन कैलेण्डर महीनों में बोर्ड की एक बैठक होती है।

सारणी 3.10 31 मार्च 2014 को एनपीएस न्यास के वर्तमान न्यासी बोर्ड में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं:–

क्र. सं.	नाम	पद
1	श्री जी. एन. बाजपेयी	अध्यक्ष
2	श्री शैलेश हरिभक्ति	न्यासी
3	श्रीमती एस. पल्लवी श्रोफ	न्यासी
4	श्री प्रमोद कुमार रस्तोगी	न्यासी
5	श्री एन. डी. गुप्ता	न्यासी
6	श्री अश्विन पारेख	न्यासी

एनपीएस न्यास द्वारा एनपीएस निधियों का प्रबंधन

न्यासी बोर्ड, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत परिचालन और सेवा स्तरीय कार्यों के निरीक्षण के लिए उत्तरदायी होता है।

अभिदाताओं के विशिष्ट हितों को पूरा करने के एनपीएस न्यास के उद्देश्यों के मद्देनजर एनपीएस निधि के प्रबंधन पीएफआरडीए द्वारा निर्दिष्ट निवेश संबंधी दिशा–निर्देशों और न्यासी बोर्ड के पर्यवेक्षण के अंतर्गत किया जाता है। एनपीएस न्यास द्वारा तिमाही आधार पर पेंशन निधियों के कार्यप्रदर्शन की समीक्षा की जाती है। जब कभी भी आवश्यक हो अभिदाता के हितों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बोर्ड द्वारा उन्हें उपयुक्त निर्देश/दिशा निर्देश दिए जाते हैं।

नये घटनाक्रम और उपलब्धियां

एनपीएस के योजना खाते – एनपीएस के योजना खातों की जांच और मंजूरी का कार्य एनपीएस न्यास बोर्ड द्वारा सम्यक तत्परता से किया गया। (वित्तीय वर्ष 2013–14)

सूचना का प्रसार

- अभिदाताओं को सूचना प्रसार की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस वर्ष एनपीएस न्यास की वेबसाइट शुरूआत की गई
- अभिदाताओं के लिए एनपीएस से संबंधित उपयोगी जानकारी एक स्थान पर उपलब्ध है।
- अभिदाताओं की जानकारी और तुल्नात्मकता हेतु एनएवी विवरण, योजना के प्रतिलाभ, योजना का पोर्टफोलियो विवरण का प्रकटीकरण किया गया है।
- पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु अभिदाताओं के लिए पोर्टफोलियो विवरण का प्रकटीकरण किया गया है।

वित्तीय साक्षरता

सेवानिवृत्ति के लिए बचत हेतु योजना निमार्ण के लिए अभिदाताओं को एनपीएस न्यास वेबसाइट पर 'पेंशन गणक' की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है।

सुविधाओं का अंतराफलक

एफएक्यू, अभिदाता पंजीकरण प्रपत्र, सर्विस प्रपत्र और शिकायत दर्ज कराने और देखने जैसी सुविधाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया गया है।

एसओटी का सरलीकरण

अभिदाताओं को उपलब्ध कराई जाने वाली संव्यवहार विवरणिका में प्रतिलाभ, नामिति, और शुल्क का विवरण जैसी नई विशेषताओं को समाविष्ट किया गया है।

अभिदाता प्रपत्र

सभी सेक्टरों के अभिदाताओं के लिए सामान्य अभिदाता पंजीकरण प्रपत्र का निर्माण किया गया है।

निकास और प्रत्याहरण

विचाराधीनता को कम करने और प्रत्याहरण दावा प्रक्रिया के प्रतिवर्तन काल को घटाने के लिए सभी नोडल कार्यालयों के मध्य ऑन लाइन प्रत्याहरण प्रक्रिया को 1 अप्रैल 2015 से अनिवार्य बना दिया गया है।

3.13.9 एग्रीगेटर सहित अन्य मध्यवर्तियां

एग्रीगेटर एक मध्यवर्ती संस्था है जिन्हें अपने स्थापित समूहों के संदर्भ में एनपीएस–स्वावलम्बन के अंतर्गत अभिदाताओं के क्रिया–कलापों हेतु इंटरफेस का कार्य करने के लिए पीएफआरडीए द्वारा स्वीकृति और चिन्हित किया जाता है। पहले से विद्यमान ग्राहक आधारित सामाजिक–आर्थिक वस्तुओं/सेवाओं के कार्यकलापों से संबंधित कार्यों के लिए प्रसिद्ध संस्थाएं संकलनकर्ता होंगे। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार (रों), सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीणा बैंकों, एमएफआई, एनबीएफसी और निजी सेक्टर की संस्थाओं सहित वर्ष 2014–15 तक 76 एग्रीगेटर नियुक्त किये जा चुके हैं।

एनपीएस लाईट खाते एग्रीगेटर के माध्यम से खोले जाते हैं और अभिदाता को इसके लिए संबंधित एग्रीगेटर से सम्पर्क करने की आवश्यकता होती है। मौजूदा एग्रीगेटरों की अद्यतन सूची पीएफआरडीए की वेबसाइट www.pfrda.org.in पर उपलब्ध है अथवा अभिदाता अपने निकटतम एग्रीगेटर की जानकारी प्राप्त करने हेतु हमारे कॉल सेन्टर नं. 18001100708 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

एग्रीगेटर के कार्य:

i) अपने संघटित समूहों के सदस्यों के मध्य एनपीएस और वृद्धावस्था आय सुरक्षा की आवश्यकता के बारे में प्रचार करना ।

ii) संभावित एनपीएस अभिदाताओं के संदर्भ में एएमएल/सीएफटी अपेक्षाओं के अंतर्गत निर्धारित 'अपने ग्राहक को जाने' अपेक्षाओं की पूर्ति करना

iii) निर्धारित समय सीमा में निधि और आंकडों को अपलोड करने संबंधी दायित्व का निर्वाह करना।

iv) अभिदातों से अंशदान का संकलन और इसे न्यासी बैंक को भेजना सुनिश्चित करना।

v) अपने अधीनस्थ अभिदाताओं को एनपीएस लाइट के अंतर्गत निर्धारित सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

vi) अभिदाताओं से प्राप्त शिकायतों का प्रबंधन करना और उनका निपटान करनाा।

vii) अभिदाताओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पीएफआरडीए द्वारा उन्हें प्रदत्त कोई अन्य दायित्व का निर्वाह करना।

अध्याय–4

पीएफआरडीए द्वारा की जाने वाली अन्य गतिविधियां

4.1 पेंशन सलाहकार समिति

पीएफआरडीए अधिनियम के अनुच्छेद 45 में प्राधिकरण को विनियमों के निमार्ण अथवा उससे संबधित मुद्दों हेतु परामर्श देने के लिए कर्मचारियों, संगठनों, अभिदाताओं, वाणिज्य एवं उद्योग, पेंशन शोध से जुड़े संगठनों और मध्यवर्तियों के प्रतिनिधित्व वाली एक पेंशन सलाहकार समिति के गठन का प्रावधान किया गया है। प्राधिकरण ने अनुलग्नक–। यथा शामिल लोगों के साथ 19 सितम्बर 2014 से प्रभावी एक पेंशन सलाहकार समिति का गठन किया। इस वर्ष के दौरान पेंशन सलाहकार समिति की नई दिल्ली में 7 नवम्बर, 2014, 17 नवम्बर 2014 और 9 दिसम्बर 2014 को बैठकें हुई।

4.2 विनियम निमार्ण और संशोधन

पीएफआरडीए अधिनियम के अनुच्छेद 52 प्राधिकरण को पीएफआरडीए अधिनियम के प्रावधानों को कार्यान्वित करने हेतु विनियम और नियमों का निर्माण करने की शक्ति प्रदान करता है। तदनुसार, पीएफआरडीए ने पीएफआडीए को प्रदत्त संवैधानिक कार्यों और विभिन्न मध्यवर्तियों के संबंध में 14 विनियमों का निर्माण किया है। उनमें से 9 को वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान अधिसूचित किया गया।

i) पीएफआरडीए (न्यायनिर्णायक अधिकारी द्वारा जांच की प्रक्रिया) विनियम 2015
ii) पीएफआरडीए (प्राधिकरण के अधिवेशनों की प्रक्रिया) विनियम 2015
iii) पीएफआरडीए (पेंशन सलाहकार समिति की बैंठकें) विनियम 2015
iv) पीएफआरडीए (अभिदाता शिक्षा और संरक्षण निधि) विनियम 2015
v) पीएफआरडीए (अभिदाताओं की शिकायत का निवारण) विनियम 2015
vi) पीएफआरडीए (उपस्थिति अस्तित्व) विनियम 2015
vii) पीएफआरडीए (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास) विनियम 2015
viii) पीएफआरडीए (न्यासी बैंक) विनियम 2015
ix) पीएफआरडीए (संकलनकर्ता) विनियम 2015

विनियमों अनुसार मध्यवर्तियों के रजिस्ट्रीकरण की शुरूआत की जा चुकी है।

4.3 एनपीएस और अन्य पेंशन योजनाओं से संबंधित अन्य गतिविधियां

न्यूनतम गारंटीयुक्त पेंशन प्रदान करने वाली और एनपीएस स्वाबलम्बन योजना के संशोधित संस्करण के रूप में अटल पेंशन योजना के शुरूआत के परिणामस्वरूप एनपीएस–लाईट/स्वावलम्बन योजना के अंतर्गत नये नामांकन/पंजीकरण पर 1 अप्रैल, 2015 से रोक लगा दी गई है।

47.29 करोड़ देश की श्रमिक आबादी के लगभग 88 प्रतिशत भाग के रूप में असंगठित कामगारों की वृद्धावस्था आय सुरक्षा को ध्यान रखते हुए और उनकी सेवानिवृत्ति के लिए उन्हें स्वैच्छिक बचत के लिए प्रोत्साहित करने तथा देश को पेंशन रहित समाज से पेंशनयुक्त समाज की ओर अग्रसर करने के लिए अटल पेंशन योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना की घोषणा 2015 के बजट में की गई और 9 मई 2015 को इस योजना का शुभांरभ माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया।

एपीवाई की मुख्य विशेषताएं

i. 18 से 40 वर्ष की आयु समूह का कोई भी भारतीय नागरिक अपने बचत बैंक खाते के जरिये एपीवाई में शामिल हो सकता है।

ii. अभिदातों के लिए रूपये 1000 से रूपये 5000 तक की न्यूनतम गारंटीयुक्त मासिक पेंशन

iii. 1 जून 2015 से 31 दिसम्बर 2015 के बीच इस योजना में शामिल होने वाले योग्य अभिदाताओं के खाते में भारत सरकार भी पांच वर्षों के लिए कुल अंशदान का कम से कम 50 प्रतिशत और अधिकतम रूपये 1000 प्रति वर्ष का सह–अंशदान करेगी।

iii. सरकारी सह–अंशदान उन अभिदाताओं के लिए उपलब्ध है जो आयकर प्रदाता नहीं है और किसी अन्य संवैधानिक सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभांवित नहीं है।

iv. अभिदाताओं को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर रूपये 1000 से रूपये 5000 तक की न्यूनतम गारंटीयुक्त मासिक पेंशन

v. अभिदाता की मृत्यु होने पर पति/पत्नी को समान पेंशन राशि मिलेगी

vii. अभिदाता और पति/पत्नी दोनों की मृत्यु होने पर किये अंशदान के आधार पर रूपये 1,70,000 से रूपये 8,50,000 की संचित पेंशन राशि का भुगतान नामिति को किया जाएगा।

अध्याय–5

संगठनात्मक विषय

5.1 पीएफआरडीए बोर्ड का गठन

पीएफआरडीए अधिनियम का अनुच्छेद 4, एक अध्यक्ष और तीनपूर्ण–कालिक सदस्यों और तीन अंश–कालिक सदस्यों, जिनकी नियुक्ति केन्द्र सरकार द्वारा की जाएगी, के संयोजन से प्राधिकरण के गठन की व्यवस्था करता है। 31.03.2015 को प्राधिकरण की संरचना इस प्रकार है:

(i) अध्यक्ष

2014 में पीएफआरडीए अधिनियम के अधिसूचित होने के पश्चात श्री हेमंत जी. कान्ट्रेक्टर, संवैधानिक संस्था पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के प्रथम अध्यक्ष हैं। 7 अक्टूबर 2014 को उनकी नियुक्ति हुई। पीएफआरडीए में नियुक्ति से पूर्व वे बैकिंक क्षेत्र में कार्यरत थे, 1974 में वे भारतीय स्टेट बैंक में परीवीक्षा अधिकारी के रूप में नियुक्त हुए।

7 अक्टूबर 2014 से पूर्व श्री आर. वी. वर्मा, पूर्ण कालिक सदस्य (वित्त) ने 23 मई 2014 से पीएफआरडीए के कार्यवाहक अध्यक्ष का पदभार संभाला।

(ii) पूर्ण–कालिक सदस्य

1. श्री आर. वी. वर्मा, पूर्ण कालिक सदस्य (वित्त), 13.05.2014 से निवर्तमान
2. डॉ. बी. एस. भण्डारी, पूर्ण कालिक सदस्य (अर्थशास्त्र), 16.05.2014 से निवर्तमान

(iii) अंश–कालिक सदस्य

1. सुश्री सुधा कृष्णन, संयुक्त सचिव, व्यय विभाग , 3 दिसम्बर 2012 से 12 सिम्बर 2014 तक
2. डॉ. अनूप वधावन, संयुक्त सचिव (पी एण्ड आई) वित्तीय सेवाएं विभाग और अंशकालिक सदस्य, पीएफआरडीए (25 जुलाई 2013 से 30 जनवरी 2015 तक) और 13 नवम्बर 2013 से 16 मई 2014 तक पीफआरडीए के अध्यक्ष (समवर्ती प्रभार) के रूप में भी कार्यरत रहे।
3. सुश्री वंदना शर्मा, संयुक्त सचिव, पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग 12 दिसम्बर से निवर्तमान
4. श्री एन्नी जार्ज मैथ्यू, संयुक्त सचिव, व्यय विभाग 12 दिसम्बर से निवर्तमान
5. डॉ. शशांक सक्सेना, अर्थशास्त्र सलाहकार, वित्तीय सेवाएं विभाग, 30 जनवरी 2015 से निवर्तमान

5.2 प्राधिकरण की बैठकें

प्राधिकरण के परिचालन के माध्यम से निर्धारित मुद्दों सहित वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान प्राधिकरण की ग्यारह बैठके हुईं।

23 अप्रैल, 2014 को प्राधिकरण की 33 वीं बैठक हुई
16 मई 2014 को प्राधिकरण की 34 वीं बैठक हुई
23 मई, 2014 को प्राधिकरण की 35 वीं बैठक हुई
6 जून, 2014 को प्राधिकरण की 36 वीं बैठक हुई
21 जुलाई, 2014 को प्राधिकरण की 37 वीं बैठक हुई
परिचालन के माध्यम से प्राधिकरण की 38 वीं बैठक
परिचालन के माध्यम से प्राधिकरण की 39 वीं बैठक
8 दिसम्बर, 2014 को प्राधिकरण की 40वीं बैठक हुई
27 जनवरी , 2015 को प्राधिकरण की 41वीं बैठक हुई
20 फरवरी , 2015 को प्राधिकरण की 42 वीं बैठक हुई
परिचालन के माध्यम से प्राधिकरण की 43 वीं बैठक हुई

पीएफआरडीए अधिनियम के अनुसार विनियमों कों अंतिम रूप देने का निर्णय बोर्ड की बैठकों के दौरान लिया गया।

5.3 सूचना तकनीक

